वर्ष-31, अंक- 211, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
19 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### पोप लियो 14वें ने किया पदग्रहण



**रांची।** संत पेत्रुस महागिरजाघर रोम में पोप लियो 14वें ने रविवार (18 मई 2025) को अपनी प्रेरिताई का उद्घाटन किया। इस धर्मविधि ने संत पेत्रुस और उनकी शहादत के साथ संबंध स्थापित किया, जो रोम के कलीसिया के आधार बने। पोप लियो 14वें के पदग्रहण के इस समारोह में उन्हें पालियुम और मछुआरे की अंगूठी प्रदान की गई। कैथोलिक कलीसिया में इन प्रतीक चिह्नों का विशेष महत्व होता है। पालियुम एक धार्मिक परिधान है, जो खोई हुई भेड़ को कंधे पर उठाने वाले चरवाहे के प्रतीक के रूप में पहनाया जाता है। इसे छह काले क्रूसों से सजाया गया है, जो प्रभु के क्रूस की याद दिलाते हैं। वहीं, मछुआरे की अंगूठी पेत्रुस की विश्वास की मुहर है, जिसे उन्होंने येसु के आदेश पर मछलियां पकड़ी थीं। धर्मविधि की शुरुआत संत पेत्रुस महागिरजाघर में हुई, जहां पोप ने संत पेत्रुस की कब्र पर प्रार्थना की। इसके बाद, उन्होंने सुसमाचार और धर्मविधि के माध्यम से पोप के आधिकारिक कार्य का उद्घाटन किया। समारोह के अंत में, पोप ने सभा को आशीर्वाद दिया और यह प्रार्थना की कि ईश्वर कलीसिया को प्यार, एकता और कृपा में सुदृढ़ करें।

# पत्नी ने पति की हत्या कर शव को शौचालय की टंकी में डाला

● हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद, पत्नी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के गरिहारा गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद मारपीट में पति की मौत हो जाने के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए पत्नी ने पति के शव को शौचालय के टंकी में डाल दिया। मामले की जानकारी मिलने के पर रविवार को पांकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बुधन उरांव व उसकी पत्नी ललिता देवी के बीच तीन दिन पूर्व गुरुवार की रात्रि मारपीट हुई थी। इस दौरान पति ने पत्नी की पिटाई कर कई जगह दांतों से काटा। बचाव के दौरान महिला ने पति को धक्का दे दिया, इससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच पत्नी ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया जिससे उसकी जान चली गई। घटना के बाद शव को छिपाने के लिए शौचालय के टंकी में डाल दिया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर लिया गया है। पति-पत्नी के बीच हुई मारपीट में पति की मौत होने शव को शौचालय के टंकी में डालने की मामले की पुष्टि हुई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

दुश्मन को नाको चने चबवा दिया

# हमें सेना और सरकार की सराहना करनी होगी

भारतीय सेना और उनके उच्च तकनीकी युद्ध कौशल को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे हम भारतवासी सीमा पर दुश्मन को नाको चने चबवा रहे हैं। देश की सुरक्षा जिस उच्च तकनीक से सुनिश्चित की गई, वह आज के समय की आवश्यकता है। सेना के इस रिहर्सल से दिल को बहुत तसल्ली मिली और इसके लिए हमें अपनी सेना तथा सरकार की सराहना करनी होगी। इसे रिहर्सल ही कहना उचित होगा, क्योंकि वास्तव में यह तो युद्ध था ही नहीं। युद्ध में तो दोनों तरफ से सैनिक लड़ते हैं। यहां तो दुश्मन कहीं नजर ही नहीं आ रहा था। एक ही प्रहार में दुश्मन बिल में छिप गया था।



लाल विजय शाहदेव, फिल्म निमार्ता एवं निर्देशक।

जेएससीए के नए अध्यक्ष होंगे अजय नाथ शाहदेव, कहा-

# झारखंड प्रीमियर लीग कराएंगे जेएससीए को और मैच मिलेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) को रविवार को नया अध्यक्ष मिल गया है। अजय नाथ शाहदेव को जेएससीए का नया अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कई जगहों पर पटाखे फोड़े गए और मिठाइयां बांटी गईं। 'द टीम' के अजय नाथ शाहदेव ने चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बेहरा गुट को भारी अंतर से हराया। इस चुनाव में अन्य प्रमुख पदों पर भी नए चेहरों ने जीत दर्ज की है। सचिव सौरभ तिवारी, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, संयुक्त सचिव शहबाज नदीम और कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष। उल्लेखनीय है कि जेएससीए के चुनाव में दो ग्रुप अजय नाथ शाहदेव और एसके बहेरा ग्रुप ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। अजय नाथ शाहदेव ग्रुप जहां खुद के प्रभाव और काम को लेकर मैदान में था, वहीं एसके बहेरा ग्रुप को झारखंड पुलिस के आईजी अखिलेश झा और शेष पेज 11 पर



अमिताभ सर का सपना करेंगे पूरा

## अजय शाहदेव के नेतृत्व में क्रिकेटको मिलेगी नई ऊंचाई : सुदेश महतो

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के चुनाव में अजय नाथ शाहदेव को अध्यक्ष तथा सौरभ तिवारी को सचिव पद पर निर्वाचित होने पर बधाई दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में झारखंड क्रिकेट को एक नई ऊंचाई हासिल होगी। उन्होंने अजय शाहदेव की टीम के अन्य सदस्यों के भी विभिन्न पदों पर निर्वाचित होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड क्रिकेट जगत की पूरे देश में एक अलग पहचान है।

### प्रवीण प्रभाकर ने दी बधाई

रांची। आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी अजय नाथ शाहदेव और सौरभ तिवारी को जेएससीए का क्रमश: अध्यक्ष एवं सचिव चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को एक नया आयाम देने में अपनी भूमिका निभाने के लिए उनकी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

### यह जीत सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की है : शाहदेव

जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय शाहदेव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जीत अमिताभ सर की सोच की है। हम लो प्रोफाइल थे, पर हमारे साथ क्रिकेट प्लेयर्स थे और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के तौर पर कार्य कर चुके लोग थे। हमारे साथ जो भी लोग थे, उन्होंने क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है। जेएससीए के लिए यह इमोशनल डे है। यह जीत हम सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की है। हम पर मेंबर्स ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। अमिताभ सर को नमन करता हूं, जिन्होंने इस स्टेडियम को बनाने और क्रिकेट को झारखंड में बढाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। उनसे बड़े लोगों और संस्थाओं की लड़ाई हुई, मुकद्दमे हुए, पर एशोसिएशन को कभी नहीं छोड़ा। हम लोग बिना डरे जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ाने और झारखंड के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी न हो नेशनल, आईपीएल यहां के खिलाड़ी खेलें और अवसर की कमी न हो, बाहरी खिलाड़ियों की घुसपैठ की शिकायत न हो, इसके लिए काम करेंगे। झारखंड प्रीमियर लीग शुरू करेंगे। जेएससीए को और अधिक मैच मिले, इसके लिए काम करेंगे।

# सीएम सोरेन ने नेमरा में दिवंगत जगदीश सोरेन को दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल डेस्क

रांची/रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को अपने पैतृक गांव नेमरा में जगदीश सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा एवं अन्त्येष्टि संस्कार में भी सम्मिलित हुए। वे रामगढ़ जिला स्थित पैतृक गांव नेमरा सपरिवार गए थे।

● रिश्ते में मुख्यमंत्री के चाचा लगते थे जगदीश सोरेन

ज्ञात हो कि दिवंगत जगदीश सोरेन रिश्ते में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चाचा लगते थे। वे राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चचेरे भाई थे। विगत 17 मई 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# पेरवांघाघ जलप्रपात में डूबे रिम्स के चार छात्र

नवीन मेल डेस्क

● एक की हालत गंभीर, रिम्स रेफर, अन्य छात्रों की स्थिति सामान्य

**रांची/खूंटी।** खूंटी जिले के प्रसिद्ध पेरवांघाघ जलप्रपात के पानी में रविवार को रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के चार छात्र डूबने लगे। उनके दोस्तों ने किसी तरह उन्हें गहरे पानी से निकाला। चारों छात्रों में अभिषेक माइकल खलखो की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया है। वहीं, पानी में डूबे अन्य छात्रों कीर्तिबर्द्धन मुंडा, अजय मोदी तथा जासुआ टोप्पो का इलाज रेफरल अस्पताल तोरपा में किया गया। तीनों छात्रों की स्थिति सामान्य है।जानकारी के अनुसार रविवार को रिम्स के 26 मेडिकल छात्र पिकनिक मनाने पेरवांघाघ जलप्रपात गए थे। वहां सभी छात्र जलप्रपात के पानी में नहाने चले गए। नहाने के क्रम में अभिषेक माइकल खलखो, कीर्तिबर्द्धन मुंडा, जासुआ टोप्पो तथा अजय मोदी गहरे पानी में डूबने लगे। उनके दोस्तों ने उन्हें किसी तरह पानी से निकाला। गंभीर स्थिति में अभिषेक माइकल खलखो को तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर रिम्स के कई विशेषज्ञ चिकित्सक खूंटी पहुंचे और अत्यंत गंभीर स्थिति में अभिषेक माइकल खलखो को रिम्स ले गए।

## निशिकांत और विद्युत वरण को मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के दो सांसदों को उत्कृष्ट संसदीय कार्य प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इनमें सांसद निशिकांत दुबे और सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हैं। निशिकांत दुबे गोड्डा से भाजपा सांसद हैं, जबकि विद्युत वरण महतो जमशेदपुर से भाजपा सांसद हैं। ज्ञात हो कि यह तीसरी बार है, जब विद्युत वरण महतो को इस सम्मान के लिए चुना गया है। निशिकांत दुबे और विद्युत वरण महतो की इस उपलब्धि पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है।संसद रत्न पुरस्कार समिति ने रविवार को संसद रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा की है।

शेष पेज 11 पर

गुमला में गैस रिसाव से बड़ा हादसा

## पत्नी की मौत, पति रिम्स आईसीयू में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता



गुमला सदर थाना क्षेत्र के दुंदुरिया बस्ती में रविवार सुबह रसोई गैस रिसाव से बड़ा हादसा हो गया। गैस सिलिंडर से रिसाव के कारण लगी आग से झुलसकर 48 वर्षीय गौरी उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जबकि उनके पति 58 वर्षीय रंथू उरांव गंभीर रूप से झुलस गए हैं और रिम्स के आईसीयू में भर्ती हैं। घटना सुबह सुबह उस वक्त हुई जब दंपति ने गैस सिलिंडर से रिसाव देखा। पत्नी चूल्हा जलाकर नाश्ता बनाने लगी, जबकि पति रिसाव जांचने लगे। तभी जैसे ही माचिस जलाई, सिलिंडर में आग लग गई और दोनों चपेट में आ गए। आग की लपटों से घर का छप्पर फट गया और पास के इमली के पेड़ में भी आग लग गई। गंभीर रूप से झुलसे दंपति को पहले सदर अस्पताल और फिर रिम्स भेजा गया।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# कमर तो तोड़ दी पर आतंकवाद के आकाओं से निर्णायक युद्ध शेष है


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सोशल मीडिया से लेकर वोट की राजनीति करने वाले कभी देशभक्ति की तो कभी पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजाने की बात कर रहे हैं पर ऑपरेशन सिंदूर पर विराम लगने के बाद कई सवाल अनुत्तरित रह गए जिस पर भी चर्चा हो रही है कि आतंकी पाकिस्तान को छोड़ क्यों दिया गया ? भारत ने बहुत ही अच्छी रणनीति और युद्ध कौशल का परिचय देते हुए पाकिस्तानी दुस्साहस का भरपूर जवाब दिया भारत ने इसका भी ख्याल रखा कि निर्दोष पाकिस्तानी नागरिकों को कोई बड़ी क्षति न पहुंचे या उनकी जान न जाए। उकसावे के बावजूद भारतीय बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए भी लगातार संयम बरता। 10 मई को ऑपरेशन सिंदूर पर अस्थायी रोक के पहले और बाद भी पाकिस्तान ने चेतावनी का उल्लंघन किया जिसका करारा जवाब दिया गया। भारत ने स्पष्ट किया कि यदि सीमा पार से शत्रुतापूर्ण कार्रवाई होती है तो अभियान फिर से शुरू किया जाएगा। युद्ध की पूरी संभावना के बीच विराम पर भारतीय और वैश्विक रक्षा विशेषज्ञ अलग-अलग अटकलें लगा रहे हैं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहकर इस विवाद को तूल दिया कि उन्होंने संघर्ष विराम की पहल करके दोनों ओर के लाखों लोगों की जान बचाई है फिर मुकर भी गए। झूठे दुष्प्रचारों की पोल खुली और प्रतिदिन नए खुलासों में पाकिस्तान की बर्बादी दिख रही है और दुनिया ने देखा कि वरिष्ठ पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी सैन्य वर्दी में आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और मारे गए आतंकवादियों को पूर्ण राजकीय सम्मान दिया गया। पिछले कई दशकों से पाकिस्तान कहता रहा है कि आतंकवादी तत्वों से सरकार का सरोकार नहीं वे स्थानीय जिहादी हैं, लेकिन पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का वर्दी में उनके अंतिम संस्कार में शामिल होना और उन्हें राजकीय सम्मान देना सच्चाई का सबूत है। इतने सबूतों के बाद भी पाकिस्तान को विश्व समुदाय की तरफ से कोई प्रतिरोध नहीं होने का भरोसा क्यों है इसको समझना चाहिए। क्या आश्चर्य की बात नहीं है कि विश्व के किसी भी मंच से चाहे वह संयुक्त राष्ट्र हो या अमेरिका/ब्रिटेन/



ऑस्ट्रेलिया या कोई अन्य देश, पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के प्रति इस दोस्ताना रवैए पर कोई निंदात्मक बयान नहीं आया है। इसके उलट तुर्किए और अजरबैजान ने पाकिस्तान को समर्थन देना जारी रखा। यही नहीं आईएमएफ ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज दिया। सच है कि वर्चस्व की चाह वाले बड़े हथियार विक्रेता देशों की चाल भारत को युद्ध में उलझाकर खोखला करने की है पर हमने अभी सिर्फ आतंकवादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है, आतंकी नेतृत्व को जड़ से उखाड़ना शेष है। साबित हुआ कि हमारी सैन्य सुरक्षा में कोई कमी नहीं है पर नियंत्रण रेखा पर वायु रक्षा ग्रिड और घुसपैठ रोधी ग्रिड को सक्रिय रखने की आवश्यकता है। आश्चर्य नहीं यदि वे पूर्व की तरह अपने आकाओं की अवहेलना करें और स्वयं घुसपैठ का प्रयास करें। पाकिस्तान भारत में अपने स्लीपर सेल को सक्रिय कर सकता है। भारत की समुद्री तटरेखा के साथ-साथ नेपाल और बांग्लादेश सीमाओं का बेहतर प्रबंधन विशेष जरूरी है, ताकि आतंकियों के भारत में पहुंचने के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके।ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित नागरिक सुरक्षा उपायों को जो गति मिली है, उसे जारी रखना चाहिए। जिला और राज्य स्तर पर नियमित रूप से समय-समय पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास और कार्रवाइयां पूरी तत्परता से की जानी चाहिए। सिंधु जल संधि को निलंबित रखा जाना चाहिए ताकि पाकिस्तान के लोग समझें कि ऐसा उनके मुल्क के आतंकवादी प्रकृति के कारण हुआ है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब करने की जरूरत है, जिसमें आतंकवादी समूह द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) की आतंकवादी गतिविधियों के बारे में यूएनएससी 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को शामिल करना और उन्हें वैश्विक आतंकवादी समूहों की सूची में शामिल करने की मांग करना शामिल है। अन्य देशों के अलावा, तुर्किए और अजरबैजान जैसे दुश्मन के मित्र देशों को यह एहसास कराया जाना चाहिए कि पाकिस्तान के युद्ध-प्रयासों का समर्थन करने पर भारत के साथ उनके प्रत्यक्ष व्यापार और कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय जनता ने पहले ही इन देशों के गंतव्यों और वस्तुओं का बहिष्कार शुरू कर दिया है और इसके संकेत जमीन पर दिखाई देने लगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर खैबर पख्तुनख्वा, बलूचिस्तान, सिंध या गिलगित-बाल्टिस्तान में पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों को उजागर करने का अवसर दिया है। वहां के लोगों का नैतिक रूप से समर्थन करना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा निर्यात किए जाने वाले आतंक का खात्मा शुरू हो चुका है। अब गेंद पाकिस्तान के लोगों के पाले में है कि वे अपने राजनीतिक, सेना और आतंकवादी गठजोड़ के नेतृत्व के असली नापाक इरादों को समझें। अगर इस घृणित गठजोड़ ने सीमाओं का उल्लंघन किया, तो पाकिस्तान का विनाश निश्चित है क्योंकि तब कोई भारत को रोक नहीं पाएगा। भारत का पक्ष मजबूत होगा कि उसने आतंकवाद के खात्मे की लड़ाई लड़ी जिससे विश्व जूझ रहा है। भारत के चंद प्रचार के भूखे सिरफिरों को छोड़कर सभी एक हैं और यही इसकी ताकत है।

## बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है किशोर न्याय अधिनियम : अन्नपूर्णा

नवीन मेल डेस्क


● केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री ने की विशेष परामर्श बैठक की अध्यक्षता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित न्यायिक अकादमी में रविवार को किशोर न्याय अधिनियम और इससे संबंधित कानूनों पर एकदिवसीय विशेष परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य किशोर न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और न्यायपूर्ण बनाने के लिए हितधारकों के बीच संवाद स्थापित करना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की। झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थीं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर कहा, जब हम हर बच्चे को न्याय, संरक्षण और सम्मान देते हैं, तभी एक संवेदनशील और सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। किशोर न्याय अधिनियम इसी दिशा में एक सशक्त कदम है। यह न केवल बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें पुनर्वास एवं पुनर्संवर्धन के माध्यम से गरिमामयी जीवन की ओर अग्रसर करता है। कार्यक्रम में बाल न्यायालयों के न्यायाधीशों, प्रधान मजिस्ट्रेटों, किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी कल्याण (सीडब्लूसी) के सदस्यों, विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) के अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) के पदाधिकारी सहित अनेक महत्वपूर्ण हितधारकों की उपस्थिति रही।

शेष पेज 11 पर

# अमानत पुल के समीप युवक का शव बरामद





**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** थाना अंतर्गत अमानत नदी पुल के किनारे सुबह एक शव बरामद किया गया है। पंडवा थाना की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान निमिया निवासी रंजीत कुमार पिता राजन मेहता के रूप में हुई है। हत्या की आशंका जमीन विवाद को लेकर जताई जा रही है। पंडवा थाना प्रभारी ने बताया की हत्या मे संलिप्त लोगों के ऊपर अग्रेतर करवाई की जा रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ने सफल होगी।

**जमीन विवाद में हत्या की आशंका**

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो व्यक्ति घायल

**आक्रोशित ग्रामीणों नें किया सड़क जाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह में शनिवार की शाम हाई टेन्शन तार ( 11 हजार) 440 तार पर गिर गया। तार गिरते ही 440 वोल्ट तार में 11 हजार वोल्ट बिजली प्रवाहित होने लगा। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते उनके घर में लगे बिजली मीटर,स्टेबलाइजर, पंखा, कूलर, फ्रीज सभी धू धू कर जलने लगा।इस दौरान राकेश ओझा पिता परमानन्द ओझा गंभीर रूप से जल गया। दूसरे व्यक्ति बागे मोहम्मद पिता रज्जाक अंसारी बिजली के झटके से दूर जाकर गिरा, जिससे उसका हाथ टूट गया। आक्रोशित ग्रामीणों नें रविवार को सुबह 7.30 बजे मेदिनीनगर गढ़वा मुख्य पथ को जाम कर दिया। ग्रामीण बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को बुलाने, पुराने तार तत्काल बदलने और मुआवजे की मांग पर अड़े थे। करीब दो घंटे बाद विधायक आलोक चौरसिया को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जब कार्यपालक अभियंता को ग्रामीणों की समस्या को सुनने और उसे दूर करने का निर्देश दिया। उसके बाद इस क्षेत्र के कनीय अभियंता सुधीर बांडो को घटना स्थल पर पहुंचअकर ग्रामीणों की सभी मांग पर सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की अश्वासन के बाद करीब तीन घंटे बाद जाम को हटा। जाम से दोनो तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी, जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस घटना से करीब 70-75 घरों के बिजली उपकरण खराब हो गए। ग्रामीणों नें बताया कि पिछले 7 मई को भी बिजली का तार गिरा था। उसके बाद बिजली विभाग द्वारा तार बदलने का अश्वासन दिया गया था, पर विभाग द्वारा सिर्फ तार जोड़कर छोड़ दिया गया था। सड़क जाम करने वालों में प्रेम शंकर तिवारी, प्रेमचंद शुक्ला, संजीत कुमार, राजेश कुमार तिवारी, दीपक नाथ शुक्ला, अभिनव ओझा, आनंद ओझा, राजेश कुमार, जगन्नाथ महतो, मुन्ना पांडेय सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# बस पड़ाव का उपयोग नहीं होने से नहर चौक पर अव्यवस्था का आलम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जिला परिषद के सौजन्य से निर्मित बस पड़ाव का उपयोग नहीं होने से स्टेशन रोड में नहर चौक पर प्रतिदिन कुछ समय तक अव्यवस्था फैली रहती है। इसका खास कारण लोगों ने बसों को यत्र-तत्र खड़ी कर सड़क को संकीर्ण बना देना बताया है। ऑटो स्टैंड की वजह से भी ऐसी समस्या उत्पन्न होती है। जब ट्रेन से उतरकर गांव और गंतव्य स्थल पर जाने के लिए यात्री वहां पहुंचते हैं, तो उन्हें बैठाने को लेकर अक्सर बस एजेंट और ऑटो चालकों के बीच तू-तू-मैं-मैं होती रहती है। इससे राहगीरों की भी परेशानी बढ़ जाती है। भीड़भाड़ के कारण पुल के संकरा मुहाने की वजह से उसे आर-पार करने में बाइक व अन्य वाहनों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है। जोखिम भी उठानी पड़ती है। इस प्रकार देखा जाता है कि स्टेशन रोड में जाम मुक्त आवागमन व्यस्थित करना बड़ी जरूरत बन गई। इसे देखते हुए लोगों ने साप्ताहिक बाजार के समीप के पड़ाव को उपयोगी बनाने की जरूरत बताया और कहा कि वहां बसों का ठहराव सुनिश्चित कर नहर चौक पर फैली अव्यवस्था की इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

# बेहतर चिकित्सा के नाम पर सरकार का बह रही सरकारी राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सूबे के सरकारी अस्पतालों में मरीजों के बेहतर इलाज व इनके नाम पर आपूर्ति की जा रही दवा स्टोर में ही सड़ गल जा रहे हैं। इन दवाओं की वैद्यता खत्म होने के बाद इसे कचरे तक फेंका भी जाता रहा है। उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, शहनाज परवीन, नाजमा खातून व कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, गुलशन आरा, शैलू जायसवाल व फरहाना खातून ने सामूहिक रुप से कहा कि राज्य के मरीजों के नाम पर स्वास्थ्य विभाग में इतना झोल बढ़ा है कि इनकी ही दवा की गुणवत्ता की जांच ड्रग इंस्पेक्टर के पत्र के देने के चार माह बाद भी हो सकी है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के नाम करोड़ों रुपये सरकारी पैसों को बहाया जा रहा है। जबकि व्यय की गई राशि का का लाभ शत प्रतिशत मरीजों को नहीं मिल पाता है। अंततः नतीजा आता है कि इन दवा की वैद्यता समाप्त होने के बाद कचरे में फेंकवाना पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि प्रायः सभी अस्पतालों में स्लाईन व अन्य दवाओं के स्टोर में रहते मरीजों के परिजनों से खुले बाजार से मंहगे दर पर क्रय कर मंगाया जाता है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से जनहित में इस विभाग में विभिन्न मदों से हो रही सरकारी राशि की लूट पर तत्काल रोक लगाने व दोषी अधिकारियों व कर्मियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा ही लूट का खेला मरीजों को सुविधा देने के नाम पर ममता वाहन व एंबुलेंस संचालकों द्वारा चिकित्सकों की मिलीभगत से किया जा रहा है।



# विधिक जागरूकाता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड कार्यालय जिला विधिक प्राधिकरण पलामू की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर शंभू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार उपस्थित थे। शिविर में लाभुकों को विधिक संबंधी जानकारी, उनके अधिकार और समाज में चल रही योजनाओं को प्रत्येक जरूरतमंद तक लाभ पहुंचने की जानकारी दी गई। लोगो को सूचना का अधिकार 2005 के तहत मांगी जाने वाली सूचना का अधिकार ,थाना में किसी भी तरह शिकायत दर्ज कराने का अधिकार की जानकारी दी गई। शिविर में लाभुकों को आवास स्वीकृति के पांच पत्र, पेंशन स्वीकृति के छह, मनरेगा के लाभुकों को जाब कार्ड वितरण जेएसएलपीएस द्वारा 60 लाख चेक का वितरण किया गया।

# सोन नदी से बिहार के युवक का शव बरामद दूसरा शव नौहट्टा थाना क्षेत्र से बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के बुधूआ सोन नदी से पलामू पुलिस, रोहतास पुलिस, एनडीआरएफ टीम के संयुक्त रेस्क्यू कर एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान रोहतास जिला के नौहट्टा थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी सतेंद्र शर्मा का पुत्र रितेश कुमार 18 के रूप में की गयी है। देवरी ओपी ने उक्त शव को नौहट्टा पुलिस को सुपुर्द कर दिया। एक और शव की खोज जारी है। बताया जाता है कि नौहट्टा थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के लोग एक महिला की अंतिम संस्कार के लिये सोन और कोयल नदी के नवारा संगम स्थल के समीप ज्ञान घाट पर आए थे। अंतिम संस्कार के बाद पांच लोग नदी में नहाने के क्रम में डूबने लगे, जिसमें एक डूबने से मौत हो गयी, वहीं दो लोगों को बचा लिया गया। अन्य दो लोगों का शव बरामद नहीं हो पाया था। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि रविवार को रितेश कुमार शर्मा का शव देवरी ओपी क्षेत्र के बुधुआ गांव के समीप सोन नदी से बरामद किया गया। लापता नागेश्वर शर्मा के पुत्र रंजन शर्मा (20 ) की शव को नौहट्टा पुलिस एनडीआरएफ की टीम लौटने के क्रम में बरामद कर लिया है।



# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली व झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में बच्चों, विधवा,दिव्यांगों, महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, समुदाय व वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन सिविल जज मनोरंजन कुमार, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ,प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में सिविल जज मनोरंजन कुमार ने कहा कि विधिक सेवाएं सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए। आपको आपके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। यह बताया जाए कि देश का कानून क्या है। आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है और अगर आपको किसी विषय पर कानूनी सहायता की जरूरत है तो इसके लिए हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिन-रात कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकारों को समझें। इसके प्रति जागरूक हो और किसी तरह की समस्या आने पर निःसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आएं। इस शिविर का उद्देश्य यह भी है कि सरकार द्वारा जो महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं व जिसकी जानकारी लोगों को नहीं है उन्हें इस शिविर के माध्यम से जागरूक किया जाए, ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति उस योजना से अवगत हो उसका लाभ उठा सके। शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पेंशन योजना, धोती साड़ी योजना, अन्न योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। इस दौरान मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, मुखिया प्रेम प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रियाज अनवर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# शहरी क्षेत्रों में नाली का कीचड़ सड़क पर ही निकाल कर छोड़ दिये जाने से लोगों की परेशानी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों में नाली का गंदगी निकाल कर छोड़ देने के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। हुसैनाबाद में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस गंदगी से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गई हैं। नाली का कीचड़ निकाल कर सड़क पर ही एक सप्ताह से छोड़ दिया गया है lलेकिन गंदगी यथावत बनी हुई है। शहरी क्षेत्र के इस्लामगंज, खगड़िया मुहल्ला, कुर्मी टोला, गांधी चौक पर गंदगी के दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। सब्जी बाजार इसी मुख्य सड़क पर लगता है। सड़ी- गली सब्जियां भी दुकानदार सफाई के बाद भी मुख्य सड़क पर ही फेंक देते हैं। शहर में प्रतिदिन पांच से सात ट्रैक्टर से गंदगी साफ- सफाई कर कूड़ा फेंका जाता था, लेकिन अभी वह भी नहीं हो रहा है। साथ ही रविवार को सफाई नहीं होती हैं। बारिश होने के बाद तो शहर की स्थिति और भी खराब हो जाती है। अभी नगर पंचायत में मात्र 16 वार्ड हैं। आगे 18 गांवों को शामिल किया जाना है। उसके बाद क्या स्थिति होगी, यह सोचकर ही लोगों की रूह कांप जाती है। शहर वासियों का कहना है कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान केवल कागजों में ही सिमटकर रह गया है। धरातल पर इसका कोई अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सड़कों पर फेंकी गई नाली की गंदगी कई-कई दिनों तक सड़कों की शोभा बढ़ा रही है, जिस कारण लोग नगर पंचायत को कोस रहे हैं।



**वार्ड पांच में मूलभूत सुविधाएं नदारत**

वार्ड पांच की निवर्तमान पार्षद सुषमा गुप्ता ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर वार्ड में जगह-जगह गंदगी व नाली की सफाई कर सड़क के किनारे छोड़ दिये गए गंदगी को हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर पांच मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा हैं, जलमीनार खराब होने, पानी सफ्लाई बंद होने सड़कों पर गंदगी लगने सहित कई समस्याओं से जूझ रहा हैं। उन्होंने तत्काल उक्त समस्याओं का समाधान कराने का आग्रह किया है।

## धूल भरी आंधी व बारिश से गिरा तापमान

**मोहम्मदगंज।** मौसम पूवार्नुमान के अनुसार शनिवार की दोपहर बाद अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ। इससे पहले तक मंगलवार से सप्ताहांत तक तापमान के 40 के पार रहने से मृगडाह नक्षत्र के तपने से अच्छी बरसात की संभावना जताई गई थी। मगर शनिवार को दोपहर बाद धूल भरी आंधी के साथ बारिश और आसमान में बादल से तापमान में गिरावट दर्ज किया। जबकि इससे पहले तक तापमान 44 डिग्री पहुंच हुआ था। हीट वेव चलती रही थी। जिसकी गति 15 किमी प्रति घंटे पता चलता रहा। ऐसे में जनजीवन और पशुपालन परेशानी व सावधानी का सबब बना रहा। सुबह से ही असह्य तीखी धूप दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाने का कारण बना। मगर, इसके बाद दोपहर में ही गोधूलि बेला का नजारा पेश हो गया। वैसे, इसके बावजूद 44 से गिरकर तापमान 42 पर ही देर शाम तक बना रहा। इस बीच धूल भरी आंधी के साथ रिमझिम बारिश ने उमस बढादिया। फिर भी बाजार में पसरे सन्नाटा से धंधों के प्रभावित होने की स्थिति में बदलाव आ गया। बाजार में चहल-पहल पूर्व की अपेक्षाकृत बढ़ा हुआ नजर आया। किसानों ने बताया कि चालू मौसम में तीखी धूप और हीट वेव मक्का, मूंगफली और मूंग जैसी गर्मा फसलों के लिए फायदेमंद साबित होता है। हालांकि सब्जियों की खेती को बचाने के लिए मेहनत काम काफी बढ गया है। वहीं, मौसम परिवर्तन से मौसमी बीमारियां बढ गई है। स्मॉल पॉक्स की भी शिकायत मिल रही है। किसानों का कहना है कि चालू नक्षत्र के तपने से अच्छी बरसात का संकेत मिलता है।

**आंधी में टूटकर गिरे 33 हजार वोल्ट तार**

# 20 घंटे बाद हुई विद्युत आपूर्ति बहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पचंबा ग्रिड से सिंचाई कॉलनी स्थित सब स्टेशन के बीच झरी गांव के पास 33 हजार वोल्ट लाइन के 5 पोल के तार शनिवार दोपहर बाद तीन बजे चली तेज आंधी से टूटकर गिरने से बड़े क्षेत्र में 20 से अधिक घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहा। इससे उमस भरी गर्मी में बड़े क्षेत्र में लोगों को खासा परेशानी झेलनी पड़ी। सिंचाई और पेयजल को लेकर भी संकट उत्पन्न हुआ। हालांकि रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली। जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो की मौजूदगी में जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, मंटू मुंडा और अन्य विद्युत कर्मियों ने काफी मेहनत और मशक्कत से ठेकेदार के सहयोग से तार को जोड़कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने तार को जोड़कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में विलम्ब को विद्युत विभाग की घोर लापरवाही बताया है। साथ ही उन्होंने तार की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए थोड़ी-सी हवा में इतनी जल्दी टूटने की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण लोग उमस व गर्मी के मौसम में सोने, पीने और नहाने के लिए पानी को तरसते रहे। सिंचाई का काम भी प्रभावित हुआ।



**33 केवीए के तार टूटने से 18 घंटे से बिजली की आपूर्ति बाधित**

**हैदरनगर।** जपला विद्युत अवर प्रमंडल अंर्तगत हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य विद्युत लाइन में आंधी से पांच पोल ध्वस्त हो गये हैं। समाजसेवी अनिल चंद्रवंशी, अनूप कुमार सिंह, राहुल कुमार सहित अन्य ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को अपराह्न तीन बजे अचानक आई आंधी के बीच पांच विद्युत खंभों सहित 33 केवीए के तार गिरने के बाद आसपास के ग्रामीणों सहित किसानों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इस तार के टूटने के दूसरे दिन रविवार को दोपहर तक मोहम्मदगंज सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं के बीच बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। रविवार को सुबह आठ बजे इन विद्युत खंभों व तार की मरम्मत करने का कार्य शुरू किया गया है। इसे लेकर सुबह से हैदरनगर सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं की भी आपूर्ति बाधित कर दी गई है। इन क्षेत्रों में देर शाम बिजली आपूर्ति शुरू किये जाने की संभावना जताई गई है। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर रोष है कि विभागीय स्तर पर नये काम से लेकर पुराने काम की मरम्मति होने के बाद भी आये दिन मामूली आंधी पानी से खंभें गिर जाते हैं। जिससे इनके कार्यो के मानक पर सवाल खड़ा होता है।

## मनोज सिन्हा के नेतृत्व में दर्जनों लोग झामुमो में शामिल

**पांकी।** प्रखंड के भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा के नेतृत्व में रविवार दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य लोगों ने मेदिनीनगर स्थित झामुमो के कार्यालय में झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर शामिल हुए। भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल कार्यकर्ताओं को पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। झामुमो की सदस्यता ग्रहण किए लोगों ने बताया कि गुरु जी के संघर्षो से प्रेरित होकर व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर सभी झामुमो में शामिल हुए। भाजपा छोड़ झामुमो में सदस्यता ग्रहण करने वालों में पांकी निवासी शिवपूजन सिंह, मोहम्मद हलीम अंसारी, बबलू आलम, भीम सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र मोची, पाचन प्रजापति, नंदू मोची, वीरेंद्र मोची ,गणेश सिंह ,संतोषी मोची, रामू पासवान ,रजनीश सहाय, बैजनाथ सिंह, संतोष सिंह, तेतर मोची सहित अन्य शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

**तेज आंधी-तूफान के कारण दो दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोग परेशान**



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार व रविवार को आई तेज आंधी-तूफान के कारण चार-पांच घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। बताया जाता हैं कि महुअरी गांव के समीप 11 हजार वोल्ट लाइन के विद्युत खंभा गिरने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। इस कारण हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र पूर्ण रूप से बिजली आपूर्ति बाधित रहा। इस कारण स्थानीय उपभोक्ता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय कई उपभोक्ताओं ने कहा कि गर्मी आते ही बिजली की आंख मिचौनी से हम सभी उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली विभाग चैन की नींद सो रहा है। इस संबंध में स्थानीय चौकड़ी सब स्टेशन में तैनात लाइनमैन ने कहा कि 11 हजार केवीए के लाइन में गड़बड़ी होने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी में काफी परेशानी हुई। बिजली नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा पेयजल की समस्या हुई है। लोगों को पानी पीने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आज भी अनुमंडल क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्रों में काफी जर्जर तार पड़ा है। क्षेत्र में हल्की हवा व तूफान चलने से कहीं ना कहीं बिजली का तार टूटकर गिरना नियति बन गई है। इसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र के देवरी, बैरांव, दंगवार के अलावा हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में पूर्ण रूप से बिजली ब्लैक आउट रहा। इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने बताया कि सभी क्षेत्र के लाइन मैन बिजली बहाल करने में जुटे हैं। जल्द ही क्षेत्र में निर्बाध बिजली बहाल कर दी जाएगी।

**सेविका के चयन में गड़बड़ी का आरोप**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत माहूर गांव निवासी ममता देवी ने हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर सेविका के चयन में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी हुसैनाबाद पलामू के के पत्र के आलोक में 16 अप्रैल को 11 बजे पूर्वाह्न में सेविका का चुनाव करने को पत्र निर्गत किया गया है। जिसके बाद 16 मई को ग्रामसभा किया गया। जिसमें स्वयं (आवेदिका) ममता देवी, पति सोनू कुमार राम, ग्राम माहुर, पोस्ट, पंचायत कादल कुर्मी, थाना मोहम्मदगंज पलामू का स्थाई निवासी हूं। सुषमा देवी, पति शशि कुमार राम, ग्राम भटवलिया, पोस्ट- पांडू, थाना पांडू, जिला पलामू के स्थाई निवासी है। सुषमा देवी का राशन कार्ड और वोटर कार्ड भटवलिया का है। जबकि पति शशि कुमार राम ग्राम पंचायत महूगांवा के वार्ड नंबर पांच के वार्ड सदस्य है। इसके बावजूद पोषक क्षेत्र से बाहर की रहने वाली आंगनबाड़ी सेविका का चयन गलत किया गया है।

# सपनों का दीपक जल रहा है, जिसकी रोशनी पूरे राज्य को आलोकित करेगी : वित्त मंत्री

- संत मरियम विद्यालय में विद्यार्थी और वित्तीय प्रबंधन विषय पर संस्कारशाला का आयोजन
- राज्य के वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को दिया करियर और अनुशासन का मंत्र



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय में रविवार को विद्यार्थी और वित्तीय प्रबंधन विषय पर आधारित संस्कारशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, एनपीयू के अर्थशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आर. के. सिन्हा, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, वरिष्ठ पत्रकार राणा अरुण सिंह और सतीश सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति जो उत्साह है, वह प्रेरणादायक है। उन्होंने संत मरियम विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान राज्यभर से आए विद्यार्थियों को संयम, धैर्य, त्याग, सदाशयता और मानवता का पाठ पढ़ा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे भविष्य में सहिष्णुता और संवेदनशीलता की मिसाल बनेंगे। किशोर ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही सही करियर चयन और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में बच्चों के सपनों का दीपक जल रहा है, जिसकी रोशनी पूरे जिले और राज्य को आलोकित करेगी। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. आर. के. सिन्हा ने कहा कि छात्रों के लिए टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पैसे की समझ अभी से विकसित करने पर ही वे भविष्य में आत्मनिर्भर और संतुलित जीवन जी सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन और राणा अरुण सिंह ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने मंत्री और अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया और कहा कि मंत्री का आगमन विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। प्राचार्य कुमार आदर्श, शिक्षक प्रवीण दुबे, रोशन राज सहित कई शिक्षक, कर्मचारी और सैकड़ों छात्र-छात्राएँ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर महीनों से बेकार पड़ी बोतल क्रशर मशीन

**मेदिनीनगर।** स्वच्छता अभियान के तहत डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर लगाई गई बोतल क्रशर मशीन पिछले कई महीनों से खराब पड़ी है। तीन वर्ष पूर्व प्लेटफॉर्म नंबर एक पर प्लास्टिक की बोतलों के निस्तारण के उद्देश्य से इस मशीन को स्थापित किया गया था, परंतु अब यह पूरी तरह बेकार हो चुकी है और केवल शोपीस बनकर रह गई है। गर्मी के मौसम में यात्री बड़ी संख्या में पानी की बोतलों का उपयोग करते हैं, लेकिन मशीन के खराब होने से बोतलों का समुचित निस्तारण नहीं हो पा रहा। यात्री चाह कर भी इसका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं, जिससे स्टेशन परिसर में प्लास्टिक बोतलों का कचरा बढ़ रहा है।

# 1.25 करोड़ की शराब जब्त चालक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 15 मई 2025 को समय करीब 12:20 अपराह्न रेहला थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राग-शंखा में स्थित हाईवे ओवरब्रिज के पास उत्पाद विभाग की टीम द्वारा एक संदिग्ध ट्रक, जिसका निबंधन संख्या एआरओ 6बी 6343 है, को रोका गया। पूछताछ के दौरान ट्रक चालक हरीराम यादव ने बताया कि वाहन में विदेशी शराब लदी हुई है जिसे दमन से भूटान के लिए ले जाया जा रहा है। चालक से जब वाहन तथा शराब से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया तो उसने कुछ दस्तावेज दिखाए। कागजातों की प्रारंभिक जांच के बाद ट्रक एवं चालक को विस्तृत पूछताछ और सत्यापन हेतु उत्पाद कार्यालय, डालटनगंज लाया गया। उत्पाद विभाग द्वारा प्रस्तुत कागजातों की वैधता की पुष्टि के लिए अधीक्षक उत्पाद, पलामू के निर्देश पर उपायुक्त उत्पाद (झारखंड, रांची) को पत्राचार किया गया। साथ ही, ट्रक के पंजीकरण और दस्तावेजों को अभिप्रमाणित करने हेतु कस्टम एंड एक्साइज कमिश्नर, गुटान और डिपार्टमेंट ऑफ एक्साइज, दमन एंड दिउ को पत्र लिखा गया। हालांकि, जांच हेतु भेजे गए किसी भी पत्र का उत्तर अब तक प्राप्त नहीं हो सका है। इसके बावजूद विभागीय सचिव के निर्देश के आलोक में कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक हरीराम यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त ट्रक की जांच के क्रम में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई, जिसमें रॉयल स्पेशल प्रीमियम व्हिस्की के 180 एमएल पैक साइज की कुल 1800 पेटियां पाई गईं। प्रत्येक पेटी में 48 बोतलें थीं, जिसके अनुसार कुल शराब की मात्रा लगभग 15,552 लीटर है। इसके अतिरिक्त मौके से ट्रक (एआरओ 06बी 6343) और एक पोको कंपनी का मोबाइल भी जब्त किया गया। जब्त किए गए समस्त सामान की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1.25 करोड़ रुपये आंकी गई है। पूछताछ के क्रम में यह जानकारी भी सामने आई कि इस अवैध शराब तस्करी में अन्य लोग भी शामिल हैं।

## निर्धन परिवार की कन्या की शादी में 'हिंदुत्व' ग्रुप ने बढ़ाया सहयोग का हाथ



**मेदिनीनगर।** शहर के एक्टिव व्हाट्सएप ग्रुप हिंदुत्व ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए एक निर्धन परिवार की बेटी की शादी के लिए सामूहिक आर्थिक सहायता प्रदान की। नावा हाता स्थित सेवा बस्ती निवासी संजय राम की पुत्री मुस्कान की शादी में आर्थिक तंगी की जानकारी ग्रुप को कुमार गौरव के माध्यम से मिली। इसके बाद ग्रुप एडमिन ऋषिकेश दुबे ने सहयोग का आह्वान किया। रांची के डॉ. रविकांत चतुर्वेदी, मुकेश चौबे, विकास दुबे समेत ग्रुप के अन्य सदस्यों ने सक्रियता दिखाई और कुल 21,000 की सहायता राशि एकत्र की गई। यह राशि ऋषिकेश दुबे, कुमार गौरव और नित्यानंद मिश्रा ने परिवार को उनके घर जाकर ससम्मान भेंट की। ऋषिकेश दुबे ने बताया कि वर्ष 2014 में गठित यह ग्रुप सामाजिक जागरण और सहयोग के उद्देश्य से बना है और इसकी पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में निरंतर जारी रहेंगी।

## पंजाब लेवल की शराब के साथ ट्रक जब्त

# रेडीमेड कपड़ों के बीच छिपाकर लाई जा रही थी 600 पेटी अवैध शराब

- टैक्स भुगतान के नाम पर छुड़ाने की कोशिश पुलिस जांच में हुआ खुलासा, एक गिरफ्तार कई फरार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 13 मई की रात राज्य कर सहायक आयुक्त एवं एसटीओ, राज्य कर पदाधिकारी, पलामू अंचल द्वारा आरजे 04जीए-5448 नंबर का ट्रक, जिसमें रेडीमेड गारमेंट लदा पाया गया था, को जब्त कर सुरक्षार्थ टीओपी-02 परिसर में रखा गया। 14 मई को राज्य कर विभाग की टीम द्वारा वाहन की जांच की गई, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया और उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। 16 मई की रात राज्य कर पदाधिकारी की टीम टीओपी-02 पहुंची और ट्रक को मुक्त करने से संबंधित पत्र टीओपी प्रभारी को सौंपा। कहा गया कि टैक्स ऑनलाइन जमा कर दिया गया है, अतः नया चालक सुरिंदर सिंह वाहन लेकर चला जाए।



पुलिस को इस पूरे प्रकरण पर संदेह हुआ और जांच आरंभ की गई। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू ने दंडाधिकारी की उपस्थिति में वाहन की तलाशी का निर्देश दिया।

अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक पासवान की निगरानी में ट्रक की जांच की गई। तलाशी में कपड़ों के बोरों के बीच छिपाकर रखी गई कुल 600 पेटी अवैध शराब बरामद हुई, जिन पर फॉर सेल पंजाब ऑनली लिखा पाया गया। बरामद माल में रॉयल स्टैग ब्रांड की 420 पेटी (प्रत्येक में 750एमएल की 12 बोतल झ्र कुल 5040 बोतल) और मैकडॉनल्ड'एस नंबर 1 ओरिजनल ब्रांड की 180 पेटी (प्रत्येक में 750एमएल की 12 बोतल झ्र कुल 2160 बोतल) शामिल हैं। इसके अलावा कुल 120 सफेद रंग के प्लास्टिक बोरे, जिनमें विभिन्न प्रकार के कपड़े पाए गए, भी जप्त किए गए। इस माल का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 32 लाख रुपये आंका गया है। पूछताछ में गिरफ्तार चालक सुरिंदर सिंह ने बताया कि यह शराब ट्रक मालिक तगा राम द्वारा पंजाब से भेजी गई थी। महेन्द्र यादव उर्फ धोनी (तिलैया) एवं पप्पू साव (बरही) के माध्यम से इस शराब को बरही व कोडरमा में उतारकर उसमें स्प्रिट मिलाकर नकली लेबल लगा बिहार भेजने की योजना थी। पुलिस कार्रवाई की भनक मिलते ही महेन्द्र यादव और पप्पू साव फरार हो गए।

इस मामले में शहर थाना द्वारा ट्रक मालिक तगा राम (बाड़मेर, राजस्थान), चालक मोहन (फरार), चालक सुरिंदर सिंह (लुधियाना, पंजाब) व अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। चालक सुरिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरे अभियान में टीओपी-02 प्रभारी सअनि राकेश कुमार के नेतृत्व में हवलदार बजेंद्र कुमार सिंह, आरक्षी सूर्यनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, राजेश कुमार चंद्रवंशी, अमित कुमार और सहायक आरक्षी जयंत दूबे शामिल रहे।

## हाइवे पर नहीं लगे संकेत, दुर्घटना का खतरा बढ़ा



**मेदिनीनगर।** शहर से सटे पोखराहा इलाके में अधूरे निर्माण के बावजूद हाइवे पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है, लेकिन मार्ग पर कहीं भी ह्यहाइवेह्ल दशार्ने वाले संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। इससे वाहन चालकों को न केवल भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। बताते चलें कि पांकीझ्रमेदिनीनगर मुख्य पथ से गुजरने वाला यह मार्ग बीते एक वर्ष से आंशिक रूप से चालू है, जबकि कई हिस्से अब भी अधूरे हैं। पोखराहा में सड़क के दोनों ओर घर होने के कारण हाईवे जैसा आभास नहीं होता, जिससे बाहरी या अनजान वाहन चालक तेज गति से गुजरते हैं और कई बार बाइक चालक असंतुलित होकर गिर जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, चौराहे पर सड़क समतल नहीं है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी होती है। हालांकि गति को नियंत्रित करने के लिए दोनों ओर दो-दो ब्रेकर बनाए गए हैं, लेकिन ब्रेकर के बगल में खाली जगह होने के कारण कई चालक तेज गति में वाहन निकालने की कोशिश करते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस स्थान पर स्पष्ट रूप से हाइवे मार्ग दशार्ने वाले संकेतक बोर्ड लगाए जाएं और मार्ग के अधूरे हिस्सों को जल्द पूर्ण कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

## बिजली संकट को लेकर हम पार्टी का अल्टीमेटम, एक सप्ताह में सुधार नहीं तो होगा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को बिजली विभाग के एसडीओ और जेई से मुलाकात कर जिले की बदहाल बिजली व्यवस्था पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल में युवा नेता मुकेश पाठक, जिला



महासचिव भरत द्विवेदी, जिला सचिव वारिस आलम और आदिवासी नेता रमेश उरांव शामिल थे। जिला अध्यक्ष तिवारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो विभागीय कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी। इसके साथ ही अधिकारियों का घेराव, पुतला दहन और आमरण अनशन जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि हाईटेंशन तार जगह-जगह लटक रहे हैं, जिससे कई लोग जान गंवा चुके हैं। पोल के अभाव में ग्रामीण बांस-बल्ली के सहारे बिजली चला रहे हैं और कई स्थानों पर बिना कनेक्शन के बिल भेजे जा रहे हैं।

## विहिप की बैठक सम्पन्न, प्रशिक्षण वर्गों में कार्यकर्ता भेजने पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई की बैठक स्थानीय विहिप कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में परिषद द्वारा आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों—परिषद प्रशिक्षण वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, और दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकतार्ओं को भेजने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि परिषद प्रशिक्षण वर्ग 27 मई से 6 जून तक और बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 30 मई से 7 जून तक लोहरदगा में आयोजित होगा। वहीं, दुर्गा वाहिनी का प्रशिक्षण वर्ग 2 जून से 8 जून तक लातेहार में प्रस्तावित है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पलामू जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

तैयारी के तहत जिले के प्रत्येक प्रखंड में 20 से 25 मई के बीच बैठकें आयोजित की जाएंगी। संगठन विस्तार के क्रम में नवनीत तिवारी को मेदिनीनगर बजरंग दल का सह-संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांत सेवा टोली सदस्य एवं जिला पालक दामोदर मिश्र ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया।

## मनातू जंगल में मुठभेड़, उग्रवादियों के कब्जे से हथियार व सामग्रियां बरामद

**मेदिनीनगर।** झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पलामू जिला के मनातू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर शशिकांत और उसके दस्ता सदस्य किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने 15 मई की रात जसपुर जंगल में छापेमारी शुरू की। 17 मई की सुबह बसकटिया जंगल में पुलिस पार्टी पर उग्रवादियों ने गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान में उग्रवादियों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं, एसएलआर राइफल का मैगजीन (9 जिंदा कारतूस सहित), अन्य कारतूस, डोंगल, मोबाइल, पॉवर बैंक, सिम कार्ड आदि बरामद किए गए।

# समर एक्शन प्लान में अब तक लगे मात्र नौ जलमीनार, लोगों में निराशा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से निपटने के उद्देश्य से चलाए जा रहे समर एक्शन प्लान के तहत अब तक केवल नौ स्थानों पर ही जलमीनार लगाए गए हैं, जिससे आम जनता में निराशा व्याप्त है। इस योजना के तहत चालू चापानलों को वाटर स्ट्रक्चर में तब्दील कर, उनमें सबमर्सिबल पंप के माध्यम से 2000 लीटर क्षमता की टंकी के साथ नल की सुविधा दी जा रही है। यद्यपि जिन स्थानों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है, वहां के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं, परंतु पूरे नगर क्षेत्र में इसकी संख्या सीमित होने के कारण अधिकांश लोगों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार, नगर क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन स्थानों पर जलमीनार स्थापित किए जाने थे, किन्तु आधा मई बीत जाने के बावजूद इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है। निमिया, बैरिया, सुदना जैसे मोहल्लों



में गर्मी शुरू होते ही पेयजल की गंभीर किल्लत शुरू हो जाती है। लोग सार्वजनिक चापानलों से काफी दूर-दराज से पानी ढोकर लाने को मजबूर हैं। इस योजना के शुरू हुए दो महीने बाद भी बड़ी आबादी को इससे कोई राहत नहीं मिली है। फिलहाल नगर निगम क्षेत्र में आबादगंज में तीन, सिंचाई कॉलोनी में एक, बायपास रोड में एक, हमीदगंज में एक और चैनपुर क्षेत्र में तीन जलमीनार कार्यरत हैं। स्थिति यह है कि शहर के कई हिस्सों में लोग आज भी 500 मीटर या उससे अधिक की दूरी तय कर पानी लाने को मजबूर हैं।

## सीताराम पाठक के अपमान पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक के साथ कार्यक्रम में हुए अपमानजनक व्यवहार को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा और आरएसएस की कड़ी निंदा की है। प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी व वरिष्ठ नेता हृदयानंद मिश्र ने कहा कि 81 वर्षीय पत्रकार के 53 वर्षों के योगदान को मंच से नजरअंदाज करना न केवल पत्रकारिता, बल्कि पलामू प्रमंडल की अस्मिता का भी अपमान है। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं की चुप्पी चिंताजनक है। कांग्रेस पार्टी भाजपा और संघ से सार्वजनिक माफी की मांग करती है।

## विधिक जानकारी से ही मिलेगा अधिकार का संबल

# आमजन को विधिक अधिकारों की जानकारी आवश्यक : पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निदेर्शानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), पलामू के तत्वावधान में रविवार को हरिहरगंज प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया, वहीं अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंटकर किया गया। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि आमजन को विधिक अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, इसलिए जिले के सभी 21 प्रखंडों में ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे सरकारी योजनाओं की जानकारी और विधिक सहायता गांव-गांव तक पहुंच सके। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं अब सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं, जिसमें डालसा का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने बालिका स्वावलंबन, बालिका समृद्धि योजना, महिला सशक्तिकरण, मनरेगा, जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस के तहत महिला समूहों को ऋण स्वीकृति, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि जागरूकता ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है। अब न्याय आम लोगों की पहुंच में है और डालसा का यह प्रयास उन्हें कानूनी रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है। इस मौके पर मनोज यादव, अमित कुमार पांडेय, पीएलवी ब्रजेश कुमार, प्रभाकर प्रेम सिंह, संजीव कुमार, उत्तम दास, सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित रहे। ग्रामीणों में सुनील कुमार रवि, मुन्ना राम, अजित भुइया, उमेश भुइया, कन्हाई राम, जितेंद्र राम, तिला देवी समेत सैकड़ों लोगों ने शिविर में भाग लिया।

# वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से नई पीढ़ी को मिलेगा मार्गदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सम्मान देने और उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन दिलाने के उद्देश्य से ग्रासिम सीएसआर द्वारा रेहला स्थित सुरभि सभागार में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली और वयोवृद्ध शिक्षक डॉ. राजेश्वर पांडेय समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि समाज को

ग्रासिम सीएसआर ने किया वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन



दिशा देने वाले अनुभवी और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को बुजुर्गों के जीवन मूल्यों और अनुभवों से जोड़ना है ताकि वे नैतिकता, सेवा भाव और सद्भाव के साथ समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। समारोह में सभी वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों में डॉ. राजेश्वर पांडेय, ब्रजराज चौबे, शशिनाथ चौबे, सत्येंद्र चौबे, दाऊ मिश्रा, रामचंद्र दीक्षित, पारसपति पाल, अमृत शुक्ला, बृज किशोर शुक्ला, विजयकांत शुक्ला, सुभाष कौशिक, बृजनंदन तिवारी, नरेंद्र चौबे, मनोज शुक्ला, उदय दुबे, मुंशी महतो कवि जी, गुलाम नबी, नागेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह समेत कई अन्य वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे। वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए आज के समाज में नैतिक मूल्यों के क्षरण पर चिंता जताई और उनके पुनर्जागरण पर बल दिया। सभी ने ग्रासिम सीएसआर की इस पहल की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन पद्माकर लाल दास ने किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार एवं सीएसआर अधिकारी अनिल गिरि ने किया।

## हाथी के हमला से वृद्ध घायल



**गढ़वा।** चिनिया थाना अंतर्गत शिगसिकला गांव निवासी 60 वर्षीय रामजी चंद्रवंशी को शनिवार को एक हाथी ने पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि रामजी अपने घर से मोटरसाइकिल से परिजनों के साथ पलामू जिला अंतर्गत सिगसिगी गांव जा रहे थे। सिगसिगी जंगल के पास एक हाथी को देखकर मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित उसे छोड़कर वहां से भाग गया। अकेले पड़ जाने से रामजी को हाथी ने सूंड से लपेटकर पटकने के बाद झाड़ी में फेंक दिया। सूचना पर ग्रामीण वहां पहुंच हाथी भगाने के लिए शोर मचाते हुए पटाखे फोड़ने लगे। किसी तरह हाथी को वहां से भगाया गया। उसके बाद घायल रामजी को सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।

### चार दिवसीय समर कैंप का समापन

# शिक्षक मिट्टी को सोना बनाने का काम करते हैं: एसयू मेदा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में चार दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह व 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष सह सेल डीजीएम एसयू मेदा व विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम पाठक उपस्थित थे। अतिथियों को विद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यालय की शिक्षिकाएं व बच्चों ने तिलक चंदन कर स्वागत किया। सभागार में पहुंचते ही अतिथियों को विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं केअभिभावकों को भी विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक चंदन से स्वागत कर सभागार तक ले जाया गया। वहां विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अभिभावकों को भी पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और बधाइ दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेल डीजीएम एसयू



मेदा, विशिष्ट अतिथि सीताराम पाठक, प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडेय ने सरस्वती वंदना से इस कार्यक्रम की शुरूवात की। विद्यालय के बच्चों के साथ संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी ने मधुर धुन में स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। चार दिवसीय समर कैंप के विषय में बताते हुए प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि छुट्टियों के अंदर हमारे बच्चे कुछ स्पेशल सीखें इसके लिए हम सभी शिक्षकों ने मिलकर निर्णय लिया कि बच्चों को चार दिन के अंतर्गत योग संगीत आर्ट एंड क्राफ्ट डांस आदि का विशेष प्रशिक्षण देंगे, ताकि बच्चे अपना सर्वांगीण विकास कर सकें। कैंप में भाग लेने वाले सभी छात्रों के अभिभावकों को भी प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने छुट्टियों में भी अपने बच्चों को विद्यालय भेज कर इस समर कैंप को सफल बनाया। आप सभी के सहयोग से ही डीएवी विद्यालय अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास करने में सफल हो रहा है। उपस्थित सभी अभिभावकों ने प्राचार्य के साथ बच्चों की आर्ट एंड क्राफ्ट संगीत और नृत्य की प्रस्तुति की झलक देखी तथा सभी बच्चों कि भूरी भूरी प्रशंसा की। सीताराम पाठक ने कहा कि डीएवी विद्यालय इस क्षेत्र के बच्चे बच्चियों के लिए वरदान स्वरुप है। यहां अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार सिखाए जाते हैं व सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है। मुख्य अतिथि मेदा ने कहा की डीएवी भवनाथपुर के शिक्षक शिक्षिकाएं मिट्टी को सोना बनाने का काम करते हैं, क्योंकि शहरों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता बहुत पढ़े लिखे होते हैं, इसलिए उनके बच्चे अच्छा करते हैं। लेकिन यहां के इस ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चे भी उनका मुकाबला कर पाते हैं यह डीएवी भवनाथपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य के विशेष परिश्रम का परिणाम है। 10वीं बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शुभ आदित्य, जय सिंह और हर्ष को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। 12वीं बोर्ड के विज्ञान संकाय के कृष मिश्रा, साक्षीप्रिया, अनीशा सिंह तथा कॉमर्स संकाय में राहुल कुमार मेहता, नवलपुञ्ज एवं हर्षराज रमन को स्मृति चिहन प्रदान किया गया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि एसयू मेदा, सीताराम पाठक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के मनोहर नृत्य से कार्यक्रम को समापन हुई। धन्यवाद ज्ञापन व सभा का संचालन संस्कृत शिक्षक प्रवीण कुमार पांडेय ने किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, बृजेंद्र कुमार, संजय राय, गणेश त्रिवेदी, शिक्षिका रंजना वर्मा, शशि वाला नेहा, शबनम, सुनैना, बुलबुल, डाली आदि उपस्थित थे।

## डेहान ट्रस्ट बिशुनपुरा व बरडीहा में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में शुरू करेगी काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** डेहान ट्रस्ट की बैठक रविवार को हुई। बैठक में गैर सरकारी संस्था के तौर पर बिशुनपुरा व बरडीहा प्रखंड में जून माह से समाजिक सुरक्षा योजनायें, पेंशन, आधार, आयुष्मान भारत, आयुष्मान व्यय वंदना कार्ड पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। डेहान ट्रस्ट चरणवार तरीके से गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडो में आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती आदि पर कार्य विस्तार करेगी। यह बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव द्वारा संचालन किया गया। बैठक में कार्यक्रम प्रबंधक और कार्यक्रम समन्वयक अमन भंडारी, दीपक गुप्ता, अजय गुप्ता, उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रबंधक मुन्ना गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए डेहान ट्रस्ट प्रतिबद्ध है और वंचित लोगों को योजना का लाभ दिलाने के साथ जागरूक करेगी। कार्यक्रम समन्वयक अमन भंडारी ने कहा कि इन सभी कार्यों से समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक होंगे। ट्रस्ट ने युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के तहत जो युवा समाज के कल्याण में भागीदार बनना चाहते हैं, वह ट्रस्ट के वॉलंटियर बन सकते हैं। ट्रस्ट के विभिन्न कार्यक्रम में वॉलंटियर को हफ्ते में 3 से 5 घंटे कार्य करने होंगे। 3 माह पूर्ण होने के बाद उन्हें वॉलंटियर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को समाज व विकास के विभिन्न पहलुओं और अवरोधों को समझने में अनुभव प्रदान करेगी।

## पूर्व सरपंच की मौत, शोक

**श्री बंशीधर नगर।** पाल्हे कला गांव निवासी 99 वर्षीय पूर्व सरपंच ध्रुव जटेश्वर चौबे का निधन इलाज के दौरान शनिवार को गढ़वा में हो गया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही गांव सहित अगल बगल के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। दाह संस्कार रविवार को बांकी नदी के तट पर मुक्तिधाम में हुआ। दाह संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुखाग्नि छोटे पुत्र हरीश चंद्र चौबे ने दिया। ध्रुवजटेश्वर चौबे अपने पीछे तीन पुत्र व पांच पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शव घर पहुंचते ही अंतिम दर्शन करने के लिए ग्रामीण महिला-पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## एसडीओ रैंक में प्रोन्नति मिलने पर बीडीओ को जनप्रतिनिधियों व कर्मियों ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को एसडीओ रैंक में प्रोन्नति मिलने पर प्रखंड प्रमुख, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, डीलर संघ अध्यक्ष सहित प्रखंड व अंचल के कर्मियों ने पुष्प गुच्छ देकर व माला पहना कर बधाई दिया। बताते चलें कि झारखंड प्रशासनिक सेवा के कुल 118 अधिकारियों को अनुमंडल पदाधिकारी अथवा समकक्ष कोटी में प्रोन्नति दी गई है। जिसमें कांडी प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ राकेश सहाय का नाम भी प्रोन्नति सूची में है। मौके पर राकेश सहाय ने कहा कि अंचल व प्रखंड कर्मियों



के कार्यों से और मेहनत से ही सरकार के विकास के कार्यों को हम लोग गति देते हैं। सभी लोगों की अपेक्षाएं हम लोगों से ही रहती है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही वह इस पद तक पहुंचे हैं। इसका श्रेय आप सबों का जाता है। स्वागत करने वालों में प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, मुखिया ललित बैठा, डीलर संघ अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, एजी एम शाहिद अंसारी, सीआई संदीप कुमार, प्रखंड नाजिर अनूप कुमार, अंचल नाजीर देवेंद्र कुमार, राजस्व कर्मी दीपक कुमार, गणेश चौधरी, अंचल ऑपरेटर संत लाल कुमार, शाहीद अंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कर्मी शामिल थे।

## पूर्व मंत्री ने राष्ट्रीय एकता अभियान शुरू करने की घोषणा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने राष्ट्रीय एकता अभियान शुरू करने की घोषणा की है, जो मगध फाउंडेशन के अंतर्गत गठित संपूर्ण भारत सुरक्षा मंच के माध्यम से पूरे देश में चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत 18 मई 2025 से की गई है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि यदि उनकी राजनीतिक स्थिति इस अभियान में बाधक बनी, तो वे देशहित में राजनीति छोड़ने से भी नहीं हिचकेंगे। उन्होंने भारत-पाक युद्धकालीन घटनाओं का हवाला देते हुए विदेश, व्यापार और सुरक्षा नीतियों की पुनर्समीक्षा की जरूरत बताई। साथ ही कहा कि भारत को चीन जैसे देशों के उत्पादों का बाजार नहीं बनना चाहिए, जो पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन करते हैं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि एयर स्ट्राइक के बाद विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को संदेश किस माध्यम से दिया। यह जानकारी जनता को मिलनी चाहिए।

## कॉफी विद एसडीएम: स्वच्छता कर्मियों को एसडीएम ने बुलाया कॉफी पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा चलाए जा रहे सप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में इस बार गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत स्वच्छता कर्मी को आमंत्रित किया गया है। संजय कुमार ने बताया कि गढ़वा की सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखने में अपना नित्य प्रतिदिन योगदान देने वाले स्वच्छता सैनिकों के साथ कॉफी पीते हुये उनसे अनौपचारिक वातालाप की जायेगी। इस आत्मीय संवाद के क्रम में उनसे यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या तो नहीं है। स्वच्छता कर्मचारियों के कल्याण की दिशा



में तथा गढ़वा की बेहतरी के लिए उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे। संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छ गढ़वा, सुंदर गढ़वा का लक्ष्य इनके अथक परिश्रम से ही संभव हो पाता है। ऐसे में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें आदर और सम्मान के अलावा प्रशासनिक स्तर से प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम में से हर कोई समाज में अपनी-अपनी भूमिका निभा रहा है। उसी तरह स्वच्छता कर्मचारी भी अपने स्तर से समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सदर एसडीएम संजय कुमार द्वारा हर सप्ताह समाज के विभिन्न वर्गों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर उनकी समस्याओं को सुना जाता है साथ ही उनसे रचनात्मक सुझाव भी लिये जाते हैं। अभी तक किसानों, मजदूरों, साहित्यकारों, किन्नरों, दिव्यांगों, टैक्सी ड्राइवरों, फुटपाथ विक्रेताओं आदि जैसे समाज के 23 अलग अलग वर्गों को बुलाया जा चुका है। उसी क्रम में उनके इस सप्ताह के मेहमान स्वच्छता कर्मचारी हैं।

## जिला कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला कारा गढ़वा में रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नलिन कुमार के निर्देश पर जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी के डिप्टी चीफ नित्यानंद दुबे ने बंदियों को अपने मुकदमे की स्थिति की जानकारी लेने, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद व सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उन्होंने बंदियों से उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकारी (डालसा) प्रतिबद्ध है। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लगाये जाने वाले राष्ट्रीय व मासिक लोक अदालत की जानकारी दी और उसका लाभ उठाने की अपील की। जेल अदालत में वैसे बंदी जो अपने वाद की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता रखने में असमर्थ है, उन्हें सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराये जाने की जानकारी दी गयी। उन्होंने जेल से निकलने के बाद बंदियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने और अपने स्किल को बढ़ाकर नये जीवन की शुरूआत करने का आह्वान किया। कैदियों को मिलने वाले अधिकारी को दी जानकारी डिप्टी चीफ अनीता रंजन ने गढ़वा कारा के बंदियों को रिमांड के समय और काराधीन होने के बाद मिलने वाले उनके अधिकारों के बारे में बताया। जेल अदालत में कैदियों के स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया। उसमें कई कैदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। उस दौरान उन्हें आवश्यक दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध कराई गई। जेल अदालत में जेल के इंचार्ज जेलर, करापाल सहित पीएलवी तृप्ता भानु, जेल में प्रतिनियुक्ति पीएलवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 20 को नगर उंटारी व गढ़वा में प्रतिवाद मार्च, नौ जुलाई को देश व्यापी चक्का जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक नगर पंचायत क्षेत्र के अहीपुरवा निवासी राजेश कुमार के आवास पर अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बीएन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीएन सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब, किसान, मजदूर विरोधी है। देश की जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। लोगों केआम जरूरत की चीजों की कीमतें आसमान छू रही है। बेरोजगारी की मार से युवा त्रस्त है। किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं से इस सरकार को कोई लेना देना नही है। ऐसी परिस्थिति में जनता के समक्ष आंदोलन के सिवा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित देश व्यापी चक्का जाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये हम सबों को अभी से लगने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को गांव गांव तक पहुंचाने




की जरूरत है। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सर्वसम्मति से संयुक्त किसान मोर्चा के 14 सदस्यीय जिला संयोजन समिति का गठन किया गया। संयोजन समिति में राजेश कुमार, अजय सिंह, रामविनय विश्वकर्मा, जयप्रकाश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, इंद्रदेव चौधरी, लालमुनी गुप्ता, कामेश्वर सिंह, दिलीप गुप्ता, कालीचरण मेहता, सुनीता देवी, श्रीराम रवि, विद्या पासवान तथा रामनाथ उरांव को शामिल किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनविरोधी 4 श्रम कोड को निरस्त कराने, एमएसपी की गारंटी कराने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 20 मई को नगर उंटारी व गढ़वा में प्रतिवाद मार्च व सभा आयोजित किया जायेगा। बैठक में अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विमल दास, सुनीता देवी, कामेश्वर विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## व्यवसायी के पिता का निधन, शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** व्यवसायी मिठू जायसवाल के पिता अनिल जायसवाल 60 वर्ष का निधन शुक्रवार की शाम में हो गया। वह लंबे समय से माउथ कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल से चल रहा था। शुक्रवार की रात 9 बजे रांची अस्पताल से लौटने के क्रम में उन्होंने लातेहार के समीप दम तोड़ दिया। उनके निधन से श्री बंशीधर नगर, धुरकी में शोक की लहर है। अनिल जायसवाल एक सहज-सरल स्वभाव, मिलनसार के साथ सदैव दूसरों की सहायता के लिये हमेशा तत्पर रहते थे। उनके असमय निधन से सभी लोग मर्माहत हैं। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र-पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। निधन की खबर मिलने पर शनिवार की सुबह धुरकी मोड़ स्थित उनके आवास पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर दुख व्यक्त किया तथा परिजनों को सांत्वना दी। उनका अंतिम संस्कार शनिवार की शाम में वाराणसी के मनिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र मिठू जायसवाल ने दी। दुख व्यक्त करने वालों में राधेरमण चौबे, धीरेंद्र कुमार चौबे, नीलू चौबे, रविरंजन पांडेय, आशीष अग्रवाल, आशीष पांडेय, अनूप जायसवाल, राशिद अनवर, अरमान खान, लक्ष्मण राम, तस्लीम खान, राजेश पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद चौबे, विक्की सिंह, डिक्कू सिंह, हृदयानंद प्रसाद कमलापुरी, शंभूनाथ सौदागर, प्रताप जायसवाल, डॉ संतोष कुमार, अंशु मेहता, ब्रजेश कुमार मेहता, पंकज कुमार सिंह हिमांशु प्रताप देव सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** सदर थानांतर्गत पिपरा खुर्द गांव निवासी 40 वर्षीय रौशन दुबे ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि किसी बात को लेकर घर में घरेलू विवाद हुआ था। उसी बात से आक्रोशित होकर उसने कीटनाशक खा लिया। घटना के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आम के पेड़ से गिरकर घायल

**गढ़वा।** केतार थाना अंतर्गत बांसडीह गांव निवासी सीताराम मुसहर का पुत्र माला मुसहर रविवार को आम के पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि माला मुसहर मुकुन्दपुर गांव में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। उसी दौरान पेड़ की डाली टूटने से गिरकर घायल हो गया। सर्वप्रथम परिजनों ने उसे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### ट्राइबल कम्युनिटी आई हेल्थ प्रोग्राम सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

# 200 मरीजों के बीच चश्मा का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** ट्राइबल कम्युनिटी आई हेल्थ प्रोग्राम सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन सेसा पलामू द्वारा रविवार को बड़गड़ प्रखंड के अलग-अलग दो जगह पर किया गया। शिविर में सैकड़ो लोगों ने पहुंच कर नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम से अपने नेत्र संबंधी रोग की जांच कराया। प्रायोजक वन साइट एस्सिलर लक्सोटिका फाउंडेशन बैंगलुरू, पलामू व्याघ्र आरक्ष के सहयोग से सेसा पलामू द्वारा बड़गड़ बाजार स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में व सीएनआई चर्च काला खजुरी में कम्युनिटी आई हेल्थ प्रोगाम फॉर ट्राईबल प्युपल इन झारखंड कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया था। बड़गड़ में आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्याम सुंदर साहू व डॉ. राजकुमार द्वारा 210 मरीजों का नेत्र जांच किया गया व 100 मरीजों को संस्था द्वारा निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। इस तरह काला खजुरी गांव में आयोजित शिविर में डॉक्टर नील ध्वज कुमार, डॉ. सुनील कुमार द्वारा 150 मरीज का नेत्र जांच किया गया व 100 मरीज के बीच चश्मा का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने बताया कि कुछ मरीजों में मोतियाबिंद की भी शिकायत देखने को मिली है। उन्हें उचित परामर्श देकर ऑपरेशन करने की सलाह दी गई है। संस्था द्वारा सहयोग का आश्वासन भी दिया गया है। शिविर में उपरोक्त के अलावा संस्था के पदाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, डॉ. जसवीर, कौशिक मल्लिक सेसा महासचिव, संजय कुमार, ज्योति टोप्पो, अजय कुमार, मनोज कुमार बैठा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चोरों ने जंगल से इमारती वृक्ष काटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के लरकोरिया पूर्वी वन क्षेत्र से चोरों ने इमारती वृक्ष काट कर चोरी कर ली। चोरों ने गम्हार का सात वृक्ष काटकर चोरी कर ली। रंका वन कर्मी राजू पांडेय से पूछे जाने पर बतलाया कि यह वन क्षेत्र भौंवरी वन क्षेत्र में आता है। बता दें कि लकोरिया एनएच 343 मुख्य सड़क के पास में ही यह वन क्षेत्र है। हमेशा वाहनों का आवागमन लगा रहता है। उसके बावजूद भी चोरों द्वारा गम्हार का इमारती वृक्ष काटकर ले जाना यह काफी सोचने की विषय है। जबकि हर वन क्षेत्र में वन अध्यक्ष की निगरानी वन क्षेत्र पर बनी रहती है।

## प्रखंड के प्रसिद्ध वैद्य का निधन, शोक

**रंका।** प्रखंड वैद्य संतु प्रसाद चौरसिया का असामयिक निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से जॉन्डिस से पीड़ित थे। उनका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था। उनकी उम्र 50 वर्ष था। वह काफी अच्छे वैध थे। इनके पास इलाज कराने के लिए रंका अनुमंडल के अलावा झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार यूपी से लोग इलाज कराने के लिए आते थे। उनके इलाज से लोग ठीक भी होते थे। वह स्तन कैंसर की इलाज करते थे। उनकी दवा से सैकड़ो कैंसर के रोगी ठीक हुए हैं।

### झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति ने की समीक्षा, दिए निर्देश

# लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करें: दशरथ गगराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति दशरथ गगराई की अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारियों के साथ लातेहार परिसदन के सभागार में बैठक आयोजित की गई। झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने लंबित पड़े आवास योजनाओं व विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। समिति के सभापति ने लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करने व निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके भवनों को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां आवश्यक है वहां भूमि उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया। इस दौरान सभापति ने समीक्षा के क्रम में कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करे, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है। समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, जल संसाधन, कृषि एवं पशुपालन, कल्याण, नगर पंचायत, उत्पाद, परिवहन, वन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खनन , मंडल कारा सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## सरहुल पूजा में शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** विधायक रामचन्द्र सिंह रविवार को महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत परहाटोली पंचायत में सरहुल पर्व पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर भाग लिए। परहाटोली पंचायत में सरहुल पूजा धूमधाम से आदिवासी पारंपरिक रीति रिवाज से गीत व नृत्य प्रस्तुत कर मनाई। विधायकके आगमन पर सरना स्थल तक उनके समर्थकों ने स्वागत करते हुए सरना स्थल तक मांदर, ढ़ोल व नगाड़े की थाप पर थिरकते हुए पहुंचे। विधायक व उनके समर्थकों को सरना समिति के लोगों द्वारा माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक की मौजूदगी में सैकड़ों की संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल। विधायक ने पट्टा पहना कर सभी को सम्मानित किया। विधायक ने सभी सरना समिति के लोगों को सरहुल पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख सह कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, रानु खान, नुरुल अंसारी, बसारत अली, गुड्डू खान, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत पाल कुजूर, नसीम अंसारी, रिंकू खान, किशोर तिर्की, कोमल किंडो,भानु प्रसाद, संदीप प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल,युवा कांग्रेस प्रखंड महासचिव राजा गुप्ता, जमुना प्रसाद, शहीद खान, संजय तिग्गा, परहाटोली पंचायत मुखिया रीता खलखो, पंचायत समिति निर्मला कुजूर, मिडिया के अली राजा अली, वशीम अख्तर, प्रशांत प्रसाद, राहुल गुप्ता, कन्हैयालाल श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, शाहिल खान, सद्दाम खान, पप्पू खान, शहीद अख्तर, तनवीर आजाद, लुईस एक्का व सैकड़ों कार्यकर्ता व आस पास के आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

## जमीरा से चंदवा प्रखंड मुख्यालय तक की सड़क दुरुस्त हो: प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हुए वीडियो शेयर कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और लातेहार के उपायुक्त से मांग की है कि चंदवा प्रखंड के सुदूर जमीरा ग्राम और चंदवा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क को अविलंब दुरुस्त किया जाए। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि गुजरात में जमीरा निवासी विनोद यादव की मौत हो गई थी। उसके बाद उनके शव को एंबुलेंस से जब जमीरा लाया जा रहा था,तब भी इस रास्ते से जाने में बहुत परेशानी हुई थी। प्रतुल ने कहा कि इलाके में वर्षों से चल रहे रेलवे के कार्य ने धमौति नदी को भी मिट्टी से लगभग ढ़क दिया है। रेलवे की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा कि नदी पर कोई पुल भी नहीं है।आने-जाने वाले हजारों लोगों को बड़ी कठिनाई होती है। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बड़ी दुर्घटना का डर हमेशा बना रहता है। बरसात के समय ये इलाका प्रखंड मुख्यालय से पूरे तरीके से कट जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त लातेहार से आग्रह किया है कि मार्ग और पुल नहीं होने के कारण ये अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति बहुल इलाका विकास की मुख्य धारा से कट सा गया है। इसलिए अविलंब मामले में संज्ञान लेकर इस सड़क और पूल को युद्ध स्तर पर बनाने का कार्य प्रारंभ हो।



### बिरहोर परिवारों को मिलेगा बिरसा आवास योजना का लाभ

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड के तरवाडीह पंचायत स्थित बिरहोर जनजाति के बिनगाड़ा गांव का परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने निरीक्षण किया,ताकि उन्हें सरकार द्वारा प्रदान की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। परियोजना निदेशक ने बिनगाड़ा गांव स्थित रह रहे बिरहोर जनजाति के 20 परिवारों की स्थिति से अवगत हुए। बिरहोर समुदाय की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बिरहोर परिवारों का जर्जर भवन को जल्द जीर्णोद्धार करवाने और बिरसा आवास का लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने बिरहोर लोगों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन उपस्थित थे।

## वीर कुंवर स्थल पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल कजरिया में रविवार को प्रांतीय यादव महासभा का बैठक प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में संरक्षक बिहारी प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव सहित महासभा के कई लोग उपस्थित थे। बैठक में प्रांतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वपन घोष का आगामी 20 मई को लातेहार में आगमन को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही उनका भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रांतीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ने कहा कि वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे पूर्वज चेताग स्थित वीर कुंवर धार्मिक स्थल पर पूजा करते आए हैं। यह हमारा धार्मिक स्थल है, जिस पर इन दिनों आंगनवाड़ी भवन निर्माण कराया जाना है। बताया कि अगर इस धार्मिक स्थल पर भवन निर्माण कराया जाता है, तो हमारी आस्था को ठेस पहुंचेगी। धार्मिक स्थल पर भवन निर्माण कराए जाने का यादव महासभा के लोगों ने विरोध किया और कहा कि अगर यहां भवन निर्माण कराया जाता है तो यादव महासभा उग्र आंदोलन करेगा। मौके पर प्रदीप यादव, बालेश्वर यादव ,दीपक यादव ,प्रीतलाल यादव, निर्मल यादव, चंद्र मोहन यादव, राजन यादव, केदार यादव ,जगतू यादव, भुनेश्वर यादव, अशोक यादव सहित सैकड़ो लोगों के नाम शामिल हैं।



## न्यूज बॉक्स

### एके सिंह कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**हुसैनाबाद।** रविवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश पर एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय को माय भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टीट्यूशन में पंजीयन करना, इसके बाद एक्सपेरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत एनएसएस स्वयं सेवकों व अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित कर सभी को जागरूक करना है। साथ ही साथ साइबर हाइजीन ऑनलाइन कोर्स 14 सी पोर्टल के माध्यम से 12 घंटे का साइबर सुरक्षा कोर्स सभी स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं को करना अनिवार्य है। जिसके अंतर्गत सामान्य जागरूकता कार्यक्रम, सोशल मीडिया से संबंधित कार्यक्रम,इंटरनेट के माध्यम से साइबर अपराध एवं डिजिटल साइबर अपराध का केस स्टडी के रूप में अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इसके पश्चात कम से कम 120 घंटे और अधिक से अधिक 360 घंटे का प्रतिभागियों के माध्यम से अपना चयनित क्षेत्र में सभी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम व्यावहारिक रूप से करना है । ताकि एक आम नागरिक चाहे वह विद्यार्थी हो, चाहे व्यवसायी हो ,कृषक हो या सेवा करने वाले हो, सभी लोग इस साइबर अपराध से स्वयं बचे और दूसरे को बचाएं। इस कार्यशाला में प्रोफेसर प्रशांत कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ. आलोक रंजन, प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार सिंह, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा ने ने साइबर अपराध से कैसे बचे इस पर अपना अपना विचार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर हरेंद्र नारायण सिंह, डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह , प्रोफेसर मुकेश कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी, एन एस एस स्वयंसेवक तथा अन्य छात्र-छात्राएं कार्यशाला में भाग लिए। कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

### अनुकूल मौसम से लहलहा रही मूंग की फसल, बेहतर उत्पादन का आसार बढ़ा



**मोहम्मदगंज।** गर्मी में फसलों के लिए अनुकूल मौसम की वजह से मूंग की खेती से बेहतर पैदावार का आसार दिखाई देने लगा है। इस क्षेत्र में गर्मी के मौसम में लंबे अरसे से मूंग की खेती करना किसानों का शौक बन गया है। इसकी बड़ी वजह उन्होंने अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर बिजली आपूर्ति को बताया है। इसके साथ ही मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क को लेकर लगातार दो-तीन वर्षों से भीमबराज में भारी जल संग्रहण से सिंचाई कूप और बोरिंग का जल स्तर कम नहीं हो पाती है। इससे मूंग के फसल की नियमित रूप से सिंचाई संभव हो जाती है। उन्होंने बताया कि नियमित सिंचाई के साथ ही हिट वेव और अप्रत्याशित रूप से तापमान में वृद्धि की वजह से मूंग फसल लहलहाती नजर आती है। इसे देखते हुए इसके बेहतर पैदावार की उम्मीद की जा सकती है। सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन से संपन्न कई गांवों के किसानों ने घरों के आसपास जबकि अन्य वर्षों की तरह इस बार भी शिलापर और बिचलाडीह तक किसानों ने कोयल तटवर्ती खेतों में मूंग की बोवाई की है। इससे एक बड़े क्षेत्र में फैली हरियाली से हिट वेव के बीच आते-जाते लोगों के आंखों को भी सुकून मिलता है। बयार भी ठंडी लगती है। किसानों का कहना है कि रबी फसल के बाद खाली पड़ी खेत में गर्मी के सीजन में मूंग की खेती आमदनी बढ़ाने के श्रोत के साथ ही किफायत में दाल की जरूरत भी पूरी कर रही है। बोवाई के 45 दिनों बाद फलियों में दाने लगने लगते हैं। जबतक झमाझम बारिश नहीं हो जाता है, तबतक फलियों से दाने मिलते हैं। इसके डंठलों को खेतों से हटाने की जरूरत भी नहीं होती है। बल्कि बरसात के साथ खरीफ फसलों खासकर, धान उत्पादन को लेकर खेतों की जुताई के साथ सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाते हैं। जो उर्वरक के रूप में खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद साबित होती हैं। इस तरह से इसमें पूंजी निवेश घाटे का सौदा नहीं होती है। कुल मिलाकर एक दशक से अधिक समय से मूंग की खेती नगदी फसल के तौर पर किसानों के लिए फायदेमंद साबित हुआ है, बताया जाता है।

## वाईएस संत मरियम एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन का छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के वाईएस संत मरियम एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन का छठा वाषिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ समाज सेवी सह संस्थापक यमुना प्रसाद साव व उनके पत्नी सावित्री देवी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में विशेष कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान बताया की बेटियां हमारे समाज का एक अनमोल हिस्सा हैं। लेकिन कई जगहों पर अभी भी बेटियों के साथ भेदभाव किया जाता है। उन्हें जन्म से पहले मारा जाता है, या पढ़ाई से वंचित रखा जाता है। अभियान की शुरूआत भारत सरकार ने इसलिए की ताकि बेटियों को भी जीने और आगे बढ़ने का पूरा हक मिल सके। हमें समझना होगा कि बेटियां सिर्फ बोझ नहीं हैं, वे परिवार की शान होती हैं। जब एक बेटी पढ़ेगी, तो वह अपने परिवार, समाज और देश को रोशन करेगी। हमें बेटियों को सुरक्षा, प्यार और शिक्षा देनी चाहिए, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। हम सभी को मिलकर सावित्री बाई फुले की जीवनी से प्रेरणा लेकर यह संकल्प लें कि हम बेटियों को बचाएंगे, उन्हें पढ़ाएंगे और उन्हें आगे बढ़ने का पूरा मौका देंगे। उपस्थित अभिभावक व छात्रों के बीच रंजना संजना,माही, सुनैना, रौली इशान्वी मिस्टी गुप्ता, माही कुमारी,उज्जाला कुमारी, प्रियंका कुमारी, अलशीफा परवीन, संध्या कुमारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर कई मनमोहक नृत्य भी किया। जीवन में शिक्षा के महत्व से संबंधित कामेडी ग्रुप राहुल वशिष्ट, चंदन ने नुकड़ नाटक व कला के तहत बेहतर प्रदर्शन कर समझाया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्थापक यमुना प्रसाद साव ने पुरस्कार देकर सम्मनित किया। साथ ही वेस्ट अभिभावक को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य सतीश कुमार, सहायक सत्यवान कुमार गुप्ता, अंजली कुमारी, उषा कुमारी, अनुराधा कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।



## वेतन भुगतान की मांग को लेकर श्रमिक स्वालंबन सहकारी समिति ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** किसान विकास श्रमिक स्वावलंबन सहकारी समिति लिमिटेड के बैनर तले एस्सार प्रबंधन से जुड़े कर्मियों व ग्रामीणों की बैठक प्रयाग गंझू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मियों ने कहा कि वर्ष 2007-8 में चंदवा प्रखंड के पांच गांव क्रमशः अनगड़ा, चतरो, कुसुमटोला, अरधे, तुपी में पावर प्लांट लगाने के लिए एस्सार पावर झारखंड लिमिटेड द्वारा इकरारनामा के तहत रैयत से जमीन लिया गया था। इसी इकरारनामा के तहत सभी रैयतों व जमीनदाताओं को नौकरी भी दिया गया था। कंपनी द्वारा सभी लोगों को 20 मार्च तक लगातार वेतन दिया जा रहा था, परंतु अप्रैल 2025 से प्लांट में आई नई कंपनी उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए सभी रैयतों का वेतन भुगतान बंद कर दिया गया। कंपनी के इस रवैये से हम सभी रैयतों व जमीनदाताओं के रोजी-रोटी पर संकट बहाल हो गया और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय श्रमिक कंपनी की इस रैयत विरोधी,जन विरोधी नीति का विरोध कर रहे हैं। तत्काल हमारा वेतन भुगतान चालू नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। मांग करने वालों में राम दीवाली गंझु, दीपु सिन्हा, मनमोहन गंझु, नारायण गंझु,चीकू सिन्हा, रामजीत गंझु,बाबूलाल गंझु, अजीत श्रीवास्तव,महेश गंझु समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर कमेटी का गठन

**बालूमाथ।** अखिल विश्व गायत्री शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर गायत्री परिवार कार्यकर्ता कृष्णकांत गुप्ता के आवास पर रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर लातेहार जिला संयोजक संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बालूमाथ गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। प्रखण्ड स्तरीय एक कमेटी गठित की गई है, जिसमें सर्वसम्मति से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा २०२५ के लिए महानन्द कुशवाहा को बालूमाथ प्रखंड संयोजक, सचिव अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष विजेन्द्र प्रसाद, सदस्य के रूप में,लखन लाल श्रीवास्तव, रविन्द्र ठाकुर, निर्मल सिन्हा, अवनीकांत, पाठक, तुलसी यादव उपेन्द्र सिंह, विनोद कुमार को मनोनीत किया गया है। यह परीक्षा स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति के ज्ञान से अवगत कराने और उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और इसका आयोजन देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा किया जाता है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संतोष कुमार सिन्हा, सचिव कृष्णकांत गुप्ता,गायत्री शक्तिपीठ चंदवा से आये प्रतिनिधि प्रभाष गुप्ता, आलोक चौरसिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति का ज्ञान बच्चों को भारतीय संस्कृति के इतिहास, साहित्य, कला, दर्शन, और रीति-रिवाजों का ज्ञान प्रदान करना है। बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरुकता और प्रेम की भावना विकसित करना,पारंपरिक मूल्यों का संरक्षण के लिए बच्चों को भारतीय संस्कृति परंपराओं को समझने और उनका सम्मान करने के लिए प्रेरित करना है।

### ग्रामीणों ने मतकोमा मध्य विद्यालय को अपग्रेट कर उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग की

**बारियातू।** विधायक प्रकाश राम ने फूलसू पंचायत के ग्राम मतकोमा, लाटू, सतीटांड़, फूलसू, हिसरी, करमा गांव का दौरा किया। ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। लोगों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं को रखा, जिसमें मतकोमा मध्य विद्यालय को अपग्रेट करते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग की। सतीटांड़ के ग्रामीणों ने सिंचाई व्यवस्था में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसे मुख्य रूप से विधायक को अवगत कराया। फूलसू बाजार में स्ट्रीट लाइट का व्यवस्था करने की अपील की। करमा ग्राम से लेकर चोरकट्टाबर तक सड़क निर्माण को लेकर विधायक को अवगत कराया गया। अन्य कुछ समस्याओं को ऑन द स्पॉट जिले के अधिकारियों को अवगत करा कर समाधान किया गया। अन्य समस्याओं के लिए ग्रामीणों को सोमवार को प्रखंड सह अंचल सभागार बारियातू में लगने वाले जनता दरबार में अपने शिकायतों का लिखित आवेदन लेकर आने को कहा। मौके पर देवनन्दन प्रसाद, अनील प्रसाद, नेता योगेंद्र भोक्ता, युवा नेता सोनू प्रजापति, नेता किशोर प्रसाद, जतन प्रजापति, विजय भुइया, नरेश प्रजापति, सुखदेव साव, महेंद्र यादव, धीरज राणा, बलदेव यादव, रमेश राम , दीपक प्रजापति, नीलू शर्मा, जगदीश उरांव सहित काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

## चंदवा में भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल




**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों के आम जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बुधवार को चंदवा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। लोगों को गर्मी का अहसास 40 डिग्री तापमान से ज्यादा लगा। सुबह आठ बजे के बाद से ही लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। दोपहर के वक्त शहर की सड़कों पर लोगों का आवागमन भी बहुत कम देखा जाने लगा है। आवश्यक कार्य के लिए ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी बढ़ते ही शीतल पेय की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। लोग के बीच गन्ने का जूस,आम का जूस,नींबू पानी,आइसक्रीम आदि की बिक्री बढ़ गयी है। दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की किल्लत हो गई है। अधिकतर कुआं सूख गये हैं। चापानल और जलमीनार की भी यही स्थिति है। ग्रामीण इलाकों में लोग नदी नालों के पानी पर निर्भर हैं, उन्हें दूर दराज से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। बात करे स्वास्थ्य कि तो इन दिनों लू कि चपेट में आने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लू लगने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चिकित्सकों ने लोगों से दोपहर में घरों से बेवजह न निकलने कि सलाह दी है। इधर शहर के कई स्थानो में राहगीरों के लिए विभिन्न सामजिक संगठनों ने शीतल प्याऊ की व्यवस्था की है, जिससे लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं। रविवार शाम को मौसम में बदलाव देखा गया।

### मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

## जेल से निकल कर समाज के मुख्य धारा में जुड़ें: एसडीजेएम




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मंडल कारा में रविवार में को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीजेएम प्रणव कुमार ने भाग लिया। उन्होंने बंदियों को जागरूकता कैंप में उनको अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी लेने, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद व सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उन्होंने बंदियों से उनकी समस्यायें सुनी और शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकारी (डालसा) प्रतिबद्ध है। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लगाये जाने वाले राष्ट्रीय व मासिक लोक अदालत की जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील की। एसडीजेएम ने मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलह के आधार पर समाप्त करने की भी जानकारी दी और मध्यस्थता केंद्र का लाभ उठाने की बात कही। वैसे बंदी जो अपने वाद की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता रखने में असमर्थ है उन्हें सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराये जाने की जानकारी दी। एसडीजेएम प्रणव कुमार ने लातेहार कारा के बंदियों को रिमांड के समय व काराधीन होने के बाद मिलने वाले उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने जेल से निकलने के बाद बंदियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने व अपने स्किल को बढ़ाकर नये जीवन की शुरूआत करने का आह्वान किया। एलएडीसी के अधिवक्ताओं द्वारा भी बंदियों को उनके वाद संबंधित अद्यतन जानकारियां दी गयी। मौके पर एलएडीसी के अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्रा, राहुल कुमार, पीएलवी, विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी, मंडल कारा लातेहार के कर्मचारी सहित कई बंदी मौजूद थे।

### कैरो में हाथियों का आतंक, फिर भी ग्रामीण कर रहे जान से खिलवाड़

# हाथियों को छूने व सेल्फी लेने की होड़ पर वन विभाग ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड में जंगली हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। फिर एक बार हाथियों का झुंड गोपालगंज जंगल के पास देखा गया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि हाथियों को देखने के लिए सैकड़ों ग्रामीण वहां पहुंच गए। लोगों ने न सिर्फ हाथियों को पास से देखने की कोशिश की, बल्कि कुछ युवक उन्हें पत्ते खिलाते, छूने और सेल्फी लेने तक में जुटे रहे। कोई हाथी की पूंछ पकड़ने की कोशिश कर रहा था, तो कोई खुद को महावत की तरह दिखा रहा था। पूरा नजारा ऐसे लग रहा था मानो कोई पिकनिक स्पॉट हो। जबकि सच्चाई यह है कि इस क्षेत्र में पिछले साल भर से हाथियों का आतंक बना हुआ है। सैकड़ों किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और हाल ही में एक युवक की जान भी हाथी के हमले में चली गई। इसके बावजूद लोग खतरे को नजरअंदाज कर रहे हैं। वन विभाग बार-बार चेतावनी दे रहा है कि हाथियों से दूरी बनाएं और उन्हें छेड़ें नहीं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ युवकों की हरकतें कैमरे में रिकॉर्ड की गई हैं और ये वीडियो वरीय अधिकारियों को भेजे गए हैं, ताकि कानूनी कार्रवाई की जा सके। वन विभाग ने अपील की है कि अपनी और दूसरों की जान की कीमत समझें, और हाथियों से दूर रहें।

### हाथी के पास न जाय और न ही कोई उत्तेजक गतिविधि करे ग्रामीण : डीएफओ





**लोहरदगा।** वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम हाथी की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथी के पास न जाएं और न ही कोई उत्तेजक गतिविधि करें। हाथी को सुरक्षित वन क्षेत्र में पहुंचाने के लिए प्रयास जारी हैं। वन विभाग व जिला प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, भीड़ न लगाएं और हाथी से दूरी बनाए रखें। केवल प्रशासन व वन विभाग की टीम को ही कार्य करने दें। वन विभाग ने कहा है कि हाथी अक्सर भोजन और पानी की तलाश में गांवों की ओर रुख करते हैं, जिससे जन-धन की हानि की संभावना बनी रहती है। विभाग ने कहा कि सतर्कता और संयम ही सबसे बेहतर सुरक्षा है।

# कुटमू फेकुआ टोली रेलवे फाटक बंद किए जाने पर नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

- सांसद सुखदेव भगत से फाटक के समीप ओवरब्रिज निर्माण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**






**लोहरदगा।** कुटमू फेकुआ टोली के पास स्थित रेलवे फाटक को बंद किए जाने के विरोध में स्थानीय नागरिकों ने सांसद सुखदेव भगत को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे फाटक के बंद होने से न सिर्फ स्थानीय नागरिकों, बल्कि लोहरदगा-लातेहार मुख्य पथ से जुड़े लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि यह क्षेत्र किसान बहुल है और फाटक बंद होने से न सिर्फ आमजन की आवाजाही बाधित हुई है, बल्कि बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की ओर पशुओं को ले जाना भी जोखिम भरा हो गया है। रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरपास की दूरी लगभग दो किलोमीटर अधिक है, जो कचहरी मोड़ के पास जाकर मिलता है। इससे आम लोगों की यात्रा समय और संसाधन दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि फेकुआ टोली के समीप एक ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए ताकि लोगों की आवाजाही सुगम हो सके और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिले।

सांसद सुखदेव भगत ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख लोगों में चंद्रिका यादव, विवेकानंद उरांव, घनश्याम भगत, जीत राम भगत, खदिया भगत, मोनिका उरांव, नंदलाल भगत और बिरसा उरांव शामिल थे।

# लोहरदगा स्थापना दिवस पर छात्राओं ने छऊ नृत्य प्रस्तुत की



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जीत डांस ग्रुप द्वारा किया गया। इसके पश्चात केजीबीवी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छऊ नृत्य, लोकनाथ कला जत्था द्वारा नागपुरी नृत्य, कला दल नवा अंजोर द्वारा नाटक-सह-नृत्य, डांस एकेडमी द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। हाल के दिनों में आयोजित फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निर्देशक सूषमा निलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, एलआरडीसी सुजाता कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने पहाड़ी इलाकों में जाकर समस्याओं का लिया जायजा, कहा-

# विकास कार्यों में लापरवाही सांसद नहीं करेंगे बर्दाश्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**किस्को।** प्रखंड के अंतर्गत देवरिया पंचायत के 6 गांव एचएटीबी केबल खराब हो जाने के कारण विगत 15 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर है। यहां के लोगों ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर जल्द से जल्द खराब केबल को बदलने की मांग किए थे। सांसद के निर्देश पर उनके निजी सचिव आलोक कुमार साहू देवरिया पंचायत पहुंचकर खराब हुई एचए टीवी केबल का निरीक्षण किया। इस दौरान जोबांग गांव में ग्रामीणों की एक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत में पेयजल की घोर किल्लत है। नल जल योजना के तहत 10 -12 स्थानों में लगा जलमीनार अभी तक चालू नहीं हुआ है। इसी प्रकार पंचायत भवन के सामने जल मीनार कई वर्षों से खराब पड़ा है ।उत्तर तलसा, तलसा, छोटकी लावादाग खरचा, लावादाग, खड़िया सहित अनेक गांव में जलमीना खराब है उन्हें बनवाया जाए ।बहाबार से वर पानी तक 5 किलोमीटर पीसीसी सड़क स्वीकृत हो गया है लेकिन वन विभाग से एक वर्षों से एनओसी नहीं मिला है। लावादाग से जमुनिया पानी जाने वाले पथ में बगडेरवा नदी पर पुलिया का निर्माण करने जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए सांसद से समस्याओं का निदान शीघ्र करने की मांग ग्रामीणों ने किया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य में व्यापक स्तर पर लापरवाही बरती जाती हैजिसे सांसद बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस क्षेत्र में प्रशासनिक पदाधिकारियों का आवागमन नहीं हो पता है जिसके कारण यहां की समस्या यथावत रहती है।

सांसद ने उन्हें इसलिए भेजा है की पहाड़ी क्षेत्र के जनता की समस्याओं से अवगत होकर उसका निदान किया जा सके श्री साहू ने कहा कि सांसद आपकी समस्याओं के निदान हेतु कटिबद्ध है और उसका निधन किया जाएगा। मौके पर से ही श्री साहू ने रांची जीएम बिजली विभाग से वार्ता किया तो उसने कहा कि एचडीटीवी केबल अभी विभाग में उपलब्ध नहीं है एक सप्ताह के अंदर केबल उपलब्ध करा दिया जाएगा। लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी से सड़क का एनओसी देने की बात कहें। श्री साहू ने कहा कि पेयजल, सड़क, पुलिया एवं अन्य जो समस्या है उसे विभाग में जाकर विभाग के पदाधिकारी से मिलकर उसका निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर देवरिया मुखिया कमील टोपनो, पंचायतसमिति सदस्य सुनील टोपनो, पूर्व मुखिया सुमित्रा उरांव, इंद्रदेव उरांव, लालदेव गंझू, विकास नगेसिया, कैलाश सिंह, जुवेल भंगरा, श्रवन सिंह, सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारात से लौट रही स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त

# बच्ची की मौत, सात घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** रविवार देर रात सेन्हा थाना क्षेत्र के कब्रिस्तान के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन (जेएच 01 डीडी 6651) सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। यह वाहन एक शादी समारोह से बरातियों को लेकर लौट रहा था। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो से बरात लौट रही स्कॉर्पियो वाहन के चालक को झपकी लगने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर एनएच-143ए पर स्थित एक विशाल बरगद के पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में सवार महिलाएं, पुरुष और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई, जिसकी पहचान दूल्हे की फुफेरी बहन के रूप में हुई है, जो पालकोट डहु डांड की निवासी थी। घायलों में निगनी निवासी शंकर साहू उर्फ मास्टर के पुत्र, बहु समेत परिवार के सात सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी लखन साहू के छोटे भाई की शादी में शामिल होकर बरात में गए थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटनास्थल पर स्थित विशाल बरगद का पेड़ पूर्व में भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है। इसे हटाने के लिए कई बार शांति समिति की बैठकों में प्रशासन से अनुरोध किया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## न्यूज बॉक्स

### कौशल विकास सीखना एक ऐसी सतत प्रक्रिया है जिससे लक्ष्य प्राप्ति होती है : अखिलेश कुमार



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में संकुल स्तरीय शिशु/ बाल/ किशोर /तरुण/ कन्या भारती प्रबोधन वर्ग सत्र 2025 -26 का आयोजन हुआ। जिसमें गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, बिपिन कुमार दास प्रधानाचार्य सह संकुल प्रमुख विद्या मंदिर लोहरदगा, सुरेश चंद्र पांडे सुंदरी देवी शिशु मंदिर, विमलेश कुमार सेन्हा,गोपेश कुमार, अरविंद कुमार एवं मनोहर मोदी बड़की चांपी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना मनोहर मोदी के द्वारा रखी गई।आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने भैया- बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने विद्या भारती योजना के सारे कार्यक्रम भैया- बहनों के कौशल एवं प्रतिभा का विकास, क्रिया आधारित कौशल विकास पर विशेष बोध कराया।साथ ही अनुशासित एवं व्यवस्थित आदर्श व्यवस्था के बारे में बताया। बाल संसद के प्रमुख विभागों का कर्तव्य एवं दायित्वों को सुव्यवस्थित चलाने की जानकारी दी। बहनों के द्वारा सामूहिक गीत का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने नवनिर्वाचित दायित्व धारी भैया- बहनों का प्रबोधन एवं लोकतांत्रिक शैक्षणिक संगठन के बारे में बताया। जिसमें प्रधानमंत्री सहित वंदना , अनुशासन, स्वच्छता ,बागवानी, सांस्कृतिक सहित अन्य विभागों के कार्य एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। तृतीय सत्र में बाल संसद अधिवेशन का संचालन विभाग प्रमुख की उपस्थिति में लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार विद्यालय को व्यवस्थित किया जाए।

### सेवा भारती का 153वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 43 लोगों ने करवाई जांच




**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को 153वें साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 43 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य जांचें करवाईं। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी., वजन, हार्ट बीट व ऑक्सीजन लेवल की जांच निःशुल्क की गई। अन्य पैथोलॉजी जांचें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं। समाजसेवी ऊषा मित्तल द्वारा 100 पीस शुगर स्टिच किट भेंट की गई। इस योगदान के लिए जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से ही हम स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि "जीव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।" डॉ. कुमुद अग्रवाल ने बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और आम के सीमित सेवन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "सेवा ही सच्चा धर्म है।"उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी व अनामिका भारती ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार सुबह एक घंटे के लिए लगाया जाता है और इससे लगातार लोगों को लाभ मिल रहा है। शिविर में सुबोध महतो, ऊषा मित्तल, अंजलि सर्राफ, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, बिंदेश्वरी देवी, केशव महतो, संध्या देवी, मोहम्मद कैसर आलम आदि उपस्थित थे।

# गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सिखाए गए गुड मैनर्स




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल में एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार और शिष्टाचार (गुड मैनर्स) सिखाए गए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर मुकेश कुमार गुप्ता ने खुद बच्चों को विभिन्न रोचक गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से जीवन में शिष्टाचार के महत्व को समझाया। डायरेक्टर गुप्ता ने बच्चों को बताया कि "गुड मैनर्स केवल सामाजिक व्यवहार नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की नींव हैं। यदि बचपन से ही सही आचरण की शिक्षा दी जाए, तो बच्चे एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक के रूप में विकसित होते हैं।" उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि रोज़मर्रा के छोटे-छोटे काम- जैसे 'कृपया', 'धन्यवाद', 'माफ़ कीजिए', 'सुप्रभात' कहना- हमारे व्यवहार में बड़ी भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या शोभा रानी साहू, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रधानाचार्या ने भी बच्चों को नियमित अनुशासन, स्वच्छता, समय की पाबंदी और सम्मानजनक व्यवहार अपनाने की सलाह दी। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। वे न केवल ध्यानपूर्वक सीखते दिखे, बल्कि अपनी जिज्ञासाओं को भी खुलकर व्यक्त किया। शिक्षकगण ने भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा ताकि बच्चों में नैतिक मूल्यों की मजबूत नींव डाली जा सके।

### कैरो में तिरंगा यात्रा का आयोजन 20 मई को

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय में आगामी 20 मई को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। कैरो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कार्यक्रम के निमित बैठक करते हुए कहा कि आज से ठीक एक महीना पूर्व देश के जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकवादियों के द्वारा 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। मौके पर बैठक मे उपस्थित लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि आतंकबादियो को सबक सिखाने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री ने देश की जनता की भावना को समझा और देश के सेना को खुली छूट दे दिया। भारतीय वायुसेना, आर्मी, बीएसएफ के संयुक्त तत्वाधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज हर भारतवासी गर्व महशूस कर रहा है, भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के अनेकों आतंकवादी ठिकाने मिट्टी में मिला दिए गए और अभी भी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की पराक्रम और बीरता को तुर्की और चीन को छोड़कर पूरे विश्व ने सराहना किया। आज भारत आतंक के खिलाफ लड़ने के लिए सैन्य शक्तियों के बल पर काफी मजबूत है जिसका टेलर पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर में स्पष्ट दिखाई पडा।

### अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने किया आधे दर्जन मामले की सुनवाई

# चार मामलों का किया गया निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अदलिया कमिटी द्वारा रविवार को अंजुमन कार्यालय में सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, सहसचिव अनवर अंसारी, अदलिया कमिटी सदस्य इरशाद अहमद, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी, मोहम्मद असगर तैगी की उपस्थिति में अदलिया में आधे दर्जन मामलों की सुनवाई हुई, जिसमें चार मामलों का निष्पादन किया गया। पहले मामला में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के अमलाटोली शहनाज परवीन बनाम रांची महेशपुर निवासी के बीच चली आ रही पति-पत्नी विवाद की दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामले का निष्पादन किया गया। दूसरा मामला लोहरदगा कुरैशी मुहल्ला निवासी रिजवान कुरैशी बनाम शना परवीन के बीच पति-पत्नी के बीच विवाद की सुनवाई की गई, और दोनों पक्षों की सहमति से मामले का निष्पादन किया गया। उसी तरह तीसरा मामला लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कुरैशी मुहल्ला निवासी संजीदा खातून बनाम शमीम कुरैशी के बीच चली आ रही आपसी जमीन संबंधित विवाद की सुनवाई की गई, दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत अगली तारीख को विवाद का निपटारा करने की बात कही गई। जबकि चौथा मामला लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पावरगंज निवासी ऐनुल हुसैन बनाम जावेद हुसैन के बीच चली आ रही जमीन से संबंधित विवाद की सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत दोनों पक्षों को अगली तारीख दी गई। पांचवा मामला लोहरदगा जिले के अरू ग्राम निवासी हकिम अंसारी बनाम गुमला जिला के कोटाम रजीना खातून के बीच पति-पत्नी के बीच के विवाद की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों में सहमति के उपरांत निष्पादन किया गया। जबकि छठा मामला कुड़ू प्रखंड के चांपी निवासी परिना खातून बनाम लोहरदगा शहरी क्षेत्र के न्यू रोड निवासी सद्दाम आलम के बीच पति-पत्नी विवाद मामले की सुनवाई करते हुए दोनों की सहमति से मामले का निष्पादन किया गया। इन छह मामलों के अलावा करीब आधे दर्जन मामलों पर चर्चा करते हुए अदलिया कमिटी के जरिए जांच के उपरांत जल्द मामले का निपटारा करने का भरोसा दिलाया गया। मौके पर सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने लोहरदगा जिले के मुसलमानों से आग्रह किया है कि अपने आपसी विवादों को थाना, कोर्ट कचहरी से पहले कोशिश करें कि अपने-अपने अंजुमन से संपर्क कर मामलों का निपटारा कराएं। अगर वहां भी मामले का निपटारा नहीं हो पाए, तो निःसंकोच लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के अदलिया में आएं, इंसा अल्लाह सभी तरह के मामलों का निपटने की कोशिश होगी।

### विश्व बैंक के मत्स्य विशेषज्ञों ने चट्टी में फीस फार्मिंग का लिया जायजा

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत बायोफ्लॉक तालाब के कार्यों की की सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा/लोहरदगा।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव में आवंटित बायोफ्लॉक तालाब का निरीक्षण रविवार को विश्व बैंक व विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े मत्स्य विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने किया। टीम ने योजना की प्रगति, समस्याएं और उससे होने वाले लाभों की जानकारी स्थानीय मत्स्य किसान पहलवान तिवारी से ली। निरीक्षण दल में विश्व बैंक के फिशरीज एक्सपर्ट जूनियन मिलियन, एएफडी से औरफी सिलार्द एवं निधि बत्रा, पीएम मत्स्य योजना के नोडल अधिकारी आई.ए. सिद्दीकी, एनएफडीबी हैदराबाद के मासूम वाहिद, राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम के सरफराज अहमद, झारखंड मत्स्य निदेशक एच.एन. द्विवेदी, उप निदेशक शंभू प्रसाद यादव, संयुक्त निदेशक अमरेन्द्र कुमार, उप निदेशक संजय गुप्ता, प्रशिक्षण केंद्र रांची के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार, लोहरदगा की जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, गुमला की पदाधिकारी कुसुमलता सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। टीम ने गांव में बायोफ्लॉक तकनीक से हो रहे फिश फार्मिंग (फीस फार्मिंग) की प्रगति देखी और इसे ग्रामीण मत्स्य पालन में क्रांतिकारी कदम बताया। पहलवान तिवारी ने जानकारी दी कि उन्होंने बीते वर्ष आठ टन पंगास मछली का उत्पादन कर करीब पांच लाख रुपये की आमदनी की थी। उन्होंने तालाब में नियमित ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए मशीन के संचालन की जरूरत बताई, लेकिन बिजली की अनियमितता को बड़ी समस्या बताया। उन्होंने अधिकारियों से सोलर पावर सप्लाई की मांग भी की। टीम के अधिकारियों ने पहलवान तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल झारखंड सहित अन्य राज्यों के लिए प्रेरणादायक हो सकता है। उन्होंने मत्स्य किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और योजनागत लाभों को और प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर बल दिया।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

- पुरस्कार वितरण- सह- प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** हिंदुस्तान स्कॉट एंड गाइड संगठन झारखंड के तत्वाधान में लोहरदगा जिला के ब्राइटवुड अकादमी हीरही लोहरदगा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन, पुरस्कार वितरण- सह- प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। स्कॉट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए हिंदुस्तान एस्कॉर्ट एंड गाइड संगठन झारखंड के राज्य सचिव शांति कुमारी ने कहा की बच्चों को शुरू से ही अनुशासन नैतिकता राष्ट्र सेवा शारीरिक प्रशिक्षण के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना जगाना आवश्यक है। युद्ध प्राकृतिक या कोई भी आपदा के साथ-साथ सामाजिक कार्य में एकजुट एवं गाइड की भूमिका अहम हो जाती है। इसीलिए "तैयार रहो" संगठन का मूल मंत्र माना जाता है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हर्ष शिक्षित बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण एवं मैडल प्रदान करने के लिए पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति लोहरदगा के राजकुमार वर्मा ने किया. मंच संचालन हरिओम प्रसाद एवं सुभाष महतो ने किया धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य आनंद किशोर भगत द्वारा किया गया. गुरदयाल भगत, पिंकी मिंज, शांति कुजूर, अमित मिंज, सिंधु कुमारी, पूजा कुमारी ,प्रेम दानी बाला, रेखा कुमारी एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर, सिसई में शिशु वाटिका मातृ गोष्ठी का किया गया आयोजन



**सिसई (गुमला)।** रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर, सिसई में शिशु वाटिका मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ,मुख्य अतिथि पूनम सारंगी (गुमला विभाग वाटिका प्रमुख) सेवानिवृत शिक्षक रजनीकांत सारंगी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रवींद्रनाथ अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित, पुष्पांजलि अर्पित कर एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय की आचार्य गुड्डी देवी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा अरुण यानी नर्सरी से द्वितीय तक बच्चों की शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता को देखते हुए आज का यह कार्यक्रम आयोजन किया गया है, क्योंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन की बात कही गई है। इसमें पहले केयर यानी बच्चों की देखभाल कैसे हो इस पर चिंतन मंथन करना आवश्यक है, उनकी देखभाल के साथ ही हम उनको शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। मुख्य अतिथि पूनम जी ने माताओं को बताया कि हमारे नन्हे - मुन्ने बच्चे पहले सुनते हैं तब उसके बाद कुछ बोलने का प्रयास करते हैं। यानी प्रारंभिक शिक्षा में सुनना और सुनाना तथा बोलना और बुलवाना इस पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उसके बाद आता है लिखने की बारी। जब हमारे बच्चे सुनते हैं फिर सुनाते हैं। और जब बोलते हैं तब हम उसे लिखने के लिए सिखाना आरंभ करते हैं। लेकिन अक्सर लोग क्या समझते हैं कि विद्यालय में नामांकन हुआ है तो हमारे बच्चे क्यों नहीं लिख पा रहे हैं। यह सोच गलत है। लोगों की ऐसी सोच व धारणा को बदलने की जरूरत है। आज इन बच्चों को खेल-खेल में सीखने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आप अपने नन्हे - मुन्ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। उन्हें अपने घर में बना हुआ टिफिन देकर भेजें।




# तेज आंधी तूफान के कारण विशालकाय पेड़ गिरा

**सिसई (गुमला) ।** सिसई प्रखंड में शनिवार को अचानक मौसम के बदलने से तेज आंधी तूफान व गर्जन के साथ जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली। तो वहीं आंधी तूफान ने तबाही भी मचाई जिसमें प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पुसो के महतो मोहल्ला में चबूतरा के पास एक विशाल पीपल पेड़ का बड़ा डाली टूट कर पास में बने जल मीनार और बिजली खंभा के ऊपर गिर गया। जिसके कारण जल मीनार और बिजली का खंबा पूरी तरह से टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि जल मीनार से प्रतिदिन 1000 से भी अधिक लोग पानी पीते हैं। फिलहाल जलमीनार क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण ग्रामीणों के समक्ष पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। मौके पर रविंद्र राम, विकास महतो, दुबराज महतो, नारायण महतो, रंजित पहान, राजेश कुमार महली, सागर महतो, के अलावे कई सारे ग्रामीण मौजूद थे।

# तीन दिनों से लापता छात्रा का शव कुएं में मिला

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के हेदमी गांव के कुएं से घाघरा पुलिस ने विगत तीन दिन से घर लापता 13 वर्षीय 6वी कक्षा की छात्रा हेनेमा कुमारी का शव शनिवार की देर शाम बरामद किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता धनेश्वर दास गोस्वामी ने बताया कि विगत तीन दिन से मेरी बेटी घर से गायब थी हम सभी काम करने गए हुए थे इस बीच मेरी बेटी अचानक लापता हो गयी चली गई थी शाम में आने के बाद हम सभी उसको खोजने का प्रयास किया परंतु उसका कहीं पता नहीं चला जब से मेरी बेटी घर से लापता हुई है तब से इधर-उधर हम सब उसे ढूंढ ही रहे हैं शनिवार को इसी क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि घर के कुछ दूर पर स्थित कुआं में किसी बच्ची का शव पड़ा है हम लोगों ने जाकर वहां देखा तो वह सो मेरी बेटी का ही मिला जिसकी जानकारी मेरे द्वारा घाघरा पुलिस को दी गई घाघरा पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से निकलकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है इस संबंध में थाना प्रभारी पुनीत मिंज से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पोस्टपार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ बताया जा सकता है।

# सरहुल हमारी अस्मिता का प्रतीक है : विधायक

## टेंगरिया में भव्य रूप से मनाया गया सरहुल महोत्सव सह जेठ जतरा, सांस्कृतिक रंग में रंगा गांव

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के पालकोट प्रखंड स्थित टेंगरिया गांव में पारंपरिक उल्लास और हर्षोल्लास के साथ सरहुल महोत्सव सह जेठ जतरा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूषण बाड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को पारंपरिक पर्व की बधाई दी।

अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सरहुल आदिवासी संस्कृति और प्रकृति के प्रति आदर का प्रतीक है, जो हमें भाईचारा, एकजुटता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर उन्होंने पारंपरिक खोड़ा दलों के सदस्यों को कंबल और नगाड़ा भेंट स्वरूप प्रदान किया।



### जनसेवा ही असली पहचान जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि जनता के सच्चे सेवक हैं। उन्होंने सदैव वंचितों, गरीबों और आदिवासियों की आवाज को मजबूती से विधानसभा में रखा है। उन्होंने कहा कि सरहुल, जतरा और करम जैसे पर्वों को पहचान दिलाने में विधायक की भूमिका अहम रही है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

### खोड़ा दलों की प्रस्तुति से झूमा टेंगरिया

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि जनता के सच्चे सेवक हैं। उन्होंने सदैव वंचितों, गरीबों और आदिवासियों की आवाज को मजबूती से विधानसभा में रखा है। उन्होंने कहा कि सरहुल, जतरा और करम जैसे पर्वों को पहचान दिलाने में विधायक की भूमिका अहम रही है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

# मानसिक तनाव से जूझ रहे युवक ने लगाई फांसी

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करंज पंचायत के ओमेंसेरा गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गांव निवासी पीटर बिलुंग के 31 वर्षीय पुत्र नवीन बिलुंग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार रात की है, जब नवीन ने अपने ही कमरे में छप्पर से रस्सी के सहारे लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों के अनुसार, रात करीब 10 बजे सभी लोग खाना खाकर अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। रविवार को जब देर तक नवीन का कमरा नहीं खुला और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो परिजनों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की। दरवाजा खोलते ही उनके होश उड़ गए—नवीन का शव रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजा गया। बताया जा रहा है कि नवीन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसकी पत्नी रोजगार के सिलसिले में गोवा गई हुई है और उनके साथ एक बच्चा भी है। नवीन नशे का आदी था और अक्सर असामान्य व्यवहार करता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी मानसिक तनाव और नशे की लत के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने आत्महत्या के मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच में जुट गई है।

## तालाब में डूबने से हुई युवक की मौत

**डुमरी।** मधुबन थाना क्षेत्र के अतकी पंचायत के हरिजन टोला निवासी शंकर रविदास (37) तालाब में नहाने के दौरान डूब जाने से मृत्यु हो गई। घटना शनिवार संध्या की है।गोताखोरों ने काफी मशक्कत कर शव को रात्रि करीब 10 बजे तालाब से निकाला गया।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव को रविवार को गिरिडीह भेज दिया।

# कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल, एक की हालत नाजुक

**गुमला।** गुमला जिले के कामडारा प्रखंड अंतर्गत कुरकुरा थाना क्षेत्र के टाटी गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में सरारोमबा निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार देर रात टाटी बाजार से लौटते समय बाइक सवार सुमित डोंग और प्रदीप डोंग को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में सुमित डोंग को सिर और जबड़े में गंभीर चोटें आईं, जबकि प्रदीप को भी चोटें लगीं।

## भीषण गर्मी में सेवा का संकल्प

# श्री सर्वेश्वरी समूह ने मरीजों के बीच बांटे पंखे, ब्रेड और आध्यात्मिक का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** मानव सेवा ही सच्ची साधना है – इस भाव को साकार करते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह की गुमला शाखा के महिला संगठन ने अपने 19 सूत्री जनकल्याणकारी कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल में भर्ती एक सौ से अधिक मरीजों के बीच ताड़ के पंखे, ब्रेड व अघोरेश्वर संदेश का वितरण कर मानवता की मिसाल पेश की।

तेज़ गर्मी के इस दौर में मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किए गए इस पुनीत कार्य में महिला संगठन की सदस्यों ने सभी रोगियों का हालचाल जाना और मां सर्वेश्वरी से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।

संगठन की सक्रिय सदस्य गायत्री महापात्र ने बताया कि समूह समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि "ताड़ के पंखे की हवा न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाती है, बल्कि इसके औषधीय गुण तन-मन को भी शुद्ध करते हैं, जो रोगियों के स्वास्थ्य लाभ में सहायक होते हैं।" इस सेवा कार्य में महिला संगठन की नीता हरीतिमा, मीरा विश्वकर्मा, रुक्मणी सिंह, क्षमा गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी दास, मधु सिन्हा, सोनी देवी, अनीशा गुप्ता, कांता गुप्ता, बिमला महापात्र, अदिति सारंगी, रश्मि केसरी और पुष्पा गुप्ता सहित कई सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# शशि संगीता ने संभाला भार एवं माप पदाधिकारी का कार्यभार

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले को अब एक नई भार एवं माप पदाधिकारी मिल गई हैं। शशि संगीता ने जिले में भार एवं माप विभाग की पदाधिकारी के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार ग्रहण करने से उपभोक्ता अधिकार संरक्षण, माप-तौल की पारदर्शिता और व्यापारिक अनुशासन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। शशि संगीता एक दक्ष और अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी मानी जाती हैं, जिन्हें माप-तौल से जुड़े मानकों की निगरानी और लागू कराने का व्यापक अनुभव है। भार एवं माप विभाग उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ बाजार व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने का अहम दायित्व निभाता है।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने नवनियुक्त अधिकारी को कार्यभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि शशि संगीता गुमला जिले में माप-तौल व्यवस्था को मानकों के अनुरूप बनाए रखने, व्यापार में अनुशासन स्थापित करने तथा उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाएंगी। जिले में अब यह अपेक्षा की जा रही है कि बाजारों में मानक तराजू, नाप, लीटर और मीटर का नियमित सत्यापन होगा।

## गुमला स्थापना दिवस पर भावनाओं का हुआ महाकुंभ

# 'गुमला रिवाइंड' में जीवंत हुई यादें, पुस्तक विमोचन व सम्मान समारोह से गूंजा सभागार

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले की स्थापना की 42वीं वर्षगांठ पर जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह एक भव्य, गरिमामय और भावनात्मक आयोजन में तब्दील हो गया। वर्तमान प्रशासनिक नेतृत्व के साथ-साथ गुमला की सेवा में रहे पूर्व अधिकारी, पत्रकार, खिलाड़ी और समाजसेवी एक मंच पर जुटे और जिले की स्मृतियों, चुनौतियों और उपलब्धियों को साझा किया। समाहरणालय परिसर में 'गुमला रिवाइंड' नामक फोटो गैलरी का उद्घाटन किया गया, जिसमें गुमला के ऐतिहासिक पलों, प्रशासनिक यात्रा और जन आंदोलनों की दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। समाहरणालय सभागार में हुए मुख्य समारोह में पूर्व उपायुक्त गौरी शंकर ने अपने कार्यकाल की साहसिक कहानियां साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने उग्रवाद से प्रभावित इलाकों में बिना सुरक्षा बल के जनता दरबार लगाए। पूर्व पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार ने भी अतीत के कठिन दौर की चर्चा करते हुए कहा कि गुमला ने उग्रवाद से निकलकर साहित्य, विज्ञान और खेल में भी अपनी पहचान बनाई है। पूर्व उप विकास आयुक्त पुणे उरांव ने गुमला के प्रशासनिक भवन की सराहना की और भाषाई विविधता को दर्शाते कुड़ुख संकेतकों की विशेष चर्चा की। 39 वर्षों तक सेवा देने वाले पूर्व कार्यालय अधीक्षक मार्शल होरो ने गुमला से अपने जुड़ाव को भावुकता से बयां किया।

# नरेकेला में मत्स्य परियोजनाओं का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आज रविवार को गुमला जिले के बसिया प्रखंड के नरेकेला में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत संचालित मत्स्य परियोजनाओं का निरीक्षण एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया गया।

इस प्रतिनिधिमंडल में (एजेंसी फ्रांसेज़ डे डेवलपमेंट) से ऑर्फी सिलार्ड और निधि बत्रा, वर्ल्ड बैंक से जुलियन मिलियन (वरिष्ठ जलकृषि मानक विशेषज्ञ), भारत सरकार की राष्ट्रीय समन्वय टीम से आई. ए. सिद्दीकी, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद से मासूम वाहिद, झारखंड के मत्स्य निदेशक एच. एन. द्विवेदी सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने नरेकेला में विकसित ग्रो-आउट तालाब और उससे जुड़ी मत्स्य पालन गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्य पालकों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, उत्पादन, स्थानीय लाभ और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने गुमला जिले के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि यह मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकता है। साथ ही, जल संसाधनों के सतत उपयोग, महिला सहभागिता और ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण में मत्स्य पालन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि बेहतर कार्य कर रहे मत्स्य पालकों को उनके निवेश की रीइंबर्समेंट प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, जिले में सभी मत्स्य पालकों को "नेशनल फिशरी डिजिटल प्लेटफॉर्म" से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे योजनाओं का पारदर्शी व सुचारु लाभ वितरण सुनिश्चित हो सके और मत्स्य क्षेत्र में सुधार हो।

# हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पर किया गया ध्वजारोहण



नवीन मेल संवाददाता

**गांडेय(गिरिडीह)।** गांडेय बाजार के पुनीडीह गांव में हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को श्री - श्री 108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया ।

ध्वजारोहण मंदिर परिसर से शुरू होकर भयहरण मंडा , गांडेय बाजार , मोहन डीह, मोहदा मोड़ का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में श्रद्धालुओं ने भयहरण मंडा, पुराना बाजार हनुमान मंदिर, मोहदा मोड़ हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में माथा टेका । शोभा यात्रा के क्रम में श्रद्धालु यज्ञ का झंडा लेकर धार्मिक नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे । श्रद्धालुओं जय श्री राम , जय हनुमान सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक नारे लगा रहे थे । शोभा यात्रा में ढोल , नगाड़े , सहित विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र बजाए जा रहे थे । श्रद्धालुओं के जयघोष से गांडेय बाजार सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया । पुनः शोभा यात्रा यज्ञ परिसर में पहुंचकर समाप्त हो गया । यज्ञ परिसर में यज्ञ के आर्चाय पंडित श्री रविकांत शास्त्री ने विधि - विधान से देवी देवताओं की पूजा अर्चना मुख्य यजमान अमृत लाल पाठक और श्री कृष्ण राय को करवाया । पुनः यज्ञ आर्चाय के द्वारा भुमि पूजन करवाया गया और ध्वजारोहण किया गया । बता दें कि गांडेय के पुनीडीह गांव में आगामी 28 मई से 1 जून तक श्री - श्री 108 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया है । मौके पर गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक, रितेश पाठक, सहित गांडेय के विभाग क्षेत्रों के ग्रामीण उपस्थित थे ।

# पाकरटांड में दिव्यांग जोड़े की अनोखी शादी बनी चर्चा का विषय



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड अंतर्गत सिकरियाटांड गांव में रविवार को एक ऐसी शादी हुई, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। यह शादी सिर्फ एक साधारण वैवाहिक कार्यक्रम नहीं थी, बल्कि इंसानियत, प्रेम और सामाजिक सौहार्द्र की एक मिसाल बन गई।गांव के ही रहने वाले सुखराम बड़ाईक बचपन से ही दिव्यांग हैं और उनका कद भी सामान्य से काफी छोटा है। दूसरी ओर, सेवई गांव की लालमणि कुमारी भी छोटे कद की दिव्यांग हैं। दोनों की जिंदगी में संघर्ष हमेशा से रहा। हालांकि परिवार वाले और आसपास के लोगों की मदद से उसके लिए लड़की खोजी गई तो पूरे गांव ने इसे अपना पारिवारिक आयोजन मान लिया।रविवार को सिकरियाटांड स्थित शिव मंदिर परिसर में बड़ी धूमधाम से दोनों की शादी कराई गई। बारातियों और मेहमानों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाज और नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया।

इस खास मौके पर वीरूगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव भी पहुंचे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे उदाहरणों से प्रेरणा लेनी चाहिए। यह शादी सिर्फ दो लोगों के मिलन की नहीं, बल्कि समाज में समावेशिता और मानवीय संवेदनाओं की जीत की कहानी बन गई है।

# जंगली हाथी का कहर,दो घर क्षतिग्रस्त अनाज हुआ बर्बाद

**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत रामजोल व पाडो टोगरी टोली में जंगली हाथी के अचानक हमले ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी। मिली जानकारी के अनुसार, रात लगभग दो बजे झुँठ से भटककर इस हाथी ने सबसे पहले पाडो टोगरी टोली स्थित सनिका सुरीन के घर में घुसकर दीवारों को तोड़ा और भंडारित अनाज को बेकरारी से खा गया। इसके कुछ ही मिनटों के बाद वह रामजोल गांव पहुंचा और वहां नरेंद्र सिंह के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही वहाँ रखे अनाज पर भी अपना कहर बरपा डाला।सुबह घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य विरजो कडुंलना तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मिलकर पूरा जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत में कहा कि वन विभाग को इस तरह के हमलों से बचाव के उपाय तत्काल करने चाहिए और प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। ग्रामीणों ने भी हाथी हमलों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और वन विभाग से त्वरित हस्तक्षेप व सुरक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने की मांग की।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### वैश्विक विशेषज की नजर में भारत विजेता

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को मुहंतोड़ जवाब दिया। 7 मई की अल-सुबह शुरू हुए इस अभियान में पाकिस्तान के सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। इतना ही नहीं पाकिस्तानी सेना को भी भारत की कार्रवाई में जबरदस्त नुकसान हुआ। इसके बाद जब पाकिस्तान ने भारी गोलाबारी कर एक बार फिर भारत को उकसाने की कोशिश की तो उसे फिर से माकूल जवाब मिला और वायुसेना ने 10 मई आते-आते पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में एक मौका तो ऐसा आ गया, जब भारत ने पाकिस्तान का परमाणु भंडारण क्षेत्र माने जाने वाली किराना हिल्स को निशाना बनाने के साफ संकेत देते हुए सरगोधा एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचाया। इस पूरे घटनाक्रम के बावजूद दुनियाभर में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के विजेता को लेकर चर्चा जारी है। अब ऑस्ट्रिया के जाने-माने एविएशन एनालिस्ट (हवाई-उड्डयन मामलों के विश्लेषक) टॉम कूपर ने इस पूरे संघर्ष का परत-दर-परत विश्लेषण किया है और भारत को स्पष्ट विजेता बताया है। कूपर के अनुसार भारत की तरफ से अल-सुबह पाकिस्तान पर कार्रवाई की गई। पाकिस्तान पर इसके बाद दोबारा हमला करने का दबाव बनने लगा। पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने कई अटैक ड्रोन्स लॉन्च किए। इनकी पहचान यीहा-III और सोंगर ड्रोन्स के तौर पर की गई। इसके अलावा पाकिस्तान ने फतेह-1 मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर के जरिए रॉकेट भी दागे, जिनकी रेंज 120-140 किमी तक होती है। भारत पाकिस्तान के पलटवार के लिए पूरी तरह तैयार था और उसकी एकीकृत हवाई रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) पूरी तरह तैयार थी। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम लंबे समय से आधुनिक किए जा रहे हैं और अब तक यह पूरी दुनिया में सबसे परिष्कृत प्रणाली बन चुकी है। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम में तीन परत हैं। इनमें रूस का निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम (रेंज- 380 किमी), भारत-इस्राइल की निर्मित बराक-8एस सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (70 किमी रेंज) और आकाश सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (रेंज- 25 किमी) शामिल हैं। इसके अलावा भारत की हवाई रक्षा प्रणाली में इस्राइल की निर्मित स्पाइडर सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (रेंज- 15 किमी) और बोफोर्स एल70 एंटी-एयरक्राफ्ट बंदूकें भी हैं। पहले ही दिन भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन्स-मिसाइलों को मुंहतोड़ जवाब दिया और उत्तर से दक्षिण की तरफ जाने के बीच इन्हें श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी और भुज के ऊपर मार गिराया। भारत में ज्यादातर नुकसान असैन्य क्षेत्रों में हुआ, वह भी ड्रोन-मिसाइलों के मलबे के गिरने से। पाकिस्तान की तरफ से हमले की कोशिश का भारत ने गंभीरता से जवाब देना शुरू कर दिया। कूपर का कहना है कि भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के इरादे से 160 हैरोप अटैक ड्रोन्स भेजे, जो कि उसने इस्राइल से खरीदे हैं। पाकिस्तान यह दावा कर सकता है कि उसने इन हैरोप को मार गिराया, लेकिन सच्चाई यह है कि कई हैरोप ड्रोन्स ने रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय को निशाना बनाया। कुछ हैरोप तो पाकिस्तानी सेना के कोर को भी निशाना बनाने में कामयाब रहे।

*भारत के एयर डिफेंस सिस्टम लंबे समय से आधुनिक किए जा रहे हैं और अब तक यह पूरी दुनिया में सबसे परिष्कृत प्रणाली बन चुकी है।*

# ऑपरेशन सिंदूर : राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम




आज की बात



**सुश्री लक्ष्मी पुरी**
संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव और संयुक्त राष्ट्र महिला की उप कार्यकारी निदेशक तथा भारत की पूर्व राजदूत।

ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है – आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है। कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों।

सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाए रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है: भारत के खिलाफ़ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी - अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जाएगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिए गए इस संबोधन ने एक नई रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया- दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित। इसने एक सरल लेकिन दृढ़ संदेश दिया: भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए। अपने मूल में, प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी। दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्ट्रीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं। "सिंदूर" नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर - पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-II परीक्षणों के जरिए वाजपेयी जी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर —जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की—से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है। देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र व मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से, इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है। आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। दंड से मुक्ति का भ्रम टूट गया है। चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमज़ोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियाँ भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए। पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है। इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे।

पहलगाम के बाद, संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गयी। हालाँकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएँ व्यक्त की गईं। प्रतिक्रियाएँ इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें न केवल अपने रणनीतिक साझेदारों को सावधानी से चुनना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये साझेदारियाँ सिंदूर सिद्धांत को शामिल करती हों। इसका मतलब यह है कि उन्हें पाकिस्तान पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उसके आतंकी ठिकानों को खत्म करना चाहिए और राज्य-नीति के रूप में आतंकवाद का परित्याग करना चाहिए। यदि हमें पाकिस्तानी आतंकवादी-सैन्य ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करना पड़ता है, तो उन्हें हमारे साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। दुष्टों के लिए कोई शरणस्थली नहीं, कोई बचाव नहीं। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जिस आतंकी ढांचे को निशाना बना रहा है, वह न सिर्फ भारत और लोकतंत्र के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि और विकास के इंजन के रूप में देश की भूमिका के लिए भी खतरा है।

पाकिस्तान से आतंकवाद को वैश्विक स्तर पर निर्यात किया जाता है - यूरोप, यूके, संयुक्त राज्य अमेरिका और उससे आगे। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का अधिकांश हिस्सा आंखें मूंद कर बैठा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी समूह पाकिस्तान में खुलेआम काम करते हैं। पाकिस्तान पहले भी आतंकवादी समूहों की शरणस्थली था और अब भी है। ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान, पाकिस्तान के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने सार्वजनिक रूप से इतना स्वीकार किया। भारत ने आतंक के इस असंख्य सिर वाले राक्षस के खिलाफ कार्रवाई करके वैश्विक सेवा की है। यह अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के योद्धा के रूप में खड़ा है। दुनिया को कार्रवाई करने के लिए जागरूक होना चाहिए और आतंक के अपराधियों और इसके खिलाफ काम करने वालों के बीच नैतिक समानता स्थापित करना बंद करना चाहिए - चाहे उनके संकीर्ण, अल्पकालिक, दिखावटी विचार कुछ भी हों। सिंदूर सिद्धांत का आर्थिक आयाम भी महत्वपूर्ण है। "आतंकवाद के साथ कोई व्यापार नहीं" की स्पष्ट घोषणा करके, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आर्थिक उपायों को क्रियान्वित किया है।

## कदाचार मुक्त परीक्षा कब संभव होगा?

आपकी बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक सहायक आचार्य

भारत की शिक्षा प्रणाली आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ ज्ञान, नैतिकता और गुणवत्ता की अपेक्षा महज़ डिग्री प्राप्ति एकमात्र उद्देश्य बन गया है। विडंबना यह है कि जहाँ शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार मानी जाती है, वहीं इसकी नींव परीक्षा प्रणाली ही भ्रष्टाचार और कदाचार से ग्रस्त है। हाल के वर्षों में परीक्षा से जुड़े कदाचार की घटनाएं लगभग नियमित हो चुकी हैं। उदाहरण के तौर परः बिहार बोर्ड (2016) में टॉपर घोटाला सामने आया जहाँ बिना विषय ज्ञान के छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा (2021) में व्यापक नकल और पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। झारखंड में JSSC परीक्षा (2023) में पेपर लीक की पुष्टि के बाद राज्य भर में आक्रोश फैला। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट (2022) के अनुसार, देश में परीक्षा धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में 8% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के सैकड़ों सरकारी कॉलेज ऐसे हैं जहाँ विभाग तो हैं, पर शिक्षक नहीं। एक RTI रिपोर्ट (2023) के अनुसार झारखंड के 56 कॉलेजों में 40% से अधिक विभागों में स्थायी शिक्षक नहीं हैं, फिर भी वहाँ सैकड़ों छात्रों का नामांकन लिया जा रहा है। इससे बड़ा सवाल यह है कि शिक्षकविहीन विभागों में छात्र कैसे परीक्षा पास कर रहे हैं? उत्तर दुखद है या तो छात्रों को नकल की छूट दी जा रही है, या मूल्यांकन एक औपचारिकता बन गया है। हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE, 2022) के अनुसार, देश में हर साल लगभग 4 करोड़ छात्र स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन इनमें से एक बड़ा हिस्सा न तो रोजगार के योग्य होता है, न ही उसके पास मूलभूत व्यावसायिक कौशल होता है। सरकारी नौकरियों की परीक्षाओं में प्रत्येक 100 आवेदन में से औसतन 25% आवेदन तकनीकी त्रुटियों से अस्वीकार हो रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि छात्रों को न तो ठीक से आवेदन भरना आता है, न ओएमआर शीट की समझ होती है। शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था के आधार स्तंभ होते हैं, परंतु आज उनका व्यवहार भी कई स्थानों पर मात्र औपचारिकता तक सीमित रह गया है। कई कॉलेजों में शिक्षक नियमित उपस्थिति नहीं देते, लेक्चर देना दुर्लभ हो गया है। छात्रों से बातचीत में यह सामने आता है कि "पढ़ाई नहीं हो रही, तो चोरी के अलावा विकल्प क्या है?" यह स्थिति शिक्षा की नैतिकता को जड़ से हिला देती है। तो इसका क्या है समाधान? डिजिटल प्रश्नपत्र, बायोमेट्रिक सत्यापन, कैमरा निगरानी जैसी तकनीक अपनाकर परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जा सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## "कब मिलेगी महिलाओं को मानसिक आज़ादी?"

अलग बात



**वीणा देवांगन**
(अभियंता)


कानूनों ने महिलाओं को आज़ादी दे दी, मगर क्या समाज ने भी दी? क्या घर की चारदीवारी के भीतर और रिश्तों की परिभाषाओं के बीच, एक महिला सच में आज़ाद है? बाहर की दुनिया में नौकरी, शिक्षा, और अभिव्यक्ति के सारे दरवाज़े खुले हैं - लेकिन दिल और दिमाग के दरवाज़े अब भी किसी की अनुमति का इंतज़ार करते हैं। विवाह को हमने दो विचारों का मिलन तो कहां कहा, पर क्या विचारों की स्वतंत्रता को मान दिया? अधिकतर शादियाँ दो परिवारों का मेल नहीं. एक परिवार की सोच का दूसरे पर वर्चस्व बन चुकी हैं। पति अगर कह दे कि "मैंने इजाजत दी है", तो वही एक महान पुरुष बन जाता है। और पत्नी? वह सिर्फ शुक्रगुज़ार होती है कि उसे कुछ की इजाजत मिली। यह कैसी आज़ादी है जहाँ निर्णय लेने से पहले पूछना पड़ता है - "क्या मैं ये कर सकती हूं?" यह कैसी बराबरी है जहाँ सोचने से पहले डर लगता है - "लोग क्या कहेंगे?" एक महिला जब नौकरी करती है, तो सुनने को मिलता है - "हमने करने दिया तब तुम कर रही हो", जब वो अपनी पसंद के कपड़े पहनती है, तो ताने मिलते हैं -"हमारे घर में ऐसे नहीं चलता", और जब वह अपने सपनों की बात करती है, तो उसे संस्कारों का आईना दिखाया जाता है। ऐसे में सवाल उठता है - क्या हम सच में आज़ाद हैं, या आज़ादी के भ्रम में जी रहे हैं? पुरुषों को बचपन से सिखाया जाता है कि वे निर्णयकर्ता हैं। और महिलाओं को सिखाया जाता है कि उन्हें अनुमति लेकर चलना चाहिए। इस मानसिकता ने ही सबसे गहरे स्तर पर औरत को बाँध दिया है - जहाँ वो खुद से भी इजाजत लेने लगी है इसलिए उनका आत्मविश्वास हमेशा से कम रहता है। कभी सोचिए - जब वेदों की ऋषिकाएं गार्गी और मैत्रेयी ज्ञान की सभा में पुरुषों से शास्त्रार्थ कर रही थीं, तब समाज उन्हें रोकने वाला नहीं था। महिलाएं कभी भी कमज़ोर नहीं थीं - हमने ही उन्हें सीमाओं में बाँधकर ऐसा बना दिया। इतिहास गवाह है कि स्त्रियों को सम्मान, स्थान और स्वतंत्रता मिली थी। परंतु कुछ शताब्दियों से, कुछ परंपराओं और कुछ मानसिकताओं ने मिलकर उसे 'स्वतंत्र मानव' से 'संस्कार की मूरत' बना दिया। आज अगर कोई घर अपनी बहू को पढ़ने, पहनने, और काम करने की आज़ादी दे देता है, तो वह तारीफ पाता है, जैसे कोई बड़ा उपकार कर दिया हो। यह सोच ही हमारी हार है। क्योंकि औरतों को आज़ादी 'दी' नहीं जाती, वह तो उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब तक हम यह नहीं समझते कि महिला को अपने फैसले खुद लेने का हक है - बिना किसी डर, बिना किसी इजाजत - तब तक हम असली आज़ादी की बात ही नहीं कर सकते। मानसिक आज़ादी वहीं से शुरू होती है जहाँ से 'अनुमति' का शब्द खत्म होता है। जहाँ औरत यह कह सके - "मैंने चुना है, क्योंकि मैं ऐसा करना चाहती हूं, और मुझे इसकी इजाजत किसी से नहीं चाहिए।" अब वक्त आ गया है कि हम बहस करें, बदलाव लाएं, और यह तय करें कि हमें कैसी दुनिया चाहिए - ऐसी जिसमें महिलाएं सिर्फ सामाजिक इज्जत की मूर्ति बनकर रहें, या वो जहाँ वे अपने व्यक्तित्व की, अपने विचारों की पूरी आज़ादी से जी सकें। मानसिक आज़ादी कोई नारा नहीं, बल्कि हर महिला का हक है। और जब तक हर घर में यह हक महसूस नहीं किया जाएगा, तब तक हम चाहे जितना भी प्रगतिशील कहलाएं, भीतर से समाज अभी भी गुलामी में ही जकड़ा रहेगा। यह लेख लिखने का उद्देश्य सिर्फ आलोचना करना नहीं है, और न ही यह कहना कि हर महिला पीड़ित है। मैं उस समाज की कल्पना करती हूं जहाँ विचारों की स्वतंत्रता हो, जहाँ महिलाएं न केवल घर-परिवार संभालें, बल्कि बड़े उद्देश्यों के लिए खुद को साबित भी करें। मैं उन महिलाओं के साथ नहीं हूं जो आज़ादी के नाम पर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ती हैं या अपने अधिकारों का गलत लाभ उठाती हैं। मैं उनके साथ हूं, जो कर सकती हैं, लेकिन "पहले अनुमति लो" की दीवार उन्हें बार-बार रोकती है। यह लेख उस मानसिकता के खिलाफ है, जो पुरुष को परमेश्वर बनाकर उसके "करने देने" को महानता मानती है। क्यों एक महिला को जीवनभर शुक्रगुजार रहना पड़े कि उसे कुछ करने दिया गया? स्वतंत्रता कोई दया नहीं, यह जन्मसिद्ध अधिकार है। और जब तक हम इस सोच को नहीं बदलेंगे, तब तक महिलाओं की शक्ति का असली रूप समाज कभी देख ही नहीं पाएगा।

(veenavlogs@gmail.com)

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

बिना वेश बदले यहाँ, चल जाता है काम।
'मारीचों' ने ठग लिए, जाने कितने 'राम'।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

देश की बात



**सीपी एस बख्शी**
संयुक्त सचिव अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। ऐप की फीडबैक-संचालित डिजाइन तीर्थयात्रा की पूरी अवधि के दौरान निरंतर सुधार की सुविधा देती है। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। 2024 में इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। **(लेख में व्यक्त किए गए विचार लेखक के निजी हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भारत-पाक के बीच सीजफायर खत्म होने की खबर का खंडन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**



भारतीय सेना ने उन अफवाहों का खंडन कर दिया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर खत्म हो रहा है। भारतीय सेना ने कहा कि यह महज बस अफवाह है और सीजफायर खत्म नहीं हो रहा है। भारतीय सेना ने कुछ मीडिया हाउस के इस दावे का खंडन किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर रविवार को समाप्त हो रहा है। इसके अलावा, भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच कथित तौर पर डीजीएमओ स्तर की वार्ता पर भी स्पष्टीकरण दिया है।
भारतीय सेना की ओर से रविवार को कहा गया है कि कुछ मीडिया हाउस में यह रिपोर्ट चल रही है कि आज भारत-पाक सीजफायर खत्म हो रहा है। जबकि, ऐसा नहीं है। ऐसी खबरें पूर्ण रूप से गलत हैं। वहीं, डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) स्तर की बातचीत पर सेना ने कहा कि आज कोई बातचीत निर्धारित नहीं की गई है। सेना ने साफतौर पर स्पष्ट रूप से कहा है कि 12 मई को भारत-पाक के डीजीएमओ के बीच जो सीजफायर को लेकर बातचीत हुई, उसमें कोई समाप्ति तिथि निर्धारित नहीं की गई है। यानी यह अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। ज्ञात हो कि भारत-पाक के सीजफायर को लेकर कुछ मीडिया संस्थानों की ओर से खबरें चलाई गई कि आज भारत-पाक के डीजीएमओ स्तर की बातचीत होनी है और इसका मुख्य उद्देश्य भारत-पाक के सीजफायर खत्म होने को लेकर है। हालांकि, भारतीय सेना ने इन सभी खबरों को झूठा करार दिया है। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। बॉर्डर से सटे शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल दागे गए। लेकिन, भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन और मिसाइल को हवा में ही नाकाम कर दिया। सेना ने पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया।

## गिरिराज सिंह का तीखा हमला

# देशहित पर कांग्रेस की जुबान नहीं खुलती

**बेगूसराय (आईएएनएस)**



आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को स्पष्ट करने के लिए सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएगा। आतंकवाद पर भारत के वैश्विक आउटरीच प्रतिनिधिमंडलों में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को शामिल किए जाने को लेकर कांग्रेस से ही आवाज उठाए जाने लगी है।
इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की वह पार्टी बनकर रह गई है जिसके अंदर सकारात्मक देशहित पर कोई जुबान ही नहीं खुलती। कोई सकारात्मक राजनीति हो, पॉजिटिव राजनीति हो ये चुप रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस केवल निगेटिव राजनीति करती है। देश के बाहर भी ये भारत को बदनाम करते हैं। अब विदेशों में प्रतिनिधिमंडल जा रहा है और उसमें अगर शशि थरूर हैं तो इसमें राजनीति किस बात की है? शशि थरूर भी कांग्रेस के ही हैं।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई इसमें दिखती है। कांग्रेस के अंदर अंदरूनी लोकतंत्र भी नहीं है और यह घटिया राजनीति पर उतर आई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आज आतंकी देश बनकर रह गया है। भारत की सेना के शौर्य ने यह दिखा दिया है कि इस आतंकी देश को बर्बाद होने से कोई रोक नहीं सकता है। लेकिन भारत का जो दुश्मन देश पाकिस्तान है, उसका जो साथ देता है, उसके प्रति भी देश की जनता में आक्रोश है। चाहे कोई भी देश हो, दुश्मन की मदद करने वाला देश भारत का हितकर नहीं हो सकता है, तुर्की हो या जो भी हो। केंद्र सरकार ने विदेश जाने वाले सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल सभी सदस्यों के नाम तय कर दिए हैं।

# महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ के हमलों में दो व्यक्तियों की मौत



**चंद्रपुर ।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में ताडोबा-अंधारी बाघ अभयारण्य (टीएटीआर) के बफर जोन में रविवार को बाघ के हमलों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी एक वन अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक हमला उस समय हुआ जब ग्रामीण तड़के तेंदू पत्ता इकट्ठा करने के लिए जंगल में गए थे। अधिकारी ने बताया कि वढोना गांव निवासी मारोती शेंडे (64) पर ब्रम्हपुरी वन प्रभाग के तहत आने वाले नागभीड़ तहसील के तलोधी वन परिक्षेत्र में एक बाघ ने हमला कर दिया जिसमें वह जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि वनकर्मियों ने मारोती को सिंदेवाही के एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। टीएटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसी तरह की एक घटना में, मुल तहसील के शिवपुर-चेक गांव निवासी रूशी पेंडोर की एक बाघ के हमले में मौत हो गई।

# तमिलनाडु में वैन के कुएं में गिरने से पांच लोगों की मौत

**मद्रास ।** तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में आठ लोगों को ले जा रही एक वैन के सड़क किनारे कुएं में गिर जाने के कारण पांच लोगों की मौत हो गयी। अधिकारी ने यहां इसकी जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वाहन के कुएं में गिरने के बाद तीन लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। उन्होंने बताया कि यह घटना जिले में सथानकुलम के पास हुई, जब वे कोयंबटूर से एक चर्च कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

## पाकिस्तान व चीन यात्रा के बाद सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर थी हिसार की ज्योति

# ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों से करती थी मुलाकात

**हिसार (हि.स.)**

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के शक में गिरफ्तार हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के बारे में जांच के दौरान कई बातें सामने आ रही हैं। ज्योति पाकिस्तान से लौटकर चीन भी गई थी। पाकिस्तान में उसे कहीं भी आने-जाने की छूट थी। वहां उसे सिक्योरिटी मिलती थी और किसी वीआईपी की तरह उसे ट्रीटमेंट मिलता था। शनिवार की रात ज्योति के घर की भी तलाशी ली गई। हिसार पुलिस ज्योति को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ कर रही है। सुरक्षा एजेंसियों व नियमों के अनुसार आमतौर पर किसी भारतीय के पाकिस्तान जाने पर पुलिस स्तर पर उसकी निगरानी की जाती है। वह उन्हीं जगहों पर जा सकता है, जिसका जिक्र वीजा में होता है लेकिन, ज्योति पाकिस्तान में हाईप्रोफाइल पार्टियों में भी शामिल होती थीं। हिसार पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि इन बड़ी पार्टियों में उसकी मुलाकात पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के बड़े अधिकारियों से होती थी। वह पाकिस्तान के अलावा दो बार कश्मीर भी जा चुकी हैं। जांच में यह भी पता चला है कि ज्योति खुफिया एजेंसी के अधिकारी के साथ इंडोनेशिया के बाली भी घूमकर आई और नेपाल भी गईं थी। पुलिस का मानना है कि हालांकि बहाना यूट्यूब के लिए वीडियो बनाने का होता था, लेकिन ज्योति का असल मकसद भारत की खुफिया जानकारी इकट्ठा कर पाकिस्तान को देना था। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में पता चला है कि ज्योति इस वर्ष 23 मार्च को पाकिस्तानी एंबेसी गई थी। जहां उसने इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया। इसका वीडियो भी उसने अपने चैनल पर डाला था। जब वह एंबेसी में पहुंची तो दानिश ने बहुत फ्रेंडली तरीके से उसका स्वागत किया और दोनों आपस में इस तरह से बात करते दिखे कि एक-दूसरे को बहुत करीब से जानते हों। दानिश ने उसे अपनी पत्नी से भी मिलवाया। इसके अलावा वहां मौजूद अधिकारियों से भी उसकी बात कराई। इस इफ्तार में ज्योति कुछ चीनी अधिकारियों से भी मिली। वह पूरे वीडियो में पाकिस्तानी एंबेसी में किए इंतजामों की जमकर तारीफ करती दिखी थी। उसने दानिश की पत्नी को अपने घर हिसार में भी आने के लिए निमंत्रण दिया।



● जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर से पूछताछ में हो रहे हैं अहम खुलासे

## जासूसी मामले में कैथल के देवेंद्र से एनआईए की पूछताछ

# हरियाणा पुलिस ने डीएसपी गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का किया गठन

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में आए कैथल वासी पाकिस्तानी जासूस देवेंद्र सिंह के मामले की जांच में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी शामिल हो गई है। रविवार को एनआईए की एक टीम कैथल पहुंची और देवेंद्र सिंह से पूछताछ की। कैथल पुलिस ने इस पूछताछ की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह सिख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने पाकिस्तान गया था। इस दौरान उसे वहां की एक लड़की ने हनीट्रैप में फंसा लिया और सात दिन तक उसे अपने साथ रखा। लड़की ने उसे पाकिस्तान में जासूसी की ट्रेनिंग दी। फिर उस लड़की ने उसका संपर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के पांच एजेंटों से करवाया। पुलिस जांच में सामने आया कि लडक़ी ने देवेंद्र को लालच दिया कि अगर वह गुप्त सूचना देगा तो वह उसकी दोस्ती खूबसूरत लड़कियों से करवा देगी और उसे पैसे भी मिलेंगे।

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में प्रोफेसर खान दिल्ली से गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी में कार्यरत प्रो. अली खान महमूदाबाद को स्थानीय पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। प्रो. खान ने बीती 7 मई को कर्नल सोफिया तथा विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी टिप्पणी की थी। पुलिस ने सोनीपत के गांव जठेड़ी के सरपंच की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया था।



### नूंह में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में 26 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**हरियाणा।** नूंह जिले के राजाका गांव में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में 26 वर्षीय एक व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। नूंह पुलिस ने बताया कि आरोपी अरमान को दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी के माध्यम से भारतीय सेना और अन्य सैन्य गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं पाकिस्तान के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## हेमचंद गोयल का इस्तीफा, बोले

# आम आदमी पार्टी में सुनवाई नहीं हो रही थी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली में शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के 15 निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर एक नए दल के गठन का ऐलान किया। इस्तीफा देने वाले पार्षदों का नेतृत्व कर रहे हेमचंद गोयल ने रविवार को बताया कि पार्टी नेतृत्व की अनदेखी और जनता के प्रति जवाबदेही के अभाव ने उन्हें यह बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर किया। हेमचंद गोयल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार रही। लेकिन, क्षेत्र में कोई ठोस काम नहीं हुआ। जनता से रोजाना सवालों का सामना करना पड़ता था, लेकिन जब हम पार्टी नेतृत्व से बात करते तो हमारी कोई सुनवाई नहीं होती थी। इस उपेक्षा से आहत होकर हमने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया है और अब नई पार्टी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया, बल्कि इसकी पटकथा करीब 20 दिन पहले ही लिखी जा चुकी थी।



उन्होंने कहा कि मेयर चुनाव में ही साफ हो गया था कि पार्टी नेतृत्व ने पहले ही हथियार डाल दिए थे। हमारी संख्या 130 से ज्यादा थी, बहुमत के लिए 126 की आवश्यकता थी, लेकिन हम 113 तक सिमट गए और भाजपा 117 तक पहुंच गई। कांग्रेस के 8 पार्षद भी थे। ऐसे में अगर आम आदमी पार्टी, कांग्रेस से बात करती तो हम मेयर बना सकते थे।

# ऑल पार्टी डेलिगेशन दुनिया भर में पाक को बेनकाब करेगा : अरुण साव

**रायपुर (आईएएनएस)**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आतंकवाद के मामले पर विश्व को भारत के रुख के प्रति अवगत कराने के लिए ऑल पार्टी डेलिगेशन भेजने को निर्णय महत्वपूर्ण बताया है। ऑल पार्टी डेलिगेशन में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को शामिल किए जाने पर साव ने कहा कि अलग-अलग राजनीतिक दलों के सांसद दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने बहादुरी और रणनीतिक तरीके से पाकिस्तान में कई किलोमीटर अंदर जाकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ऑपरेशन चलाया। उसके बाद पाकिस्तान में जो दृश्य देखने को मिले, जिसमें पाकिस्तानी सेना, पुलिस, स्थानीय राजनेता और सैन्य अधिकारी आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए।



# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# पाकिस्तान बना आतंकवाद की यूनिवर्सिटी: तरुण चुघ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का वैश्विक संदेश पहुंचाने के तहत सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के ऐलान को सराहनीय कदम बताया। यह प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति के बारे में अवगत कराएगा। तरुण चुघ ने कहा कि यह फैसला पाकिस्तान में आतंक को समर्थन देने वाली सरकार पर कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "पाकिस्तान का घिनौना, भद्दा और घटिया चेहरा बेनकाब करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को दुनियाभर में भेजने का फैसला किया है, जो एक सराहनीय कदम है। यह फैसला पाकिस्तान में आतंक को समर्थन देने वाली सरकार पर कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक भी है। पूरे विश्व को यह प्रतिनिधिमंडल जानकारी देगा कि किस तरह पाकिस्तान आतंकवाद की विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी चला रहा है।



भाजपा महासचिव का आरोप

## राष्ट्रीय मुद्दों पर भी कांग्रेस कर रही **राजनीति...**

उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा, "पाकिस्तान प्रायोजित आतंक को पूरे विश्व में बताने वाले प्रतिनिधिमंडल को लेकर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है। यह दर्शाता है कि उनके लिए तुष्टिकरण से बढ़कर कुछ नहीं है। जब देश एकता का परिचय दे रहा है, तो उस समय कांग्रेस सूची में नाम नहीं होने को लेकर राजनीति कर रही है। कांग्रेस के लिए यह राष्ट्रीय सुरक्षा का नहीं बल्कि निजी स्वार्थ का मामला है। केंद्र सरकार ने विपक्ष को प्रतिनिधिमंडल में शामिल कर देश को एकजुट करने का प्रयास किया है। मगर, कांग्रेस इसको भी राजनीतिक स्वार्थ की चौखट पर गिराने में लगी हुई है। उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य विजय नहीं है, बल्कि भारत की कूटनीतिक ताकत का भी प्रदर्शन है।

## नवनीत राणा ने दी पाक को चेतावनी, कहा-

# हिंदुस्तान आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करेगा

**अमरावती (आईएएनएस)**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता नवनीत राणा ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान ने आतंकवाद को पनाह देना नहीं रोका तो हिन्दुस्तान ने भी ठान लिया है कि पाक प्रायोजित आतंकी ढांचे को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए नवनीत राणा ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत में हिन्दू-मुस्लिम के बीच झगड़े कराने के मकसद से पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम दिया और हमारे निर्दोष लोगों की उनके धर्म के आधार पर गोली मारकर हत्या कर दी। आज मैं पाकिस्तान को बताना चाहती हूं कि हिंदुस्तान में रहने वाला हर नागरिक हिन्दुस्तानी है और हम हिन्दुस्तानी जब किसी का विरोध करते हैं तो आखिरी सांस तक दम नहीं लेते।




## 'ऑपरेशन सिंदूर' का नया वीडियो आया सामने, सैनिक बोला

# 'वो गुस्सा नहीं लावा था, अब उनकी पीढ़ियां याद रखेंगी': भावुक बयान में गूंजा दर्द और चेतावनी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भारतीय सेना की पश्चिमी कमान की ओर से जारी वीडियो में सेना के एक जवान ने कहा कि ये शुरुआत पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुई, जो कि गुस्सा नहीं लावा था। वीडियो में सेना के जवान ने कहा कि दिमाग में बस एक ही बात थी कि अबकी बार ऐसा जवाब देंगे कि इनकी पीढ़ियां याद रखेंगी, ये बदले की भावना नहीं, न्याय था। 9 मई रात को तकरीबन 9 बजे दुश्मन की फोर्स ने सीजफायर का उल्लंघन किया। इन सभी पोस्ट्स को भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया। जवान ने कहा है कि दुश्मन अपनी पोस्ट छोड़कर भागता नजर आया।

वीडियो में भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से जब सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा था, भारतीय चौकियों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों को भी टारगेट किया जा रहा था। इसका वीडियो वेस्टर्न कमांड इंडियन आर्मी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया गया। इस हफ्ते की शुरुआत में भारतीय सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने जम्मू क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई स्थानों का दौरा किया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों की सटीक और दंडात्मक प्रतिक्रिया की सराहना की।



'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देशवासियों में उत्साह

# तिरंगा यात्रा सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करने का तरीका : गजेंद्र सिंह शेखावत

**जोधपुर (आईएएनएस)।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देशभर में आयोजित की जा रही तिरंगा यात्रा को सेना के सम्मान में पूरा देश की एकजुटता करार दिया। रविवार को केंद्रीय मंत्री जोधपुर पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पहलगाम की भयावह घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी का संदेश स्पष्ट था कि आतंकवाद के इस क्रूर कृत्य के पीछे हर आतंकी को अकल्पनीय सजा मिलेगी। इसके बाद, वीर भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसने भारत के 140 करोड़ लोगों को सेना के प्रति अपार गर्व और सम्मान से भर दिया। सभी जातियों, भाषाओं, वर्गों, क्षेत्रों और राजनीतिक मान्यताओं के लोग भारतीय सशस्त्र बलों का सम्मान करने के लिए एक साथ आए हैं।

# भारतीय सेना की पहुंच से बाहर नहीं पाकिस्तान : मनोज सिन्हा

**जम्मू-कश्मीर । एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पड़ोसी देश में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय सशस्त्र बलों की पहुंच से बाहर हो। सिन्हा ने यह टिप्पणी उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी देखी है और फिर दुश्मन ने संघर्षविराम के लिए पूरी दुनिया से गुहार लगानी शुरू कर दी। पाकिस्तान में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय सेना की पहुंच से बाहर हो। उपराज्यपाल ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला और यह भी कहा कि दुश्मन कर्ज के दम पर मानवता को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारा पड़ोसी कर्ज के दम पर मानवता को नष्ट करने पर तुला हुआ है। मुझे लगता है कि हमारे वीर सैनिकों द्वारा दिए गए जवाब से उन्हें सबक मिला होगा। मैं आपकी वीरता, पराक्रम और मां भारती के प्रति आपकी भक्ति को नमन करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि जब भी ऐसा संकट आए, तो लोगों को पता चले कि हमारा देश आप जैसे वीरों के सुरक्षित हाथों में है। सिन्हा ने सेना और पुलिस कर्मियों के साथ जमीनी स्तर पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देश सतर्कता, समर्पण, बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान के साथ जीवन की रक्षा करने और हमारी सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बलों का आभारी है।

## तंगधार दौरे पर बोले सिन्हा: जवान हर दुस्साहस का डटकर करेंगे सामना

सिन्हा ने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे जवान दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का डटकर सामना करेंगे।" बाद में सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सेना और पुलिस अधिकारियों के साथ जमीनी स्तर पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। तंगधार में हमारे बहादुर जवानों से बातचीत की। वे देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ डटे हुए हैं।" सिन्हा ने तंगधार सेक्टर में सीमा क्षेत्र का दौरा किया और पाकिस्तान द्वारा भारी गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन किया।

## लोन के लिए आईएमएफ ने पाकिस्तान के सामने 11 और शर्तें रखी

# भारत से तनाव सबसे बड़ा जोखिम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 7 अरब डॉलर के लोन के लिए पाकिस्तान के सामने 11 और नई शर्तें रख दी हैं। इसके साथ ही भारत के साथ तनाव को एक बड़ा जोखिम बताया है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, जो नई शर्तें लगाई गई हैं उनमें 17.6 लाख करोड़ रुपए के नए बजट को मंजूरी देना, बिजली बिलों पर डेट सर्विसिंग सरचार्ज बढ़ाना और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है। शनिवार को जारी आईएमएफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है कि तो पड़ोसी देश के राजकोष, विदेशी व्यापार और सुधारों पर नकारात्मक असर होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अभी तक बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हालिया मुनाफे को बरकरार रखा है। आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि अगले वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.414 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जो 25,200 करोड़ रुपए या 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में, सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है, जो भारत के साथ संघर्ष के बाद 18 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

### बांग्लादेश से आयात पर प्रतिबंध

## भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स और प्रोसेस्ड फूड की एंट्री पर लगाया बैन

एक महत्वपूर्ण व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड जैसे कुछ सामानों के आयात पर भूमि बंदरगाह प्रतिबंध लगाते हुए एक अधिसूचना जारी की। डीजीएफटी ने अपनी अधिसूचना में कहा, "हालांकि, इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले बांग्लादेशी सामानों जो कि नेपाल और भूटान जा रहे हैं, पर लागू नहीं होंगे। "बांग्लादेश से सभी प्रकार के रेडीमेड गारमेंट्स का आयात किसी भी भूमि बंदरगाह से नहीं किया जाएगा। अन्य प्रतिबंध फल या फल के स्वाद वाले और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के आयात, प्रोसेस्ड फूड आइटम्स, कपास और सूती धागे का वेस्ट, प्लास्टिक और पीवीसी तैयार माल और लकड़ी के फर्नीचर पर हैं।

#### भारत बना बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

भारत चीन के बाद बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2022-23 में, बांग्लादेश-भारत व्यापार लगभग 16 बिलियन डॉलर का था। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, बांग्लादेश ने लगभग 14 बिलियन डॉलर का सामान आयात किया, जबकि भारत को उसका निर्यात 2 बिलियन डॉलर रहा।

# एमके स्टालिन ने गैर भाजपा शासित राज्यों के सीएम को लिखी पाती

**ब्यूरो**



● 'सुप्रीम कोर्ट' के फैसले पर राष्ट्रपति के उठाए सवालों पर लिखा गया है यह पत्र

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाए हैं। इसे लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। स्टालिन ने गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। स्टालिन ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार अधिकार का उपयोग करते हुए 13 मई 2025 को 14 प्रश्न उठाए हैं। इसमें किसी राज्य या फैसले का जिक्र नहीं है, लेकिन यह साफ है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल के मामले में की टिप्पणियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के संबंध में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल मेरे ही नहीं बल्कि सभी राज्यों के लिए अहम है। सभी जानते हैं कि कैसे केंद्र सरकार ने राज्यपालों का उपयोग विपक्ष शासित राज्यों के कार्यों को बाधित करने के लिए किया है। राज्यपाल विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करते हैं या उन्हें बिना वैध व कानूनी कारणों के रोके रखते हैं। वे नियमित कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों में बाधा डालते हैं और विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हैं। स्टालिन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में अपने फैसले में कहा कि राज्यपाल विधेयकों से संबंधित मामलों में राज्य मंत्रिमंडल की सलाह से बंधे हैं। वे विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। राष्ट्रपति और राज्यपाल के कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे की रक्षा करते हुए एक सही निर्णय दिया है। एमके स्टालिन ने आरोप लगाया कि भाजपा इस निर्णय को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, ताकि अन्य राज्य इसे उदाहरण के रूप में न अपनाएं। इसलिए भाजपा ने राष्ट्रपति से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में दखल देने की रणनीति तैयार की है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की सलाहकार अधिकारिता का प्रयोग तब नहीं किया जा सकता जब उस विषय पर पहले ही न्यायालय द्वारा स्पष्ट निर्णय दिया जा चुका हो। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी सभी गैर भाजपा शासी राज्य सरकारों और क्षेत्रीय दलों के नेताओं से एकजुट होकर इस कानूनी लड़ाई को लड़ने की अपील की थी। अब मैं व्यक्तिगत अनुरोध करता हूं कि सभी इसका विरोध करें और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक संयुक्त और समन्वित रणनीति के तहत संविधान की मूल संरचना की रक्षा करें। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में 8 अप्रैल को फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। यदि राज्यपाल किसी बिल को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। जस्टिस जेबी परदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था कि व्यक्तिगत असंतोष, राजनीतिक स्वार्थ या अन्य किसी असंगत या अप्रासंगिक विचार जैसे आधारों पर विधेयक को सुरक्षित रखना संविधान के तहत पूरी तरह अनुचित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने (केन्द्र सरकार की सलाह पर) सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 200 (राज्यपाल की शक्तियों) और अनुच्छेद 201 (राष्ट्रपति की शक्तियों) में बिलों को मंजूरी देने या रोकने के लिए कोई समय सीमा या प्रक्रिया निर्धारित नहीं है। राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि सुप्रीम कोर्ट के कुछ पुराने फैसलों में राष्ट्रपति की मंजूरी की न्यायिक समीक्षा पर विरोधाभासी राय दी गई है, जिसके लिए स्पष्टता की आवश्यकता है।

# 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना : अमित शाह

### सहकारिता पर कार्यक्रम में बोले केंद्रीय गृह मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में गुजरात राज्य सहकारी संघ के 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका' पर आयोजित महासम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने त्रिभुवन कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी की स्थापना की है, जो राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगी। देश के हर राज्य में सहकारिता से जुड़े सभी क्षेत्रों में कोऑपरेटिव के कॉन्सेप्ट के साथ पढ़ने की व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जब तक हम प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) को मजबूत नहीं करते तब तक सहकारी ढांचा मजबूत नहीं हो सकता है, इसीलिए मोदी सरकार ने 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का निर्णय लिया है। इस फैसले के अंतर्गत 2 लाख नई पैक्स और डेयरी रजिस्टर्ड की जाएंगी। सरकार ने विभिन्न प्रकार की लगभग 22 गतिविधियों को पैक्स के साथ जोड़ने का काम किया है। सरकार जल्द ही लिक्विडेशन में गई पैक्स के निपटारे और नए पैक्स के लिए भी नीति लेकर आने वाली है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास शुरू हुआ और सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुई शुरुआत के तहत 'सहकार से समृद्धि' और 'विकसित भारत में सहकारिता की भूमिका' के दो सूत्रों को देश के सामने रखा गया। उसी शुरुआत के अंतर्गत आज गुजरात में इस सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सहकारिता क्षेत्र में हुए परिवर्तन के लाभ जब तक निचले स्तर पर पैक्स और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता। इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि हम सहकारी संस्थाओं को आगे बढ़ाएं।

# पीके पांडे व आरसीपी सिंह के एका से नीतीश को नुकसान या लाभ

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** मोदी के दो चहेते प्रशांत किशोर पांडे (ब्राह्मण) व आरसीपी सिंह (कुर्मी) बिहार में एकजुट हो गये। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने अपनी पार्टी 'आप सबकी आवाज' का प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज में विलय कर दिया है। बिहार में अगले कुछ माह में विधानसभा के चुनाव हैं। जिसमें भाजपा -जेडीयू की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन तथा राजद-कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन के बीच सीधा व कांटे का टक्कर है। इसके अलावा जन सुराज पार्टी, एआईएमआईएम तथा अन्य कई फुटकर राजनीतिक दल लड़ेंगे। ऐसे में सवाल यह है कि क्या आरसीपी सिंह व प्रशांत किशोर के साथ आने का कोई असर होगा? क्या बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से पीके पांडे की पार्टी इतनी सीटें जीत सकती है कि नीतीश और राजद को बहुत नुकसान हो जाए तथा भाजपा ज्यादे सीटें जीतकर अकेले के बदौलत सरकार बना ले, या पीके की पार्टी के सहयोग से सरकार बनावे या इतनी सीटें भाजपा पा सके कि जदयू की सीटें जोड़कर भी सरकार नहीं बना सके, उसमें चिराग व अन्य सहयोगी दलों की सीटें भी जोड़कर सरकार नहीं बना सके, तो पीके की पार्टी की कुछ सीटों (यदि जीती तो) के बदौलत सरकार बने। प्रशांत किशोर का कहना है कि उनकी पार्टी बिहार से पलायन और बेरोजगारी से लेकर बिहार के पिछड़ेपन और राज्य की समस्याओं के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। प्रशांत किशोर ने अपनी सभाओं में लालू प्रसाद यादव व नीतीश कुमार के शासन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि अगर इन नेताओं ने बिहार के विकास पर ध्यान दिया होता तो राज्य के लोगों की हालत इस कदर खराब नहीं होती। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या बिहार के मतदाता पीके की बातों पर भरोसा करेंगे। क्या वे जिन राजनीतिक दलों को वोट देते आ रहे हैं, उनके बजाय पीके की पार्टी को वोट देंगे? इस बारे में सांसद पप्पू यादव का कहना है - "बिहार की राजनीति में पांडे नहीं चलेंगे। प्रशांत किशोर बहरुपिया हैं और काले धन की बदौलत भाजपा की 'बी' टीम बनकर वह काम कर रहे हैं, जिसे बिहार की जनता ने भी देख लिया है और समझ लिया है।

# दुनिया प्रेम की भाषा तभी सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो : मोहन भागवत

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता है, लेकिन दुनिया प्रेम व मंगल की भाषा तभी सुनती है जब आपके पास शक्ति हो। यह इस दुनिया का स्वभाव है, जिसे बदला नहीं जा सकता। इसलिए विश्व कल्याण के लिए भारत को शक्ति संपन्न होना जरूरी है। संघ प्रमुख ने यह जो कहा है इसके बारे में कुछ का कहना है कि लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक झड़प में हस्तक्षेप की पृष्ठभूमि के मद्देनजर उन्होंने यह बात कही है। वैसे तो संघ प्रमुख ने ये बातें जयपुर के हरमाडा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में कही। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि उसकी भूमिका बड़े भाई की है। भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए कार्य कर रहा है। सरसंघचालक ने कहा कि भारत में त्याग की परंपरा रही है। भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है, लेकिन इसके लिए भी शक्ति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता, लेकिन विश्व प्रेम व मंगल की भाषा भी तब ही सुनता है जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है। इस स्वभाव को बदला नहीं जा सकता, इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। और हमारी ताकत विश्व ने देखी है। मोहन भागवत ने कहा कि विश्व कल्याण हमारा धर्म है। विशेषकर हिन्दू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है, जिसका निर्वहन संत समाज कर रहा है।

# अमेरिका ने भारत के 4 करोड़ के आम वापस लौटाए


**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत के आमों का सबसे बड़ा खरीदार अमेरिका है। हाल ही में अमेरिका ने भारत से हवाई जहाज़ से भेजे गए 4 करोड़ रुपये से ज्यादा के आमों की 15 खेप को लौटा दिया। इसका कारण दस्तावेज में गड़बड़ी बताया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि या तो इन आमों को अमेरिका में ही नष्ट कर दिया जाए या वापस भारत भेज दिया जाए। आमों के जल्दी खराब होने और उन्हें वापस भारत भेजने के ऊंचे खर्च के कारण, सभी निर्यातकों ने उन्हें नष्ट करने का फैसला किया। ये आम 8 व 9 मई को मुंबई में विकिरणित किए गए थे। विकिरणित एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें फलों को नियंत्रित मात्रा में रेडिएशन में रखा जाता है। इससे फल में मान्द कीड़े मर जाते हैं और फल ज्यादा समय तक टिके रहते हैं। ये खेप लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को व अटलांटा जैसे एयरपोर्ट पर रोकी गईं। अमेरिकी अधिकारियों ने विकिरण प्रक्रिया से जुड़े कागजात में गलतियां बताईं। निर्यातकों के अनुसार, समस्या कीड़ों की वजह से नहीं थी, बल्कि कीड़ों को मारने की प्रक्रिया के कागजात में गड़बड़ी के कारण हुई। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार इस आमों के कीड़े मारने की प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक रेडिएशन प्रक्रिया में गड़बड़ी की बात सामने आई है। दो निर्यातकों ने नाम न छापने की शर्त पर इस बारे में चिंता जताई। एक निर्यातक ने कहा कि रेडिएशन सुविधा में गलतियां हुई हैं। उन्होंने बताया कि रेडिएशन की प्रक्रिया नवी मुंबई के एक सेंटर में होती है। वहां अमेरिका के कृषि विभाग के एक अधिकारी भी मौजूद होते हैं। यह अधिकारी PPQ 203 फॉर्म को प्रमाणित करने के लिए जिम्मेदार होता है।

यह फॉर्म अमेरिका जाने वाले आमों के लिए जरूरी है। निर्यातक ने आगे कहा कि उन्हें विकिरण सुविधा में हुई गलतियों की सजा मिल रही है। आम जल्दी खराब हो जाते हैं। उन्हें नष्ट करने या वापस भेजने में भी काफी खर्च आता है। इसलिए निर्यातकों को लगभग 500000 डॉलर (करीब 4.28 करोड़ रुपये) का नुकसान होने का अनुमान है। यूएसडीए ने एक प्रभावित निर्यातक को एक सूचना भेजी।

इसमें लिखा था कि अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा ने गलत तरीके से जारी पीपीक्यू PPQ 203 के कारण खेप को मंजूरी नहीं दी। नोटिस में यह भी कहा गया कि खेप को फिर से निर्यात किया जाना चाहिए या नष्ट कर दिया जाना चाहिए। अमेरिकी सरकार इस खेप के लिए कोई मुआवजा नहीं देगी। निर्यातकों ने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे का पुरजोर खंडन किया। उन्होंने कहा कि रेडिएशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। PPQ 203 फॉर्म प्रक्रिया के बाद ही जारी किया गया था। उन्होंने सवाल किया, 'अगर रेडिएशन प्रक्रिया का सही से पालन नहीं किया गया तो हमें फॉर्म कैसे मिल सकता है? और उस फॉर्म के बिना, जिसे यूएसडीए अधिकारी ने जारी किया है, आमों को मुंबई हवाई अड्डे पर लोड करने की अनुमति भी नहीं मिल सकती थी।





### हरि हर वीरा मल्लू रिलीज डेट घोषित

## पवन कल्याण की एक्शन ड्रामा फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण के प्रशंसकों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है, क्योंकि पवन कल्याण की आगामी फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक्शन थ्रिलर की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है। ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1 स्वॉर्ड वर्सेज स्पिरिट' 12 जून, 2025 को दुनियाभर में सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि फिल्म मुगल साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाने वाले पहले भारतीय की कहानी बताती है।

#### हरि हर वीरा मल्लू की रिलीज डेट सामने आ गई है

कथित तौर पर लगभग दस बार स्थगित होने के बाद, फिल्म अब 12 जून, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पवन कल्याण की एक नई आकर्षक पोस्टर के साथ तारीख की घोषणा की। पोस्ट का शीर्षक था, "जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार हो जाओ!



# दलमा में इको टूरिज्म कॉटेज और गेस्ट हाउस बनेगा : मंत्री सुदिव्य

- मंत्री ने दलमा का दौरा किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची / पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड सरकार ने दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी को इको टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की योजना को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है। प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से भरपूर यह क्षेत्र अब पर्यटन के मानचित्र पर एक प्रमुख आकर्षण बनने की ओर अग्रसर है। रविवार को राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दलमा का दौरा किया और वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने कहा कि दलमा में पर्यटकों के लिए मल्टीपरपज इको टूरिज्म कॉटेज और आधुनिक सुविधाओं से युक्त गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही दलमा की चोटी पर स्थित प्राचीन मंदिरों को भी विकसित किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

वन्य प्राणियों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हाथियों के पारंपरिक आवागमन मार्ग में कोई बाधा नहीं पहुंचाई जाएगी। बल्कि उनके लिए भोजन और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश वन विभाग को दिए गए हैं। इससे वन्य जीवन को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जल्द से जल्द सरकार को रिपोर्ट सौंपें, ताकि योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा सके। इस अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी समेत कई पूर्वी सिंहभूम जिला के एस एस पी कौशल किशोर,ग्रामीण एसपी, एसडीओ शताब्दी मजूमदार और सरायकेला के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल

# रातु रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर से गुजरेंगे एंबुलेंस

- सर्विस रोड के निर्माण से ही रहे जाम से मिलेगी राहत
- पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला, लोहरदगा से आने वाले मरीजों के लिए राहत
- नवीन मेल ने उठाया था मुद्दा कि एम्बुलेंस के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रातू रोड से गुजरने वाले एंबुलेंस को बड़ी राहत मिलने वाली है। ऐसे सभी एंबुलेंस अब नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर से गुजरेंगे, जिससे एंबुलेंस का समय बच सकेगा और अनावश्यक जाम में फंसने से राहत मिलेगी। विदित हो कि रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान समय में नीचे सर्विस रोड का काम चल रहा है। इस वजह से कई बार जाम लगता है और इस जाम में एंबुलेंस भी फंस जाते हैं। जाम में एंबुलेंस के फंसे होने के कारण पूरी ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है। मरीजों के लिए भी गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। इस मुद्दे को लेकर रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से बात की और यह निर्देश दिया की एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर से गुजरने के लिए एंबुलेंस को छूट दी जाए।

उनके निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने सहमति दे दी है। इस सहमति के साथ ही पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, गुमला, लोहरदगा कैसे क्षेत्रों से आने वाले एंबुलेंस को राहत मिलेगी। यहां अनावश्यक जाम में फंसने से एंबुलेंस बच सकेंगे और समय पर अस्पताल पहुंच सकेंगे। इस बाबत श्री संजय सेठ ने बताया कि सर्विस रोड निर्माण कार्य के कारण जाम में एंबुलेंस भी फंस रहे थे, जिससे कई बार मरीजों की जान पर बन आती थी।

इस मुद्दे को लेकर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया और अधिकारियों ने इसकी त्वरित स्वीकृति प्रदान कर दी है। रक्षा राज्य मंत्री के इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है।

### शराब से चार हजार करोड़ राजस्व का लक्ष्य, बोले परेश गट्टानी

# दुकान आवंटन में राज्य के लोगों को मिले प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ ने राज्य में शराब दुकानों की लॉटरी में राज्य के लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की है। संघ ने नयी उत्पाद नीति के लेकर सरकार के प्रति आभार जताया है, इसके साथ ही सरकार के समक्ष अपनी कुछ मांग भी रखी है।

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि राज्य के व्यवसायी काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे थे। तीन वर्ष बाद राज्य में फिर से खुदरा शराब का कारोबार निजी हाथों में दिया गया है। झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध जायसवाल ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में चार हजार करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1300 करोड़ रुपए अधिक है।

उन्होंने कहा कि अब तक सामान्यतया राजस्व में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाती थी। उन्होंने सरकार से इस पर विचार का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे खुदरा दुकानदारों पर काफी दबाब बढ़ेगा। इसके अलावा दुकानों की लॉटरी भी प्रभावित होगी। जिस दुकान की बंदोबस्ती तीन वर्ष पूर्व पांच करोड़ में हुई ती, इस वर्ष बढ़कर लगभग नौ करोड़ हो जाएगी। इस मौके पर झारखंड चेंबर के महासचिव आदित्य मलहोत्रा, रांची जिला शराब व्यापारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, रिंकू भगत उपस्थित थे।

#### दूसरे राज्य के व्यापारियों के आने की संभावना

संघ का कहना है कि नयी उत्पाद नीति के तहत समूह में दुकान का आवंटन किया जायेगा। एक व्यक्ति को अधिकतम 36 दुकान का आवंटन किया जा सकता है। संघ के महासचिव ने कहा कि दुकान की लॉटरी में दूसरे राज्यों के व्यापारी में शामिल होंगे। संघ ने एक व्यक्ति को एक ही दुकान देने की मांग की है। इसके साथ राज्य के लोगों को दुकान आवंटन में प्राथमिकता देने की मांग संघ ने की है।

#### एडवांस में मिलेगा 600 करोड़ का राजस्व

संघ का कहना है कि नयी उत्पाद नीति के से सरकार को एडवांस में लगभग 600 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति होगी। इसके लॉटरी के आवेदन से भी लगभग पांच करोड़ रुपये प्राप्त होगा।

## समग्र शिक्षा अभियान की जगह शुरू होगी नई योजना

**रांची।** समग्र शिक्षा अभियान की अवधि 2025 में खत्म हो रही है। केंद्र सरकार 2026 से नई योजना शुरू कर सकती है। इसको लेकर सभी राज्यों के साथ केंद्र सरकार ने दो दिनों तक बैठक की। इसमें समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्यों की ओर से किए गए कामों की जानकारी की। झारखंड की ओर से भी शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन बैठक में शामिल हुए। झारखंड सरकार की ओर से अधिकारियों ने राज्य का पक्ष रखा। झारखंड में शिक्षकों के लिए चलाए जा रहे 50 घंटे के प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। टीचर नीड एसेसमेंट (टीएनए) के तहत 1:10 शिक्षक प्रशिक्षित हो गए हैं। झारखंड की इस पहल को केंद्रीय स्तर पर सराहा गया। वहीं, डिजिटल वोकेशनल शिक्षा पर भी बात हुई। झारखंड में स्कूली शिक्षा प्राप्त कर निकलने के बाद छात्र हुनरमंद हों और वे रोजगार भी प्राप्त कर सकें। इसके अलावे फंडामेंटर लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर फोकस किए जाने पर जोर दिया गया है। इसे 2027 तक पूरा करना है। पहली से तीसरी के बच्चों के लिए एफएलएन का आयोजन होता है। इसके अलावा झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अन्य कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया।

### मलेशिया में 17वीं लंगकावी प्रदर्शनी का आयोजन

# संजय सेठ लिमा 2025 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का करेंगे नेतृत्व

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ 20 से 24 मई तक विदेश के दौरे पर रहेंगे। वे मलेशिया में आयोजित होने वाली '17वीं लंगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री और अंतरिक्ष प्रदर्शनी 2025' में भारतीय प्रतिनिधिमंडल टीम का नेतृत्व करेंगे। 'एलआईएमए 2025' में एक भारतीय मंडप स्थापित किया गया है। जिसका उद्घाटन भी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रदर्शनी में भारत से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, बीईएमएल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड सहित कई डीपीएसयू के साथ अन्य निजी रक्षा कंपनियां भाग लेंगी। इसके साथ ही भारतीय रक्षा उद्योग जगत की सामर्थ्य भी प्रदर्शन करेंगी। इस वर्ष डोर्नियर विमान और एक भारतीय नौसेना जहाज सहित भारतीय रक्षा परिसंपत्तियां भी 'लंगकावी अंतरराष्ट्रीय समुद्री एवं अंतरिक्ष प्रदर्शनी 2025' में भाग लेंगी।

#### सेठ ने उपराष्ट्रपति को दी जन्मदिन की बधाई



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी पत्नी के साथ उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ से उनके निवास पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

#### मलेशिया रक्षा मंत्री से करेंगे मुलाकात

पीआईबी और रक्षा राज्य मंत्री की ओर से मिली जानकारी के अनुसार भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, इस प्रदर्शनी पर मलेशिया के रक्षा मंत्री दातो सेरी मोहम्मद खालिद बिन नॉर्डिन से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग एवं व्यापक रणनीतिक साझेदारी और भी मजबूत होने की उम्मीद जताई गई है। भारत और मलेशिया के बीच सशक्त एवं बहुआयामी संबंध हैं, जो रक्षा व सुरक्षा सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। दोनों देश साल 2024 में मलेशिया के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के दृष्टिकोण के तहत कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

#### हर दो वर्ष में आयोजित होती है 'लंगकावी प्रदर्शनी'

लंगकावी अंतरराष्ट्रीय समुद्री एवं अंतरिक्ष प्रदर्शनी वर्ष 1991 में स्थापित हुई है। यह कार्यक्रम हर दो साल में आयोजित होती है। इस कार्यक्रम को एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ी व सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शनियों में से एक माना जाता है।

# आदिवासी प्रेम का नाटक कर रहे हैं बाबूलाल : इरफान अंसारी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर में हुई दुखद और प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि अपराध करने वाले की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि कानून को अपने हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। यदि कोई घटना घटती है, तो उसके लिए पुलिस और प्रशासन का तंत्र मौजूद है। डॉ. अंसारी ने कहा कि जिस मुस्लिम युवक की नृशंस हत्या की गई, वह एक साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है और इस पूरे कृत्य को एक सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे भाजपा समर्थित मानसिकता कार्य कर रही है, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने मृतक के परिवार की सहायता की और उस मां के आंसू पोंछने का प्रयास किया, तो नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी बौखला गए। क्या गलत किया मैंने, अगर मैंने एक मां के दुख को साझा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर एक आदिवासी महिला को आगे कर इस मामले को जातीय और राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रही है। घटना की वास्तविकता क्या है, यह जांच का विषय है और अनुसंधान जारी है। सरकार हर पीड़ित के साथ है, चाहे वह कोई भी हो।

बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि बाबूलाल जी को क्या हो गया है। वह अब तर्कहीन बातें कर रहे हैं और आदिवासी प्रेम का नाटक कर रहे हैं। यदि महिला के साथ कुछ गलत हुआ है, तो सरकार उसके साथ भी खड़ी है। आगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मॉब लिंचिंग जैसी नृशंस घटनाओं के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर एक मंच पर आने की आवश्यकता है।लेकिन भाजपा का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण रहा है।यह पार्टी मॉब लिंचिंग करने वालों को माला पहनाकर सम्मानित करती है, और बेगुनाहों को निशाना बनाकर न्याय का गला घोंटती है। भाजपा ही मॉब लिंचिंग की जननी बन गई है, जो देश के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का काम कर रही है।

उन्होंने विश्वास जताया कि जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी और दोषियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# हर जगह नफरत का बीज बोना चाहती है भाजपा : जीनल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नेशनल को-ऑर्डिनेटर और झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला ने कहा कि भाजपा हर जगह नफरत का बीज बोना चाहती है, लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं। इसके लिए पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा किए। इसका परिणाम है कि झारखंड की जनता ने फिर गठबंधन की सरकार बनायी। नवनियुक्त झारखंड प्रभारी जीनल गाला रविवार को कांग्रेस भवन में अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। जीनल एन गाला ने कहा कि वह पूरे झारखंड की दौरा कर अल्पसंख्यक विभाग को और मजबूत बनाएगी। कहा कि उनका यहां आने का मुख्य उद्देश्य है कि झारखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस को और मजबूत बनायें। आज भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। वह जैन समाज से आती हैं और जैन समाज के लिए झारखंड बहुत ही मायने रखता है। हमारे 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों को झारखंड में निर्वाण मिला। जैन समाज का सबसे बड़ा तीर्थ पारसनाथ है, जो झारखंड में अवस्थित है।

#### जीनल एन गाला का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

इससे पहले जीनल एन गाला का रांची एयरपोर्ट पर कांग्रेस के अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में पारंपरिक गीत, नृत्य से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रदेश कांग्रेस भवन पहुंचीं। यहां आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुईं। हुसैन खान, अख्तर अली व अन्य ने झारखंडी टॉपी और मोमेंटो देकर स्वागत किया।

#### इटकी में 27 को जय हिंद सभा, प्रतापगढ़ी रहेंगे

बैठक में मॉबलिंचिंग पर बने विधेयक को दोबारा राज्यपाल के पास भेजकर कानूनी दर्जा दिये की मांग की गयी। साथ ही बोकारो से राजभवन तक न्याय यात्रा निकालने संबंधित प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि 27 मई को अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी इटकी में जय हिंद सभा को संबोधित करेंगे। इसमें अल्पसंख्यक विभाग पूरे प्रदेश से बढ-चढ़कर हिस्सा लेगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी, बंधु तिर्की, अख्तर अली, अजय जैन, महमूद अली, तौकीर अख्तर, गुरलेज अख्तर, जॉन दिलीप तिग्गा, अब्दुल करीम अंसारी, गुलाम रब्बानी, अरशदुल कादरी, हसनैन आलम, हसनैन जैदी, तसलिमा मल्लिक, इम्तियाज अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## धरना प्रदर्शन की तैयारी में जुटी कांग्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रांची में प्रदेश कांग्रेस कंट्रोल रूम के प्रभारी और सदस्यों की बैठक रविवार को हुई। बैठक में बंधु तिर्की, सूर्यकांत शुक्ला, सतीश पॉल मुंजनी, लालकिशोर नाथ शाहदेव, डॉ एम तौसीफ, जितेंद्र त्रिवेदी, अख्तर अली और हिमांशु शेखर उपस्थित थे। 26 मई को सरना धर्म कोड लागू करने को लेकर राजभवन रांची के समक्ष 11 बजे विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसको सफल बनाने के लिए बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरना धर्म कोड को लेकर धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 22 मई को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में वरिष्ठ महिला नेत्रियों की बैठक बुलाई गई है।

## अजयनाथ शाहदेव की टीम को प्रदेश कांग्रेस ने दी बधाई

**रांची।** जेएससीए के चुनाव में टीम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय शाहदेव उपाध्यक्ष संजय पांडे, सचिव सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष, संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम सहित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रदेश कांग्रेस की ओर से बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को कहा कि युवा जोश से लबरेज नई टीम झारखंड में क्रिकेट के खेल और खिलाड़ियों के विकास में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर झारखंड क्रिकेट को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि नवनिर्वाचित टीम ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार जिस विश्वास को झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के बीच में जगाया है उसके अनुसार काम करते हुए क्रिकेट को एक नया मुकाम देने की कोशिश करेंगे। ताकि, राज्य के खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। बधाई देने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, सोनल शांति, रविंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह,अभिलाष साहू,राजन वर्मा, डॉ तौशिफ, अमरेन्द्र सिंह, सूर्य कान्त शुक्ला सहित अन्य का नाम शामिल है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड प्रीमियर लीग...

जेएससीए के सर्वेसर्वा रहे अमिताभ चौधरी के करीबी रहे रंजीत सिंह का समर्थन था। बताया जाता है कि करीब 700 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। इसमें से करीब 60 प्रतिशत सदस्यों ने अजय नाथ शाहदेव और उनके ग्रुप के अन्य उम्मीदवारों को पसंद किया, जबकि करीब 40 प्रतिशत सदस्यों ने एसके बेहरा व उनके ग्रुप के लोगों के प्रति समर्थन जताया।

### निशिकांत और विद्युत...

पुरस्कारों का चयन करने वाली जूरी समिति की अध्यक्षता राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर कर रहे हैं, जो 2010 में संसद रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले सांसद थे। इन पुरस्कारों की शुरुआत से अब तक 14 संस्करणों में कुल 125 सांसदों को सम्मानित किया जा चुका है। इस वर्ष 17 सांसदों को आगामी जुलाई के अंत में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 15वें संस्करण में यह पुरस्कार दिया जाएगा। इस वर्ष दो संसदीय समितियों को भी इस सम्मान से नवाजा जाएगा। यह पुरस्कार सांसदों के विषय पर आधारित बहसें, पूछे गए प्रश्न और पेश किए गए निजी सदस्य विधेयकों जैसे मापदंडों के आधार पर उनकी निष्पक्ष संसदीय उपलब्धियों को मान्यता देता है। यह पुरस्कार वर्ष 2010 में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव पर शुरू किया गया था। नागरिक समाज की ओर से दिए जाने वाले इन सम्मानों का उद्देश्य संसदीय उत्कृष्टता को सम्मानित करना है। इस वर्ष चार सांसदों को 'संसदीय लोकतंत्र में विशिष्ट एवं निरंतर योगदान' के लिए विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। यह पुरस्कार पाने वालों में ओडिशा से भाजपा सांसद भर्तृहरि माहताब, केरल से आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, महाराष्ट्र से एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारणे शामिल हैं। ये सभी सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता रहे हैं और अब 18वीं लोकसभा में भी अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। जहां तक राज्यों की बात है, तो महाराष्ट्र सबसे आगे है। वहां से सात सांसदों को यह पुरस्कार मिलेगा। वहीं, झारखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से दो-दो तथा ओडिशा, तमिलनाडु, केरल और असम से एक-एक सांसद चयनित हुए हैं। जिन दो स्थायी संसदीय समितियों को भी सम्मानित किया जाएगा, उनमें वित्त पर स्थायी समिति (अध्यक्ष : भर्तृहरि माहताब) और कृषि पर स्थायी समिति (अध्यक्ष : डॉ चरणजीत सिंह चन्नी) शामिल हैं।

### पत्नी की मौत...

इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति की हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने गैस एजेंसियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना रिसाव जांच के सिलिंडर सप्लाई की जाती है। लोगों ने जिला प्रशासन से गैस एजेंसी संचालकों पर कार्रवाई और रिसाव जांच अनिवार्य करने की मांग की है।

### बच्चों के अधिकारों की...

झारखंड हाईकोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने किशोर न्याय प्रणाली की संवेदनशीलता और उसमें सुधार की संभावनाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में न्यायिक अकादमी के निदेशक राजेश शरण सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ संध्या मित्रा बारिक ने भी बाल संरक्षण प्रणाली को सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

बैठक में उपस्थित सभी विशेषज्ञों और अधिकारियों ने किशोर न्याय प्रणाली की चुनौतियों, सुधारों और भविष्य की दिशा पर उपयोगी संवाद किया। यह परामर्श बैठक बाल अधिकारों की रक्षा और न्यायिक प्रणाली के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। ज्ञात हो कि भारत में किशोर न्याय अधिनियम बच्चों के संरक्षण और देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण कानून है। यह अधिनियम उन बच्चों के लिए बनाया गया है, जो या तो कानून का उल्लंघन किया है या करने वाले हैं, या जिन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है।

# मोरहाबादी स्टेज को ध्वस्त करने का कारण बताए हेमंत सरकार : प्रतुल

- भाजपा सरकार के समय की धरोहरों को नष्ट करने में लगी है सरकार

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने जानना चाहा कि आखिर हेमंत सरकार ने करोड़ों रुपए की लागत से ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बने स्टेज को क्यों ध्वस्त करने का निर्णय लिया। प्रतुल ने कहा इस स्टेज का उपयोग न सिर्फ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर और 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर किया जाता था। बल्कि यह अनेक ऐतिहासिक घटनाओं और रैलियां का साक्षी भी रहा है। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी स्टेज से दो बार शपथ भी लिया है। प्रतुल ने कहा कि इस स्टेज से स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति दिया करते थे। प्रतुल ने कहा कि इस बहुउद्देशीय स्टेज को ध्वस्त करने के पीछे हेमंत सरकार द्वारा कोई ठोस कारण नहीं बताना यह स्पष्ट करता है कि यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के द्वारा बनाई गई धरोहरों को मिटाने में लगी है। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर इस स्टेज को ध्वस्त करने के पीछे किन संगठनों ने मांग उठाई थी।जब इस स्टेज का इतने अच्छे से उपयोग हो रहा था तो फिर ध्वस्त करने के पीछे का कारण क्या था? प्रतुल ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि हेमंत सोरेन सरकार साढे 5 वर्षों से लगातार सत्ता में थी। उस समय तक स्टेज से कोई परेशानी नहीं थी। फिर अचानक एक दिन इस पूरे स्टेज को ध्वस्त करने का कार्य कैसे प्रारंभ हुआ? क्या यह ध्वस्त करने की चल रही प्रक्रिया एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है?

### यशस्वी-वैभव की तूफानी पारी काम ना आई ....


# पंजाब किंग्स ने राजस्थान को 10 रन से हराया

## नेहाल वढेरा और शशांक सिंह के तूफानी अर्धशतक




**एजेंसी। जयपुर।** डियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-59 में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से हुआ। इस मुकाबले में पंजाब ने 10 रनों से जीत हासिल की। मुकाबले में पंजाब किंग्स ने राजस्थान को 220 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वो 7 विकेट पर 209 रन ही बना सकी।मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। राजस्थान की 13 मैचों में ये 10वीं हार रही। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की 12 मैचों में ये 8 वीं जीत रही और वो 17 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचने के करीब है।टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद तूफानी रही। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर 4।5 ओवरों में 76 रनों की पार्टनरशिप की। वैभव ने महज 15 गेंदों पर 40 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। यानी वैभव ने एक भी रन दौड़कर नहीं बनाया। वैभव को स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने आउट, जो 'इम्पैक्ट सब' के तौर पर उतरे थे। वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भी यशस्वी जायसवाल की तूफानी बैटिंग जारी रही और उन्होंने मौजूदा सीजन में अपनी छठी फिफ्टी जड़ी। यशस्वी को हरप्रीत बराड़ ने आउट किया। यशस्वी ने 25 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसमें 9 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। कप्तान संजू सैमसन लय में दिख रहे थे, लेकिन अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वो मार्को जानसेन के हाथों लपके गए। फिर हरप्रीत बराड़ ने रियान पराग को भी बोल्ड कर दिया।

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट पर 219 रन बनाए। पंजा की शुरुआत खराब रही और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिया। सबसे पहले प्रियांश आर्य (9 रन) को तुषार देशपांडे ने चलता किया। फिर डेब्यूटेंट मिचेल ओवेन को क्वेना मफाका ने पवेलियन भेज दिया। ओवेन खाता नहीं खोल सके। प्रभासिमरन सिंह भी 21 रन बनाकर तुषार देशपांडे का शिकार बने। प्रभसिमरन सिंह के आउट होने के समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 34 रन था। यहां से नेहाल वढेरा और श्रेयस अय्यर के बीच चौथे विकेट के लिए 67 रनों की पार्टनरशिप करके पंजाब को संभाला। श्रेयस को रियान पराग ने चलता किया। श्रेयस ने 5 चौके की मदद से 25 बॉल पर 30 रन बनाए। श्रेयस के आउट होने के बाद नेहाल वढेरा ने शशांक सिंह के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 58 रनों की पार्टनरशिप की। इस दौरान नेहाल ने 25 गेंदों पर ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। नेहाल वढेरा 70 रन बनाकर आकाश मधवाल का शिकार बने। नेहाल ने 37 गेंदों की इनिंग्स में 5 चौके और इतने ही छक्के जड़े।



### इटैलियन इंटरनेशनल

## पाओलिनी ने गॉफ को हराकर ऐतिहासिक रोम खिताब जीता

**रोम (इटली) (आईएएनएस)** । घरेलू पसंदीदा जैस्मीन पाओलिनी ने शनिवार को इंटरनैशनली बीएनएल डी'इटालिया में इतिहास रच दिया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि चार दशकों में पहली बार, इटैलियन इंटरनेशनल के पास महिला एकल में इतालवी चैंपियन है। पाओलिनी ने रोम में पक्षपातपूर्ण भीड़ को रोमांचित कर दिया, क्योंकि नंबर 6 सीड पाओलिनी ने कैम्पो सेंट्रल में फाइनल में नंबर 4 सीड कोको गॉफ को 6-4, 6-2 से हराकर ऐतिहासिक खिताब जीता। पाओलिनी 40 साल पहले 1985 में राफैला रेगी के बाद अपने देश के सबसे बड़े आयोजन में जीत हासिल करने वाली पहली महिला हैं। इसके अलावा, रेगी ने खिताब तब जीता जब यह आयोजन टोरंटो में आयोजित किया गया था, जिसका अर्थ है कि पाओलिनी ओपन एरा (1968 से) के दौरान अपनी राष्ट्रीय राजधानी रोम में इंटरनैशनली बीएनएल डी'इटालिया खिताब जीतने वाली पहली महिला थीं। इस प्रकार वह ओपन एरा में रोम के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी इतालवी महिला बन गईं, जिन्होंने पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद, दो सेट पॉइंट बचाते हुए, 1 घंटे और 39 मिनट में पीटन स्टर्न्स को 7-5, 6-1 से हराया। दो शीर्ष-5 खिलाड़ियों के बीच शिखर संघर्ष में, पाओलिनी को गॉफ को हराने और 2024 में दुबई में अपनी जीत के बाद अपना दूसरा करियर डब्ल्यूटीए 1000 खिताब हासिल करने के लिए केवल 1 घंटे और 29 मिनट की आवश्यकता थी।

## केकेआर में रोवमैन की जगह शिवम शुक्ला शामिल

**कोलकाता (आईएएनएस)**



गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल की जगह मध्य प्रदेश के मिस्ट्री स्पिनर शिवम शुक्ला को शामिल किया है, जिसकी घोषणा रविवार को फ्रेंचाइजी ने की। यह कदम इस बात की पुष्टि के बाद उठाया गया है कि पॉवेल, इंग्लैंड के मोईन अली के साथ, चिकित्सा समस्याओं के कारण शेष सत्र के लिए वापस नहीं आएंगे। केकेआर ने एक बयान में कहा, "रोवमैन एक प्रक्रिया से गुजर रहे हैं," क्योंकि आईपीएल 2025 का सत्र थोड़े समय के निलंबन के बाद शनिवार को फिर से शुरू हुआ। 29 वर्षीय शुक्ला को घरेलू स्तर पर सीमित अनुभव है, उन्होंने केवल एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सत्र खेला है, जिसमें उन्होंने बंगाल के खिलाफ 4-29 के प्रदर्शन सहित कई मैचों में आठ विकेट लिए थे। उन्होंने हाल ही में मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में सुर्खियां बटोरीं, जहां वे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 10 विकेट लिए, जिसमें एक बार पांच विकेट लेना भी शामिल है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बारिश के कारण केकेआर का खिताब बचाने का अभियान जल्दी ही समाप्त हो गया, क्योंकि शनिवार को भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के कारण कुछ समय के लिए स्थगित हुए आईपीएल 2025 सीजन को फिर से शुरू किया गया।

हालांकि, संशोधित शेड्यूल की कीमत चुकानी पड़ी है, क्योंकि कई विदेशी सितारे अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी और व्यक्तिगत कारणों से शेष सीजन के लिए उपलब्ध नहीं हैं, जिससे प्लेऑफ की दौड़ में टीम संयोजन प्रभावित हो सकते हैं। के कारण आईपीएल 2025 की पॉइंट टेबल पर काफी असर पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 12 मैचों में 17 अंकों के साथ गुजरात टाइटन्स (11 मैचों में 16 अंक) और पंजाब किंग्स (11 मैचों में 15 अंक) को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई।

## सूर्यकुमार यादव का यह आईपीएल सीजन उनके सर्वश्रेष्ठ सीजन में से एक है : पूर्व भारतीय बल्लेबाज

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने IPL 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के सीनियर खिलाड़ियों हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा को टीम में वापसी का श्रेय दिया। दिग्गज क्रिकेटर ने आगे कहा कि इन खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण मौकों पर फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी बल्लेबाज सूर्यकुमार का यह IPL करियर का सर्वश्रेष्ठ सीजन है। भारत के टी20 कप्तान ने 12 मैचों में 510 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज के पास फिलहाल ऑरेंज कैप है, जबकि गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन (509 रन) और शुभमन गिल (508 रन) शीर्ष स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं जो सूर्यकुमार से सिर्फ पांच रन पीछे हैं। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम की शुरुआत खराब रही और उसने सीजन के अपने पहले मैचों में चार गेम गंवाए।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को किया बर्खास्त

**एजेंसी । लंदन**



इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी। लीमन और वाइल्ड क्रमशः इंग्लैंड के वरिष्ठ डेटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक है। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी भागीदारी समाप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया, 'दोनों ही इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की श्रृंखला में शामिल नहीं होंगे।

### शास्त्री ने किया खुलासा।।।

## 'कैसे बने रोहित सर्वश्रेष्ठ ओपनर'

**नई दिल्ली** । भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अपने कोचिंग कार्यकाल के दौरान एक महत्वपूर्ण फैसले का खुलासा किया जिसने रोहित शर्मा के टेस्ट करियर को आकार दिया। रोहित, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, शुरुआत में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में टेस्ट टीम में शामिल हुए थे, लेकिन शास्त्री के सुझाव के कारण उन्हें शीर्ष क्रम में शामिल किया गया - एक ऐसा समायोजन जिसने उन्हें विश्व स्तरीय सलामी बल्लेबाज में बदल दिया।

## छेत्री ने बेंगलुरु में महिला राष्ट्रीय शिविर का दौरा किया

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**



सीनियर पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने यहां महिला राष्ट्रीय शिविर का दौरा किया और टीम ने फारवर्ड को सभी टीम सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक भारतीय किट भी भेंट की। छेत्री ने महिला टीम के लिए कुछ उत्साहवर्धक शब्द कहे, क्योंकि वे अगले महीने होने वाले एएफसी महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर की तैयारी कर रही हैं। क्रिस्पिन छेत्री द्वारा प्रशिक्षित सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम वर्तमान में बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही है, और शहर में 29 मई और 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा महिला अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच भी खेलेगी। हालांकि यह पहली बार नहीं था जब छेत्री ने महिला टीम का दौरा किया, लेकिन उन्होंने शिविर में कई नए चेहरों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। छेत्री ने कहा, "यह एक अद्भुत अनुभव है। पिछली बार जब मैं इस टीम से मिला था, तब से अब इसमें बहुत ज्यादा पुराने चेहरे नहीं बचे हैं, जो बताता है कि मैं कितना उम्रदराज हो गया हूं। यहां बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, और मुझे उनके बारे में मुख्य कोच से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा, हर कोई खुश और खुश दिख रहा था। उन्हें उज्बेकिस्तान और फिर एशिया कप क्वालीफायर में कुछ अच्छे दोस्ताना मैच खेलने हैं, और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि वे खुश रहें, एक साथ सहज महसूस करें और अपने प्रशिक्षण का आनंद लें। ग्रुप बी में शामिल भारतीय महिला टीम 23 जून को थाईलैंड के चियांग माई में मंगोलिया के खिलाफ अपने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफाइंग अभियान की शुरुआत करेगी।



# अमेरिकी टैरिफ से मेडिकल टूरिज्म इंडस्ट्री पर पड़ सकता है प्रभाव : रिपोर्ट

- **मेडिकल टूरिज्म:** स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा।
- **अमेरिका का कदम:** चीन से आयातित मेडिकल उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाया।
- **प्रभावित उत्पाद:** सीरिंज, रबर मेडिकल और सर्जिकल ग्लव्स, फेस मास्क।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



अमेरिका में मेडिकल खर्च को लेकर लगातार वृद्धि जारी है, ऐसे में अधिक से अधिक मरीज लागत प्रभावी उपचार विकल्पों के लिए विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी के साथ टैरिफ का मेडिकल टूरिज्म इंडस्ट्री पर असर देखा जा सकता है। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। हाल ही में अमेरिकी व्यापार नीति में कई बड़े परिवर्तन हुए हैं, विशेष रूप से चीन जैसे देशों पर आयात शुल्क के संबंध में बदलाव देखे गए हैं। इन नीतियों को आमतौर पर आर्थिक और भू-राजनीतिक विचारों के जरिए उचित ठहराया जाता है, लेकिन ये नीतियां मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री विशेष रूप से मेडिकल टूरिज्म सहित अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित करती हैं। एक प्रमुख डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा के अनुसार, एक बड़ा परिणाम यह देखना होगा कि टैरिफ का मेडिकल टूरिज्म पर क्या प्रभाव पड़ता है। मेडिकल टूरिज्म का मतलब स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए दूसरे देश की यात्रा करने से है। अमेरिका ने चीन से आयातित कई मेडिकल प्रोडक्ट्स पर भारी टैरिफ लगाया है, जिसमें सीरिंज, रबर मेडिकल एंड सर्जिकल ग्लव्स और फेस मास्क शामिल हैं।

## लोन के लिए आईएमएफ ने पाकिस्तान के सामने 11 और शर्तें रखी

### भारत के साथ तनाव को बताया सबसे बड़ा जोखिम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 7 अरब डॉलर के लोन के लिए पाकिस्तान के सामने 11 और नई शर्तें रख दी हैं। इसके साथ ही भारत के साथ तनाव को एक बड़ा जोखिम बताया है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, जो नई शर्तें लगाई गई हैं उनमें 17.6 लाख करोड़ रुपए के नए बजट को मंजूरी देना, बिजली बिलों पर डेट सर्विसिंग सरचार्ज बढ़ाना और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है। सुधारों पर नकारात्मक असर होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है।

### निफ्टी में तेजी के संकेत

## गिरावट पर खरीदारी की रणनीति अपनाएं : विश्लेषक

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने पिछले सप्ताह अपनी तेजी पर ब्रेक लगाया और निफ्टी 25,000 अंक से थोड़ा ऊपर बंद हुआ। हालांकि, विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह तेजी बने रहने की उम्मीद है। मुख्य सूचकांकों ने हल्के दबाव के संकेत दिए और व्यापक बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और स्मॉलकैप सूचकांक में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो लार्ज-कैप क्षेत्र से अलग निरंतर खरीदारी रुचि का संकेत देता है। चॉइस ब्रोकिंग के कैलाश राजवाडकर के अनुसार, "इससे पता चलता है कि निवेशक बाजार की व्यापकता में अधिक आश्वस्त हो रहे हैं, जो अक्सर तेजी का संकेत होता है।

तकनीकी दृष्टिकोण से, निफ्टी ने हाल ही में वीकली चार्ट पर राउंडिंग बॉटम पैटर्न को ब्रेक किया है, जिसे मजबूत वॉल्यूम का समर्थन प्राप्त है। यह तेजी का संकेत है। राजवाडकर ने एक नोट में बताया, "पैटर्न अल्पावधि में 28,000 की ओर बढ़ने की संभावना दर्शाता है।

## जून से बेंगलुरु यूनिट से आईफोन शिपमेंट शुरू

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने हाल ही में जानकारी दी कि ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग फॉक्सकॉन की बेंगलुरु स्थित यूनिट लॉन्च के लिए लगभग तैयार है। इसी के साथ, जून की शुरुआत में ही कमर्शियल आईफोन की शिपमेंट शुरू होने की उम्मीद है। देश अब वैश्विक स्तर पर 'मेक इन इंडिया' पहल की राह पर अग्रसर है।

रिपोर्ट्स की मानें तो टेक्नोलॉजी दिग्गज एप्पल अगले साल तक अमेरिका के लिए आईफोन की पूरी असेंबली भारत में शिफ्ट कर सकता है। पाटिल के अनुसार, "देवनहल्ली आईटीआईआर में फॉक्सकॉन की यूनिट लॉन्च के लिए लगभग तैयार है और जून की शुरुआत में ही कमर्शियल आईफोन की शिपमेंट शुरू होने की उम्मीद है।"

## एलएलएम से सॉफ्टवेयर नौकरियों पर खतरा: वेम्बू

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने कहा कि लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एलएलएम) से भविष्य में बड़ी संख्या में सॉफ्टवेयर नौकरियों को नुकसान हो सकता है। जोहो के सह-संस्थापक के मुताबिक, एलएलएम के बढ़ने से एआई को उद्योग तेजी से अपनाएंगे। वेम्बू का बयान ऐसे समय पर आया है, जब कई बड़ी संस्थाएं एआई से नौकरियों के जाने की चिंता व्यक्त कर चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए वेम्बू ने कहा, "मैंने अकसर अपने कर्मचारियों से यह कहा है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को मैकेनिकल इंजीनियरों या सिविल इंजीनियरों या केमिस्टों या स्कूल शिक्षकों की तुलना में बेहतर वेतन मिलता है, लेकिन यह कोई जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है और हम यह नहीं मान सकते कि यह हमेशा के लिए रहेगा। उन्होंने कहा कि फैक्ट यह है कि ग्राहक हमारे उत्पादों के लिए भुगतान करते हैं।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के सी- फूड निर्यात में उछाल

- **31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में देश ने 16.85 लाख मीट्रिक टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में इस वर्ष अप्रैल में 17.81 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई है, जो 0.58 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में समुद्री उत्पादों के चौथे सबसे बड़े उत्पादक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में देश ने 16.85 लाख मीट्रिक टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया, जो 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में, निर्यात वित्त वर्ष 2015 के 5.4 बिलियन डॉलर से बढ़कर 7.2 बिलियन डॉलर हो गया। अमेरिका की टैरिफ वृद्धि की घोषणा के बावजूद यह गति 2025-26 तक जारी रहेगी। इस बीच, भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच निर्यात और आयात के प्रवाह को बढ़ाने के उद्देश्य से द्विपक्षीय व्यापार पूरा होने की राह पर है। भारत अब 130 देशों को समुद्री खाद्य निर्यात करता है, जो 2014-15 में 105 देशों से अधिक है।